@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुरुवार, 28 अगस्त 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 288 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# बाढ़ से जम्मू मंडल में 104 ट्रेनों का संचालन प्रभावित



▶▶ मकान छोड़ने को मजबूर हुए परिवार

**एजेंसी**
**जम्मू-कश्मीर/नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के चक्की नदी में भारी कटाव और अचानक आई बाढ़ के कारण जम्मू मंडल में रेल यातायात अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इस वजह से 104 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि इस स्थिति के चलते कुल 44 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। इसके अलावा 16 ट्रेनों की शुरूआत को छोटे स्टेशनों से किया गया है और 28 ट्रेनों को गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही समाप्त करना पड़ा है। छह ट्रेनों का आंशिक रूप से संचालन बहाल कर दिया गया है, जबकि सात ट्रेनों का पूर्ण रूप से परिचालन बहाल हो गया है।

## मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं : पीएम मोदी ने वैष्णो देवी भूस्खलन पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली/कटरा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी मंदिर रूट पर भूस्खलन के कारण मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही, पीएम मोदी ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन के कारण हुई जान-माल की हानि दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। मैं सभी की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना करता हूं।'

## खराब मौसम के कारण लेह एयरपोर्ट का रनवे बंद, एयर इंडिया की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बाढ़ आ गई है। लेह में खराब मौसम के कारण रनवे और कई टैक्सीवे पर कीचड़ जमा होने से उड़ानें निलंबित कर दी गई है। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयर इंडिया ने बुधवार को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण यात्रियों के लिए एक यात्रा सलाह जारी की है। एयरलाइंस ने कहा है कि खराब मौसम के कारण लेह एयरपोर्ट का रनवे फिलहाल बंद है, जिससे उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इसके फलस्वरूप 27 अगस्त को लेह आने-जाने वाली हमारी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

# पंजाब में पानी का कहर

## गांव-गांव तबाही का मंजर, घरों में छह फुट तक पानी, सामान बरबाद... जाएं तो कहां जाएं

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पंजाब में लगातार बरसात और बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने से हालात बिगड़ने लगे हैं। सड़कें बह जाने की वजह से कई गांवों का संपर्क कट चुका है। घरों को नुकसान पहुंचा है। लोग जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं। वहीं लोगों को जान माल की चिंता सता रही है। हजारों एकड़ भूमि, फसलें, नदियों के किनारे बसे गांव डूब चुके हैं।

गुरदासपुर के बुगना, गहलरी, नौशहरा, बाऊपुर, मंसूरा आदि गांवों में घरों में छह-छह फुट तक पानी भर गया है। लोग घरों की छतों पर फंसे हैं।

**सेना, एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा**

बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जिलों में पठानकोट, होशियारपुर, गुरदासपुर, कपूरथला, तरनतारन, फाजिल्का और फिरोजपुर शामिल हैं। तरनतारन और अमृतसर में भी हालात खराब होते जा रहे हैं। बीते 24 घंटे में पौंग बांध और रणजीत सागर बांध का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। हालात बेकाबू होते देख पंजाब



पुलिस के साथ सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का भी सहारा लिया गया है।

# गृहमंत्री ने 'ऑपरेशन महादेव' के वीर जवानों को किया समानित

## ऑपरेशन सिंदूर से जनता के मन में संतोष उत्पन्न हुआ था, जबकि ऑपरेशन महादेव ने उस संतोष को आत्मविश्वास में बदल दिया है : शाह

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उन जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने हाल ही में सफलतापूर्वक 'ऑपरेशन महादेव' को अंजाम देते हुए पहलगाम हमले के आतंकियों का सफाया किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश की जनता की ओर से सुरक्षा बलों को यह सम्मान दिया जा रहा है, जिन्होंने देशवासियों के मन में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत किया है। जिस समय कश्मीर में पर्यटन अपने चरम पर था, उसी दौरान आतंकियों ने पहलगाम हमले के जरिये 'कश्मीर मिशन' को पटरी से उतारने की असफल कोशिश की,



लेकिन हमारे जवानों ने दुश्मन के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। गृहमंत्री ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से जनता के मन में संतोष उत्पन्न हुआ था, जबकि ऑपरेशन महादेव ने उस संतोष को आत्मविश्वास में बदल दिया है। दोनों अभियानों ने आतंक के आकाओं को यह सख्त संदेश दिया है कि भारत के नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ करने का अंजाम कितना भयावह हो सकता है।

उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी ने यह सिद्ध कर दिया है कि ऑपरेशन महादेव में मारे गए वही आतंकी थे, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोषों पर क्रूरता ढाई थी। शाह ने कहा कि भारत की सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि आतंकवादी चाहे कितनी भी रणनीति बदल लें, भारत को आहत कर बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में अब जम्मू-कश्मीर पुलिस भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# समाज को एकजुट रखने का संदेश देता है गणेशोत्सव पर्व: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका
**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 27 अगस्त। राजधानी में गणेशोत्सव की धूम शुरू हो गई है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल कई मंदिरों व स्थलों पर पहुंचकर विघ्नहर्ता भगवान गणपति बप्पा के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने भगवान सिद्धिविनायक से प्रार्थना की कि वह दिल्ली सहित सभी देशवासियों को सुख, समृद्धि और आरोग्यता का आशीर्वाद प्रदान करें। मुख्यमंत्री कल सुबह कनॉट प्लेस स्थित श्री गणेश मंदिर पहुंची। इसके बाद उन्होंने नॉर्थ एवेन्यू व तीन मूर्ति में भी आयोजित गणेशोत्सव कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कि मेरी ओर से सभी देशवासियों और दिल्लीवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। मैंने गणपति बप्पा से प्रार्थना की है कि हमारे देश और दिल्ली के सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न हों, राजधानी निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़े और विकास की इस यात्रा में किसी भी प्रकार का विघ्न न आए। उन्होंने आगे कहा कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नई शुरुआत और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे अवसर समाज को एकजुट करने और सबको समान रूप से विकास की राह पर प्रभु गणेश जी का नाम स्मरण मात्र से विघ्न दूर होते हैं और नई राह खुलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य, ज्ञान और परिश्रम



आगे ले जाने का संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने गणपति बप्पा से यह भी प्रार्थना की कि दिल्लीवासियों पर उनकी कृपा यूं ही बनी रहे और राजधानी को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रगतिशील बनाने की दिशा में मिलकर कदम आगे बढ़ाए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। आज जब देश और समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में गणेश चतुर्थी हमें यह संदेश देती है कि एकजुट होकर और आपसी सहयोग के साथ हम हर बाधा को अवसर में बदल सकते हैं।

# पहले नौकरियों में होती थी बंदरबांट, योग्य युवा होते थे भेदभाव के शिकार : योगी

▶▶ यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया।

**एजेंसी**
**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि बेईमान राजनीतिक दलों ने इसे बीमारू राज्य बना दिया था।

भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, और योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। उन्होंने कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14 प्रतिशत से अधिक था। लेकिन, 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद यह और तेज हो गई। 2017 तक यूपी का योगदान 8 प्रतिशत से भी कम हो गया। सीएम योगी बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि



महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया।

उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया।

## ओडिशा में महिला कर उपायुक्त रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**एजेंसी**
**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में तैनात जीएसटी उपायुक्त सरिता बारिक को एक बेकरी मालिक से टैक्स मामलों से संबंधित जुर्माने और छूट के बदले 25 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सतर्कता निदेशालय के अनुसार, सर्किल चार में तैनात प्रथम श्रेणी की अधिकारी सुश्री बारिक को कल यहां के मधुसूदन नगर में अपनी कार के अंदर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उनके कब्जे से पूरी रकम बरामद कर ली गयी है। इस मामले में एक बेकरी चलाने वाले शिकायतकर्ता को नोटिस मिला था जिसमें वित्त वर्ष 2020-21 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) संबंधित करीब सवा दो लाख रुपये के भुगतान के साथ-साथ जुर्माना और दंड भरने को कहा गया था। जब उन्होंने राहत की गुहार लगाई, तो सुश्री बारिक ने कथित तौर इस काम के लिए 25,000 रुपये की रिश्वत मांगी। बेकरी मालिक ने सतर्कता अधिकारियों से संपर्क किया तो अधिकारियों ने जाल बिछा कर सुश्री बारीक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गिरफ्तारी के बाद, सतर्कता टीमों ने बारिक से जुड़ी तीन जगहों की एक साथ तलाशी ली। भुवनेश्वर स्थित उनके किराए के घर से 1.45 लाख रुपये नकद, 222 ग्राम सोना, गहनों के बिल, भुवनेश्वर में संपत्ति खरीद से संबंधित दस्तावेज और बैंक में जमा लगभग 60 लाख रुपये की राशि का पता चला।

# गुजरात मॉडल आर्थिक मॉडल नहीं, वोट चोरी करने का मॉडल : राहुल गांधी

▶▶ चुनाव आयोग ने लाखो-करोड़ों वोट जोड़े।

**एजेंसी**
**मुजफ्फरपुर।** कथित वोट चोरी के विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार महागठबंधन द्वारा निकाली गई 'वोटर अधिकार यात्रा' को मुजफ्फरपुर चुकी है ।

राहुल गांधी ने यहां जारंग हाई स्कूल मैदान में एक सभा को संबोधित किया। कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, '... 2014 से पहले ये(वोट चोरी) गुजरात में शुरू हुआ... गुजरात मॉडल आर्थिक मॉडल नहीं है, गुजरात मॉडल वोट चोरी करने का मॉडल है, जिसे ये लोग 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाए... हम कुछ कहते नहीं थे क्योंकि हमारे पास कोई सबूत नहीं था लेकिन महाराष्ट्र में हमें सबूत मिल गया... लोकसभा में हमारा गठबंधन जीतता है लेकिन 4 महीने बाद विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन जमीन पर दिखता ही नहीं है... चुनाव आयोग ने लाखो-करोड़ों वोट जोड़े। वो सारे के सारे मत भाजपा के खाते में जाते हैं और उन मतों से भाजपा चुनाव जीतती है। राहुल गांधी ने कहा, 'कुछ समय पहले अमित शाह ने कहा कि भाजपा 40-50 साल राज करेगी। राजनीति में कल क्या होगा किसी को नहीं पता लेकिन अमित शाह को 40 साल की



राजनीति मालूम है। कैसे वोट चोरी करके।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन मुजफ्फरपुर में कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य के साथ 'मतदाता अधिकार रैली' में शामिल हुए।

# विकसित भारत का सपना शिक्षकों की तपस्या: आशीष सूद

कौमी पत्रिका
**संजय कुमार**

नई दिल्ली, 27 अगस्त। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कल बाल भारती स्कूल, पूसा रोड की चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम में पद्मश्री आनंद कुमार (स्ह्वश्चद्गह्म् 30) के साथ साथ स्कूल की कार्यकारिणी प्रिंसिपल और बच्चे भी उपस्थिति थे। पद्मश्री आनंद कुमार को मंत्री महोदय ने विशेष प्रेरणादायी बताया और कहा कि उनका जीवन कार्य शिक्षकों के योगदान का जीवंत उदाहरण है। सूद ने कहा कि विकसित भारत का सपना शिक्षकों की तपस्या, मेहनत और मार्गदर्शन के बिना पूरा नहीं हो सकता। समय के साथ शिक्षकों की चुनौतियाँ भी बदली हैं । ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड से लेकर कंप्यूटर और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक से शिक्षा के क्षेत्र में काफी सुधार आया है। आज हम॰ ढ्ढ बेस्ड शिक्षा की बात कर रहे है। लेकिन शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों की मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक योग्यता को बढाना ही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार निजी और सरकारी दोनों स्कूलों को अपना मानती है। निजी स्कूलों के साथ कोई टकराव या मतभेद नहीं है, परंतु सरकार के लिए मध्यवर्गीय



अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिए फीस विनियमन कानून लागू करना आवश्यक था। जिसको सरकार ने लागू भी किया है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी से हम मुँह नहीं मो? सकते बल्कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर हम देश और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं । कृत्रिम बोद्धिकता के बारे में मंत्री महोदय ने कहा की॰ढ्ढ का सफल प्रयोग ही एक सफल समाज की कुंजी है। यदि कृत्रिम बौद्धिकता का हम सही मायने में प्रयोग करेंगे तो वह हमारे दिन प्रतिदिन के जीवन को और अधिक विकसित बना देगा। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन सालों में दिल्ली के सरकारी स्कूल निजी स्कूलों को चुनौती देने वाले बन जाएंगे । सरकार कई स्तरों पर प्रयास कर रही है की कैसे सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाया जाए। श्री सूद ने यह भी कहा कि सरकारी स्कूलों से पढ़कर भी लोग कई ऊंचे ऊंचे पदों पर पहुंचे हैं क्योंकि पहले सरकारी स्कूलों की पढ़ाई अच्छी हुआ करती थी, शिक्षक अच्छे हुआ करते थे लेकिन पिछले 27 सालों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का जो स्तर गिरा है वह दिल्ली के छात्रों को कई वर्ष पीछे ले गया है। सूद ने कहा की वर्तमान में दिल्ली के लगभग 18 लाख विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में और उतने ही निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। हमारा लक्ष्य है कि चाहे बच्चा किसी भी स्कूल में पढ़े, उसे विश्वस्तरीय शिक्षा और समान अवसर मिले।

## वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्री के लगेज में कारतूस मिला : सीआईएसएफ ने हिरासत में लिया

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री के बैग में कारतूस मिला। यात्री का लगेज जांच के दौरान कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद सीआईएसएफ ने यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। जौनपुर के बरेठी का रहने वाला दीपेंद्र शर्मा इंडिगो की फ्लाइट से वाराणसी से कोलकाता जा रहा था। 11 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचा था, जहां पर उसने चेक-इन के लिए प्रवेश किया और अपना लगेज इंडिगो काउंटर पर जमा कर दिया। सामान जब स्कैनर से होकर गुजारा, तब वॉर्निंग अलार्म बजने लगा। आनन-फानन में बैग को खोलकर देखने पर उसमें एक प्रतिबंधित असलहे का कारतूस बरामद हुआ। इसके कब्जे में लेकर सीआईएसएफ ने दीपेंद्र को भी हिरासत में लिया। वाराणसी से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान भी निर्धारित समय से विलंबित हो गया। हालांकि जिस यात्री के पास से कारतूस बरामद हुआ उससे अभी तक पूछताछ की जा रही है। फिलहाल सीआईएसएफ ने यात्री को फूलपुर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं परिजन भी थाने पहुंचे हैं।

## भारी बारिश के चलते कई निचले इलाके जलमग्न, 5000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के चलते कई निचले इलाके जलमग्न हुए हैं। बाढ़ की स्थिति को देखकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत कर राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा की। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन क्षेत्रों में पानी कम हो रहा है, वहां बिजली, संचार और पेयजल आपूर्ति को बहाल किया जाए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिन्हा ने पोस्ट कर लिखा, 5000 से ज्यादा लोगों को निचले बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें संभागीय आयुक्त कार्यालय के साथ मिलकर काम कर रही हैं। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि प्रभावित लोगों को पर्याप्त राहत सामग्री और हर संभव सहायता दी जा रही है। इसके पहले, कटरा में हुए भूस्खलन पर सिन्हा ने दुख जताया। उन्होंने बताया कि कई मृतकों की पहचान हो गई है और उनके शव घर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## वैष्णोदेवी यात्रा स्थगित, भूस्खलन में 30 श्रद्धालुओं की मौत, महाराष्ट्र के 27 श्रद्धालु लापता

जलगांव (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, बाढ़ और भारी नुकसान हुआ है। दरअसल कटरा स्थित वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते में मंगलवार को भीषण भूस्खलन हुआ। इस हादसे में 30 तीर्थयात्रियों की मौत होने की खबर है। स्थिति को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने अगले आदेश तक यात्रा स्थगित कर दी है। रेल यातायात भी पूरी तरह से बाधित हो गया है और जम्मू व कटरा से चलने वाली 22 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। जबकि 27 ट्रेनों को रास्ते में ही रोक दिया गया है। इससे हजारों यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच बताया ये जा रहा है कि महाराष्ट्र के जलगांव जिले के मुक्ताईनगर तालुका से 27 पर्यटक वैष्णोदेवी दर्शन के लिए गए हैं और मंगलवार दोपहर से उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। हालाँकि, प्रशासन की ओर से अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## मुंबई की सबसे बड़ी प्रॉपर्टी डील, वर्ली में एक फ्लैट 131.74 करोड़ रुपये में बिका

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के लग्जरी रियल एस्टेट मार्केट में एक और बड़ी डील हुई है। खबर है कि वर्ली में एक फ्लैट 131.74 करोड़ रुपये में बिका है। इसे मुंबई का सबसे बड़ा प्रॉपर्टी सौदा माना जा रहा है। इस फ्लैट के लेन-देन के लिए बड़ी मात्रा में स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया गया है। बताया जा रहा है कि आनंद राठी वेल्थ के सह-संस्थापक और उपाध्यक्ष प्रदीप नवरत्न गुप्ता ने वर्ली में एक शानदार फ्लैट खरीदा है। उन्होंने वर्ली में समुद्र के किनारे स्थित इस फ्लैट को 131.74 करोड़ रुपये में खरीदा है। रियल एस्टेट एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स के अनुसार, यह सौदा 20 अगस्त, 2025 को पंजीकृत किया गया था। यह संपत्ति वर्ली में लोढ़ा सी फेस के विंग ए में स्थित है। यह फ्लैट 10,538 वर्ग फीट का है और अपार्टमेंट की कीमत लगभग 1,25,018 रुपये प्रति वर्ग फुट है, जो मुंबई में लक्जरी हाउसिंग सेगमेंट में इसकी प्रीमियम स्थिति को दर्शाती है। सौदे में विक्रेता लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड है, जो देश के अग्रणी लक्जरी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। विशेषज्ञों का कहना है कि रियल एस्टेट में महंगे सौदों का चलन भारत में तेजी से बढ़ती संपत्ति और दक्षिण और मध्य मुंबई में समुद्र के सामने लक्जरी घरों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। सीआरई मैट्रिक्स के अनुसार, इस तरह के सौदे राज्य के स्टांप शुल्क संग्रह में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जिसमें लक्जरी आवास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## सिकटा बॉर्डर पर 62.22 किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, कीमत 6 करोड़ से ज्यादा

बेतिया (एजेंसी)। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों ने मंगलवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की। दरअसल सिकटा बॉर्डर के पास सोनराटोला गांव (पिलर नंबर 410/01) से एसएसबी और बलथर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को 62.22 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त चरस की कीमत करीब 6 करोड़, 26 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बेतिया के लालगढ़ निवासी सोनू कुमार और मनोज चौधरी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 16,500 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। दोनों बाइक से चरस की खेप लेकर आ रहे थे और नेपाल बॉर्डर के रास्ते इसे अंतरराष्ट्रीय तस्करों तक पहुंचाने की योजना थी।

# फिजी के पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- कुछ लोग आपसे खुश नहीं हैं?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में फिजी के प्रधानमंत्री सितवेनी लिगामामादा राबुका भारत की यात्रा पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें बात अमेरिकी टैरिफ की भी निकली। तभी पीएम राबुका ने पीएम मोदी से कहा कि कुछ लोग आपसे खुश नहीं हैं, शायद यही कारण है कि उन्होंने 50 प्रतिशत का टैरिफ भारत पर लगा दिया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इससे आपको कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि दुनिया में आपका व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि आप असहज स्थितियों को भी आसानी से सहज बना सकते हैं। आईसीडब्ल्यूए व्याख्यान के बाद, एक श्रोता ने उनसे विभिन्न देशों के नेताओं के साथ उनकी द्विपक्षीय बातचीत और शांति का महासागर के दृष्टिकोण के बारे में उनसे क्या कहा गया, इसके बारे में पूछा। राबुका ने कहा, मेरी अमेरिका के राष्ट्रपति से कोई व्यक्तिगत बातचीत नहीं हुई है। मैंने रूस के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध किया है। मेरी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई है...। उन्होंने कहा, कल जब हमने बातचीत की, तो प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी भावनाओं और अवधारणा को दोहराया। राबुका ने बिना विस्तार से बताए कहा, अब, जो कुछ हो रहा है, उसका असर अमेरिका के साथ आपके रिश्तों पर पड़ रहा है। शुल्कों की हालिया घोषणाएं...मैंने उनसे (प्रधानमंत्री मोदी से) कहा कि कुछ लोग आपसे बहुत खुश नहीं हैं, लेकिन आपका व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि आप उन असहज स्थितियों को झेल सकते हैं। राबुका ने यहां सप्रू हाउस में भारतीय वैश्विक परिषद (आईसीडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित शांति का महासागर विषय पर व्याख्यान देने के बाद श्रोताओं के साथ बातचीत में मोदी के साथ अपनी वार्ता का ब्यौरा साझा किया। फिजी के प्रधानमंत्री रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे, जिसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ फिजी के संबंधों को मजबूत करना है।भारत और फिजी ने रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की और शांतिपूर्ण एवं समावेशी हिंद-प्रशांत के लिए संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और राबुका ने समग्र द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए वार्ता की।

## प्रयागराज में गंगा और यमुना बीते दो माह में चौथी बार उफान पर, 10 हजार घरों में बाढ़ का पानी भरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के पहुंची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 20 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। देर रात ईडी की टीम जब बाहर निकली तो सौरभ भारद्वाज ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि चोरों के यहां भी छापेमारी की जाएगी और ईमानदारों के यहां भी, तो कोई क्यों ईमानदार रहेगा। दिल्ली में पार्टी के संयोजक भारद्वाज ने कहा, मेरा मन बहुत दुखी था। बेटी का चेहरा देख रहा था सोच रहा था कि बेटी स्कूल जाएगी तो बच्चे मजाक उड़ाएंगे। लेकिन जब से आप लोगों के नारे सुने मुझे लगा कि मेरी जिंदगी सफल हो गई। अब कोई दिक्कत नहीं।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों से तीन बार कहा कि उन्हें गिरफ्तार करना है तो कर लिया जाए। उन्होंने कहा, मैं तो लिखवा के आया हूं दो साल अंदर रहूंगा। मैंने तीन बार उन्हें ऑफर दिया। तुम्हारे कहने से काम नहीं करूंगा, अरविंद केजरीवाल के चेले हैं। उन्होंने ईडी के खिलाफ कुछ बड़े खुलासे करने की बात कही। सौरभ भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कहा कि ईडी सब पर चोर का स्टैंप लगा रही है। उन्होंने कहा, जब सुबह छापा पड़ा तो मैंने ईडी वालों से कहा कि यार एक बात बताओ यदि तुम चोरों के यहां भी छापा मारोगे और ईमादारों के यहां भी छापा मारोगे तो कोई ईमानदार क्यों रहेगा। फिर तो हर आदमी कहेगा कि हम भी लूट लें। जब तुमको सबको चोर का ही स्टैंप लगाना है। तुम तो देश से ईमानदारी खत्म कर रहे हो। तुम तो किसी आदमी को किसी नेता को ईमानदार रहने का कोई क्रेडिट नहीं दे रहे। ईडी ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान अस्पतालों के निर्माण में कथित घोटाले को लेकर पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज और कुछ अन्य निजी कंपनियों के परिसरों में छापेमारी की। भारद्वाज के खिलाफ ईडी की जांच जून में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से सामने आई है।

## नालंदा में मंत्री और विधायक को गुस्साए ग्रामीणों ने दौड़ाया, बॉडीगार्ड सहित कई घायल



**पटना (एजेंसी)।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावां गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मातमपुर्सी के लिए पहुंचे स्थानीय विधायक और बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार पर गुस्साए ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना में मंत्री के बॉडीगार्ड सहित कई लोग घायल हो गए। किसी का सिर फट गया तो कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। हालात बिगड़ने पर पुलिस बल की भारी तैनाती करनी पड़ी और गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार, तीन दिन पहले हुए सड़क हादसे में गांव के नौ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के पीड़ित परिवारजनों से मिलने के लिए मंगलवार को मंत्री और विधायक गांव पहुंचे थे। नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और लौटने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने उनसे कुछ देर और रुकने की अपील की, लेकिन मंत्री ने आगे का कार्यक्रम होने का हवाला दिया। इस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गुस्से से बेकाबू भीड़ ने पहले एक स्थानीय पत्रकार और विधायक को घेर लिया। देखते ही देखते लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। स्थिति ऐसी बन गई कि मंत्री और विधायक को अपनी जान बचाने के लिए करीब एक किलोमीटर तक भागना पड़ा। इसी दौरान उनके सुरक्षाकर्मी और समर्थक भीड़ का शिकार हो गए और कई लोग घायल हो गए।

ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के दिन विधायक के कहने पर उन्होंने सड़क जाम हटाया था, लेकिन अब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला। इसी नाराजगी ने उग्र रूप ले लिया और नेताओं पर हमला कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन हरकत में आया। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने की कोशिश की। फिलहाल क्षेत्र में तनाव बरकरार है और पुलिस सतर्कता बनाए हुए है।

# ट्रंप के टैरिफ वार से निपटने के लिए बाबा रामदेव ने बताया तरीका... स्वदेशी का पूरा इस्तेमाल होना चाहिए


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ बुधवार से लागू कर दिया है, जिसका मतलब है कि भारत का निर्यात बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपोर्ट में करीब 70 फीसदी की गिरावट आ सकती है। साथ ही 60.2 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित भी हो सकता है। इस बीच,पतंजलि आयुर्वेदा के को-फाउंडर स्वामी रामदेव ने ट्रंप टैरिफ को फेल करने का मंत्र बताया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस देश में जाते हैं, वहां व्यापार को प्राथामिकता देते हैं। जबकि पहले हम व्यापार को प्राथमिकता कम देते थे। बाबा ने डोनाल्ड ट्रंप को खरी-खरी सुनाकर कहा, अबकी बार-ट्रंप सरकार जैसे नारे दिए। सभी भारतीयों ने साथ दिया, लेकिन बहुत गलत व्यक्ति निकला। सभी भारतीय में बहुत सामर्थ्य है। अगर आज हम सभी संकल्प लें कि स्वदेशी का इस्तेमाल करने वाले हैं, तब विदेशी कारोबारी भारत के सामने नतमस्तक हो जाएंगे।

टैरिफ पर बाबा रामदेव ने कहा कि भारत को खुलकर आना होगा और टैरिफ की क्षतिपूर्ति, अमेरिका से व्यापार कम करके और दूसरे देशों से व्यापार को बढ़ाना चाहिए, यह भारत के लिए आपदा में मौके की तरह है। भारत ऑटोमोबाइल से लेकर मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी के मामले में ग्लोबल लीडर क्यों नहीं बन सकता है? हम सभी लोगों को देशी प्रोडक्ट्स को प्रमोर्ट करना होगा और टैरिफ को मौके के तौर पर देखना चाहिए।

पहले चीन में भी बहुत बूरी स्थिति आई थी। वहां कंगाली आ चुकी थी, लेकिन अपने आर्थिक नीतियों में बदलाव के कारण वह बहुत आगे निकल चुका है। हमारे देश में भी बड़ी क्षमताएं हैं। हम भी चीन की तरह आगे बढ़ सकते हैं।

योग गुरु रामदेव ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ से डरने की बात नहीं है। समय के साथ सबकुछ ठीक होगा। अभी अपने सभी प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने की जरूरत है। स्वदेशी का पूरा इस्तेमाल होना चाहिए।



## हरियाणा विधानसभा में सीएम के शैतान कहने पर हंगामा...कांग्रेस विधायकों ने पूछा किसे कहा

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही जारी है। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने कहा, भिवानी की मनीषा के मौत के मामले में 50 से अधिक युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए नायाब सैनी सरकार को उन्हें रिहा करना चाहिए, ताकि उनका भविष्य खराब न हो। विधानसभा में प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने प्रदेश में बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाया। इस पर सीएम नायब सैनी ने बताया कि कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा हो चुकी है। इस पर कांग्रेस विधायकों ने खड़े होकर हंगामा शुरू कर दिया झज्जर से कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में शैतान किसे कहा? इस पर सीएम सैनी ने कहा कि इस शब्द को लेकर हाउस के अंदर ये हल्ला कर रहे हैं। कर्नल शैतान सिंह ने बॉर्डर पर खड़े होकर इस देश की रक्षा की। कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान ने कहा कि सीएम ये शब्द वापस लें या रिकॉर्ड से हटाया जाए। इस पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि चर्चा खत्म करते हैं। प्रश्नकाल में मुलाना से कांग्रेस विधायक पूजा ने अंबाला में जलभराव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नदियों की सफाई न होने के कारण हर साल समस्या आती है। बारिश का पानी घरों और खेतों में जा रहा है। इसका जवाब देकर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि इसतरह के हालात हरियाणा में पहली बार हुए हैं। सैनी सरकार इस पर काम कर रही है। मारकंडा नदी में पानी इस बार जल्दी आ गया, इस कारण काम रोकना पड़ा। सरकार ने जो काम शुरू किए हैं, वह पहली बार प्रदेश में किए जा रहे हैं।

# पहले संघ की प्रार्थना और अब मंदिर पर टिप्पणी कर फंसे उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पिछले कई दिनों से विवादों में हैं। उन्होंने राज्य विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रार्थना बोली और अपनों के निशाने पर आ गए। इस विवाद से छुटकारा मिलता इससे पहले उन्होंने मंदिर की संपत्ति को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि मंदिर की संपत्ति हिंदुओं का हक नहीं है। इस पर भाजपा हमलावर हो गई और डीके शिवकुमार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैसुरू स्थित चामुंडी हिल, जहां प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर स्थित है, केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं है। इस बयान पर विपक्षी दल भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



शिवकुमार ने यह बयान अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित बानू मुश्ताक को इस वर्ष 22 सितंबर को चामुंडी हिल की चोटी पर विश्व प्रसिद्ध मैसुरू दशहरा-2025 समारोह का उद्घाटन करने के लिए दिए गए सरकारी निमंत्रण के विरोध पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिया। शिवकुमार के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा, चामुंडी पहाड़ी पक्के तौर पर हिंदुओं की संपत्ति है, मुसलमानों की नहीं। मैसुरू के सांसद यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार ने भी शिवकुमार के बयान की निंदा की। हालांकि, मुश्ताक ने कहा है कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है और उनके पुराने भाषण के कुछ चुनिंदा हिस्सों को सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया है। भाजपा नेताओं और अन्य लोगों ने राज्य सरकार द्वारा मुश्ताक को दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने के फैसले पर आपत्ति जताई है। इससे पहले एक वीडियो सामने आया था जिसमें मुश्ताक ने कथित तौर पर कन्नड़ भाषा को 'देवी भुवनेश्वरी' के रूप में पूजने पर आपत्ति जताई थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र सहित पार्टी के कई नेताओं ने सोमवार को मुश्ताक से दशहरा का उद्घाटन करने की सहमति देने से पहले देवी चामुंडेश्वरी के प्रति उनकी श्रद्धा स्पष्ट करने को कहा था।

## जब सभी के यहां छापे पड़ेंगे तो कोई ईमानदार क्यों रहेगा: सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के पहुंची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 20 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। देर रात ईडी की टीम जब बाहर निकली तो सौरभ भारद्वाज ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि चोरों के यहां भी छापेमारी की जाएगी और ईमानदारों के यहां भी, तो कोई क्यों ईमानदार रहेगा। दिल्ली में पार्टी के संयोजक भारद्वाज ने कहा, मेरा मन बहुत दुखी था। बेटी का चेहरा देख रहा था सोच रहा था कि बेटी स्कूल जाएगी तो बच्चे मजाक उड़ाएंगे। लेकिन जब से आप लोगों के नारे सुने मुझे लगा कि मेरी जिंदगी सफल हो गई। अब कोई दिक्कत नहीं।




सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों से तीन बार कहा कि उन्हें गिरफ्तार करना है तो कर लिया जाए। उन्होंने कहा, मैं तो लिखवा के आया हूं दो साल अंदर रहूंगा। मैंने तीन बार उन्हें ऑफर दिया। तुम्हारे कहने से काम नहीं करूंगा, अरविंद केजरीवाल के चेले हैं। उन्होंने ईडी के खिलाफ कुछ बड़े खुलासे करने की बात कही। सौरभ भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कहा कि ईडी सब पर चोर का स्टैंप लगा रही है। उन्होंने कहा, जब सुबह छापा पड़ा तो मैंने ईडी वालों से कहा कि यार एक बात बताओ यदि तुम चोरों के यहां भी छापा मारोगे और ईमादारों के यहां भी छापा मारोगे तो कोई ईमानदार क्यों रहेगा। फिर तो हर आदमी कहेगा कि हम भी लूट लें। जब तुमको सबको चोर का ही स्टैंप लगाना है। तुम तो देश से ईमानदारी खत्म कर रहे हो। तुम तो किसी आदमी को किसी नेता को ईमानदार रहने का कोई क्रेडिट नहीं दे रहे। ईडी ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान अस्पतालों के निर्माण में कथित घोटाले को लेकर पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज और कुछ अन्य निजी कंपनियों के परिसरों में छापेमारी की। भारद्वाज के खिलाफ ईडी की जांच जून में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से सामने आई है।

# ऑनलाइन गेमिंग बैन से रोजगार पर संकट के बादल छाए, लाखों कर्मचारी बेरोजगार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के हालिया फैसले में रियल मनी ऑनलाइन गेमिंग पर लगाए गए प्रतिबंध का सबसे बड़ा असर उन लाखों कर्मचारियों पर पड़ा है जो इस सेक्टर से जुड़े थे। अचानक लागू हुए इस बैन के कारण ड्रीम-11, एमपीएल, जूपी, पेटीएम फर्स्ट गेम्स, गेम्स24इन-टू7, जंगली गेम्स और अड्डा-52 जैसी प्रमुख कंपनियों को अपने ऑपरेशंस बंद करने पड़े। इस कारण हजारों प्रोफेशनल्स की नौकरी चली गई और पूरे सेक्टर का भविष्य अधर में लटक गया।

दिल्ली-एनसीआर स्थित दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें अचानक यह ऐलान सुनना पड़ा कि अब कंपनी के लिए कोई काम नहीं बचा है और नए अवसर तलाशने होंगे। नौकरी गंवाने वाले कर्मचारियों में गेम डेवलपमेंट, प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट, कस्टमर सपोर्ट, मार्केटिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हैं। इनमें से कई लोगों के पास घर और कार के लोन हैं, बच्चों की फीस और बुजुर्ग माता-पिता की जिम्मेदारी है। ऐसे में नौकरी का जाना उनके लिए दोहरी चुनौती लेकर आया है।

इंडस्ट्री एसोसिएशन का अनुमान है कि इस प्रतिबंध से पहले भारत का रियल-मनी गेमिंग सेक्टर 30,000 करोड़ रुपये का था और इसमें दो लाख से अधिक लोगों को सीधा रोजगार मिला हुआ था। यदि आउटसोर्स कर्मचारियों को भी शामिल किया जाए तो यह संख्या तीन लाख तक पहुंचती है। यही नहीं, इस सेक्टर से विज्ञापन, कंटेंट क्रिएशन और टैक्स रेवेन्यू के जरिए सरकार को भी हजारों करोड़ रुपये की आय हो रही थी। अब यह सब अचानक रुक गया है।

सरकार का कहना है कि यह कदम सामाजिक हित में उठाया गया है क्योंकि ऑनलाइन मनी गेम्स ने परिवारों को बर्बाद किया, युवाओं को लत लगाई और कई बार आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या जैसी घटनाएं हुईं। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देशभर में करीब 45 करोड़ लोग इससे नकारात्मक रूप से प्रभावित हुए और उन्हें 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

हालांकि, उद्योग जगत का कहना है कि बिना किसी ठोस विकल्प या ट्रांजिशन प्लान के लगाए गए इस प्रतिबंध ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कर्मचारियों को डर है कि बेरोजगारी का यह संकट लंबे समय तक उनके करियर पर असर डालेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार इस सेक्टर के लिए स्पष्ट नीतियां और नियमन बनाती तो न केवल उपभोक्ताओं की सुरक्षा होती बल्कि लाखों रोजगार भी सुरक्षित रहते।



## बाघिन अदिति का एक और शावक मरा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में 18 साल बाद आई खुशी मातम में बदल गई है। सात वर्षीय रायल बंगाल बाघिन अदिति का एक शावक फिर से मर गया। वहीं, एक शावक का अभी इलाज चल रहा है। अदिति ने चार अगस्त को छह शावकों को जन्म दिया था। अब तक उसके कुल पांच शावक मर चुके हैं। चार पहले ही मर गए थे। लगातार मर रहे शावकों से चिड़ियाघर प्रबंधन की संरक्षण योजना पर सवाल खड़े हो गए। चिड़ियाघर प्रबंधन के मुताबिक, जन्म के कुछ दिन बाद ही शावकों ने दूध पीना बंद कर दिया और उनमें संक्रमण के लक्षण दिखने लगे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन विशेषज्ञों की तमाम कोशिशों के बावजूद एक-एक कर पांच शावकों की मौत हो गई। फिलहाल केवल एक शावक ही जीवित और सामान्य बताया जा रहा है। चिड़ियाघर निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि 19 और 20 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराए गए शावकों में से एक ने रविवार दोपहर को इलाज के दौरान दम तोड़ा। 15 अगस्त को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया शावक स्वस्थ है। एक तरफ केंद्र सरकार जहां बाघों के संरक्षण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) जैसी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। वहीं, राजधानी के चिड़ियाघर में इस तरह की घटना बाघ संरक्षण के प्रयासों पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।

## संसद भवन के गज द्वार पर खड़ा पेड़ सुरक्षा में बना बाधा

नई दिल्ली। नये संसद भवन के छह द्वारों में से एक गज द्वार पर खड़े एक अकेले पेड़ को एसपीजी द्वारा सुरक्षा बाधा के रूप में चिन्हित किया गया है और जल्द ही इसे परिसर के भीतर ही स्थानांतरित किया जाएगा। एसपीजी ने पूर्ण विकसित तबेबुइया अर्जेन्टिया वृक्ष को वीवीआईपी मार्ग में संभावित बाधा के रूप में चिह्नित किया था। संख्या 01 वाले इस पेड़ को प्रत्यारोपित करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। एक अधिकारी ने बताया कि पेड़ को अगले सप्ताह स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा एसपीजी की सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए किए गए अनुरोध के बाद, दिल्ली वन विभाग द्वारा कड़ी शर्तों के अधीन अनुमति दिए जाने के साथ, संख्या 01 वाले इस पेड़ के स्थानांतरित की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। चुना गया स्थान प्रेरणा स्थल है, जहां राष्ट्रीय प्रतीकों और स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियाँ स्थापित हैं, जो पहले परिसर में विभिन्न स्थानों पर थीं। करीब सात वर्ष पुराना यह वृक्ष तेजी से बढ़ता है। इसे कम देखभाल की आवश्यकता होती है और यह पूर्ण सूर्यप्रकाश व अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में पनपता है। यही कारण है कि इसे आमतौर पर बगीचों, सड़कों के किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर देखा जाता है।

## लाईसेंसी पिस्तौल से चली गोली, पिता-पुत्र घायल

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व जिले के जैतपुर इलाके में देर रात घर में लाइसेंसी पिस्तौल से गोली चलने से पिता-पुत्र घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया है। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पहुंची जैतपुर थाना पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिले के पुलिस अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते रहे। पिता भाजपा नेता का ताऊ बताया जा रहा है। ये नेता पहले आम आदमी पार्टी में शामिल था। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार घायल दिनेश अपने परिवार के साथ जैतपुर में रहता है। दिनेश के परिवार में पत्नी और बेटा देव शामिल है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि देर रात 1.27 बजे मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस को पता चला कि घर का मालिक दिनेश देर रात अपने घर वापस लौटा था। वह अपनी लाईसेंसी पिस्तौल निकाल कर रख रहा था। इसी दौरान पिस्तौल उसके हाथ से छूट कर नीचे गिर गई। दिनेश से पिस्तौल उठाते समय अचानक से गोली चल गई। गोली दिनेश के हाथ को चीरते हुए दूर खड़े बेटे को लग गई।

# महंगाई एक्सप्रेस पर सवार मेट्रो, यात्रियों ने कोसा: कसा तंज, ऐसा लग रहा टिकट नहीं ईएमआई चुका रहे

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। मेट्रो का किराया देखकर लगा जैसे टिकट नहीं, लोन की ईएमआई भरनी है! सोमवार सुबह एक गुस्साए यात्री का यह तंज सोशल मीडिया पर छा गया। कई यात्रियों ने इसे सराहा और अधिकतर से इसे अपनी पोस्ट पर साझा किया। किराया बढ़ोत्तरी से नाराज दफ्तर जाने वाले कामकाजी लोगों और कॉलेज के छात्रों की नाराजगी साफ नजर आई। महंगाई की मार झेल रही जनता ने कहा कि अब मेट्रो में सफर करना भारी पड़ने वाला है। सोशल मीडिया पर जैसे ही खबर फैली, एक्स पर मीम्स और तानों की बाढ़ आ गई। किसी ने मजाक उड़ाते हुए लिखा मेट्रो कार्ड अब ब्लैक कार्ड जैसा हो गया है, जिसे जेब में रखने भर से रुतबा दिखे, तो एक और यूजर ने चुटकी ली कि किराया देखकर लगा कि अब तो मेट्रो से सफर करने पर पासपोर्ट भी लगवाना पड़ेगा। मेट्रो में किराया वृद्धि के फैसले के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे जनविरोधी और गरीब विरोधी कदम करार देते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार जनता की जरूरतों के बजाय हमेशा उसके खिलाफ फैसले ले रही है। देवेंद्र यादव ने बताया कि दिल्ली मेट्रो ने 25 अगस्त से किराये में एक से चार रुपये तक की वृद्धि का फैसला उन




गरीब और मध्यम वर्गीय यात्रियों पर सीधा बोझ डालेगा जो पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं। ब्यूरो कई यूजर ने मेट्रो प्रबंधन को कहा कि माह के अंतिम सोमवार की सुबह सबसे पहले किराया बढ़ने को लेकर बताया गया और फिर उसी दिन उसे लागू भी कर दिया गया है। कम से कम इसे लागू करने से एक सप्ताह पहले सूचना भी तो देनी चाहिए। एक्स पर एक यूजर ने कहा कि किराया तो बढ़ा दिया, पैसा भी खूब कमा रहे है लेकिन यात्री जानवरों की तरह यात्रा करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो में रोजाना यात्रियों की संख्या लाखों में है, लेकिन ट्रेन के डिब्बे अब तक सिर्फ चार कैसे, कैसे होगा जनता का उद्धार। एक छात्र ने लिखा क्लास की फीस अलग, मेट्रो का किराया अलग अब तो बंक मारना ही सबसे सस्ता ऑप्शन है। आम राय यही है कि पहले जहां मेट्रो गरीब और अमीर सबकी सवारी कही जाती थी, अब धीरे-धीरे यह सिर्फ अमीरों की सवारी बनती जाएगी। मेट्रो का किराया बढ़ाए जाने के फैसले पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार को घेरा है। आप के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव से पहले छात्रों को फ्री मेट्रो पास देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही न सिर्फ यह वादा भुला दिया गया, बल्कि 10 फीसदी किराया बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कदम छात्रों समेत लाखों दिल्लीवासियों पर आर्थिक बोझ डालने वाला है। भारद्वाज ने कहा कि चुनावी संकल्प पत्र में छात्रों को राहत देने का वादा सिर्फ वोट पाने के लिए था।

## खाटू श्याम दिल्ली धाम में सनातन सप्तऋषि अखाड़े की घोषणा

नई दिल्ली। खाटू श्याम दिल्ली धाम में ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण दर्ज हुआ। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने सनातन सप्तऋषि अखाड़े की औपचारिक घोषणा और उद्घाटन किया। सैकड़ों संतों, विद्वानों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। समारोह में महापंडित चंद्रमणि मिश्रा को आचार्य महामंडलेश्वर और घनश्याम गुप्ता जवेरी को अखाड़े का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शोभायात्रा और मंगल वचनों से पूरा वातावरण भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम में महंत राम रतन गिरि महाराज, ललितानंद गिरि महाराज, महस्वरूप महाराज, धर्मदेव महाराज, स्वामी कृष्ण नंद परमहंस (कालिदास महाराज) और डॉ. नरेश चंद शास्त्री सहित अनेक संत उपस्थित हुए। रवींद्र पुरी महाराज ने संतों का सम्मान करते हुए सप्तऋषि धाम की आधारशिला रखी। इसे आध्यात्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, यह धाम आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति से जोड़ेगा। संतों ने घनश्याम गुप्ता जवेरी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें वह सेतु बताया, जिन्होंने बंजर भूमि को भक्ति और सनातन धर्म का केंद्र बना दिया।

# पत्नी से बदला लेने के लिए बेटी का गला घोंटा, पिता दोषी करार

नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट ने पत्नी से बदला लेने के लिए सात वर्षीय मासूम बेटी की हत्या करने वाले पिता को दोषी करार दिया है। दिल दहला देने वाले मामले में आरोपी विराज राय को अपनी 7 साल की बेटी प्रियांशी की हत्या का दोषी करार दिया गया है। यह फैसला 19 अगस्त 2025 को एएसजे सौम्या चौहान ने सुनाया। आरोपी को अपनी पत्नी पर अवैध संबंध का शक था जिस कारण दोनों अलग रह रहे थे। बच्चे पिता के साथ ही रह रहे थे। आदेश में कहा गया कि आरोपी ने अपनी पत्नी से बदला लेने के लिए बेटी का गला तार से दबाकर हत्या की थी। 23 अप्रैल 2019 को मुंडका थाने में एफआईआर दर्ज की गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, विराज राय ने अपनी बेटी प्रियांशी (7 साल 10 महीने) को गला दबाकर मारने के बाद जानकी दास कपूर मेमोरियल अस्पताल ले गया। अस्पताल में डॉक्टर देविका कपूर के सामने आरोपी ने कबूल किया कि उसने पहले तार से गला दबाया फिर तकिया से मुंह दबाकर हत्या की। डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचित किया। पीड़िता की मां बरखा ने गवाही में बताया कि आरोपी के साथ वैवाहिक विवाद था। वह पत्नी की चरित्र पर शक करता था। 22 अप्रैल 2019 को जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर में दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का समझौता पत्र बनवाया, जिसमें बच्चे आरोपी के पास रहने लगे थे। अगले दिन सुबह बरखा ने फोन पर बेटी से बात की, लेकिन आरोपी ने कॉल काट दिया। बाद में आरोपी ने रोते हुए सॉरी कहा। फिर बेटे लक्ष्य (तब 6 साल) को घर की चाबी और फोन देकर मां के पास भेज दिया। बरखा अस्पताल पहुंची तो पता चला कि बेटी मर चुकी है और आरोपी पुलिस हिरासत में है। बरखा ने कहा कि आरोपी ने बदला लेने के लिए हत्या की और पुलिस वैन में जाते हुए वह हंसते हुए बाय-बाय कर रहा था। बेटे लक्ष्य ने मजिस्ट्रेट के सामने गवाही दी कि उसने पिता को बहन का गला दबाते देखा, लेकिन अदालत में वह मुकर गया। अभियोजन पक्ष ने उसे होस्टाइल घोषित किया। लक्ष्य ने कहा कि वह पिता से प्यार करता है और उसे जेल से बाहर चाहता है। अदालत ने डॉक्टर की गवाही, पीसीआर कॉल और मेडिकल सबूतों को विश्वसनीय माना।

# कुत्तों से दोस्ती भी करना चाहते हैं और डरते भी हैं दिल्ली के लोग

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय डॉग डे दुनिया भर में इंसान और कुत्ते के बीच के रिश्ते को सम्मान देने का दिन है। लेकिन दिल्ली में इस दिन की पूर्व संध्या पर कुत्तों के प्रति प्यार और संवेदनशीलता के साथ-साथ खतरे और चिंता की हकीकत भी सामने आई। आंकड़े बताते हैं कि राजधानी में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों की जिंदगी में डर का कारण बन रही है। एमसीडी के अनुमानों के अनुसार, राजधानी में करीब 10 लाख लावारिस कुत्ते मौजूद हैं। हर साल हजारों लोग इनके हमलों का शिकार होते हैं। गत वर्ष 2024-25 में ही करीब 50 हजार से ज्यादा लोग कुत्तों के काटने से अस्पतालों तक पहुंचे। विशेषज्ञ मानते हैं कि असली संख्या और भी अधिक हो सकती है क्योंकि ज्यादातर लोग सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं करवाते। उधर, एमसीडी ने कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के लिए 20 नसबंदी केंद्र बना रखे हैं। यहां पर गत दो वर्षों से प्रतिवर्ष एक लाख कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण करने का दावा किया जाता है। साथ ही, हाल ही में एमसीडी ने इस दिशा में एक उप समिति बनाई है और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी से सुझाव भी मांगे हैं। हालांकि हकीकत यह है कि कुत्तों की तादाद पर अंकुश लग नहीं पा रहा। नसबंदी केंद्रों में संसाधनों और स्टाफ की भारी कमी है। यही वजह है कि हर साल बड़ी संख्या में पिल्ले सड़कों पर आ जाते हैं और स्थिति जस की तस बनी रहती है। राजधानी के कई इलाकों में लावारिस कुत्ते झुंड में सड़क, गली और पार्कों में घूमते रहते हैं। आए दिन बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों पर इन कुत्तों के हमले की खबरें आती रहती हैं। रैबीज जैसी खतरनाक बीमारी के मामले भी सामने आते हैं। लोगों का कहना है कि जहां पालतू कुत्तों पर कड़े नियम लागू किए जाते हैं, वहीं लावारिश कुत्तों को लेकर एमसीडी और प्रशासन की लापरवाही चिंता बढ़ा रही है। इसके बावजूद, एनजीओ और समाजसेवी संस्थाएं कुत्तों को लेकर जागरूकता बढ़ाने में लगी हैं।

# सरकारी जमीन पर DTC का कब्जा: एनजीटी ने मांगा स्पष्ट जवाब

नई दिल्ली। नजफगढ़ में जल निकाय की भूमि पर अतिक्रमण कर डीटीसी की ओर से बहुमंजिला बस अड्डा बनाने का आरोप लगाने वाले आवेदन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने डीडीए को स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने उक्त आदेश तब दिया जब एक हलफनामा में कहा कि यह सारी जमीन ग्राम सभा की जोहड़ है। वहीं, डीटीसी ने दावा किया कि डीडीए ने 1998 में यह जमीन उन्हें बस अड्डा बनाने के लिए दी थी। डीडीए ने भी कहा कि जमीन 1963 में अर्बनाइज घोषित हुई थी और 1974 में डीडीए को सौंपी गई थी। 1981 में यह जमीन डीडीए के उद्यान विभाग को दे दी थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने डीडीए की ओर से दायर हलफनामे का हवाला दिया। अदालत ने कहा कि डीडीए के अनुसार, 31 मई 2016 को यह जोहड़ (1.36 एकड़) और आसपास के कई छोटे पार्क दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को सौंप दिए गए थे। ऐसे में इस जलाशय की देखरेख व संरक्षण की जिम्मेदारी उसकी है। वहीं, जिलाधिकारी ने अपने हलफनामों में फिर दोहराया कि ये खसरा नंबर वास्तव में जोहड़ हैं। इससे पहले भी उत्तर-पश्चिम जिलाधिकारी ने खुद डीटीसी की ओर से जल निकाय की भूमि पर अतिक्रमण कर बस टर्मिनल बनाने की पुष्टि की थी। पिछली सुनवाई पर एनजीटी ने डीटीसी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। जिलाधिकारी ने अदालत को बताया था कि डीटीसी ने निर्माण गतिविधि के लिए वन विभाग से किसी भी औपचारिक भू- उपयोग में परिवर्तन (सीएलयू) या एनओसी नहीं ली है। संबंधित भूमि नमभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम 2017 के अनुसार पहचान की गई नमभूमि के दायरे में आती है और यह ग्रामसभा की जमीन है। वहीं, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपने जवाब में कहा कि जल निकाय 31 मई, 2016 को तत्कालीन दक्षिण दिल्ली नगर निगम (अब एमसीडी) को सौंप दिया गया था। डीटीसी का पक्ष ़ अदालत में हलफनामा दाखिल कर डीटीसी ने कहा था कि संबंधित जल निकाय या तो डीडीए या फिर एमसीडी के स्वामित्व में है। हालांकि, नजफगढ़ बस टर्मिनल किसी भी अधिसूचित जल निकाय पर नहीं है। नजफगढ़ बस टर्मिनल के सबसे नजदीकी जल निकाय टर्मिनल के पीछे है और एमसीडी के स्वामित्व में है।


**NAME CHANGE**
I, GULCHARAN SINGH S/O HARBANS SINGH resident of G-1409, C R PARK, CHITTRANJAN PARK, DELHI-110019 . have changed my name to GULL CHARAN SINGH for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Babu Khan S/o Rannu Khan R/o Baripura, Budaun, Pepal Uttar Pradesh-243725 have changed the name of my minor son namely Adnan Khan aged 15 years and he shall hereafter be known as Sameer Khan.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, VARUN GUPTA son of RAMESH KUMAR GUPTA, resident of K.H-124, New Kavi Nagar, Near Milan Banquet Hall,Ghaziabad-201002, declare that name of mine and my minor son's has been wrongly written as VARUN SINGHAL and DARSHH SINGHAL age 12 years in his birth certificate No.6432. The actual name of mine and my minor son's are VARUN GUPTA and DARSHH GUPTA which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**
I, GULAB RATHOR Father of JC-382422N Rank-SUB Name-PRAKASH RATHORE Presently residing at VILL-MEMADI, PO-SIMROL, TEH-MHOW, DIST-INDORE, MADHA PRADESH-452020, have changed my name from GULAB RATHOR to GULAB RATHORE for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1950 instead of my correct date of birth as 01/01/1953 vide Affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as Ram Kumar S/O DARBARI LAL, RC 112, D BLOCK, KHORA COLONY, PRATAP VIHAR, Khora, PO:Khora Gaon, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201309,have changed my name and shall hereafter be known as VIRESH KUMAR.

**NAME CHANGE**
I, Rambabu S/O: Lalman, Kanjua, PO: Beoli, DIST: Budaun,Uttar Pradesh - 202526, have changed the name of my minor son namely Sumit aged 17 years and he shall hereafter be known as SURAJPAL.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, YOGESH DHAR DUBEY S/o GANGA DHAR DUBEY R/o D-103, K.W. Srishti Raj Nagar Extension, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201001, declare that name of mine and my wife and my minor son has been wrongly written as YOGESH DUBEY, SHWETA and DEVANG in my minor son DEVANG DUBEY aged 15 years in his Birth Certificate No - KANPU2010-010099. The actual name of mine and my wife and my minor son are YOGESH DHAR DUBEY, SHWETA DUBEY and DEVANG DUBEY which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
The general public is hereby informed my client SURESH CHAND S/O GHASI RAM R/O S-7B, 439, SANJAY CAMP, DAKSHINPURI, DR AMBEDKAR NAGAR, NEW DELHI 110062, presently residing at: L-1ST 2/78-B, ASTHAL MANDIR ROAD, SANGAM VIHAR, NEW DELHI -110080, has debarred/disowned their Son SUMIT KUMAR and Daughter-in-law MRS BHAVNA from all their moveable and immoveable properties due to their misbehavior and disobedient attitude towards our clients. Now my client have no relation /connection with them, in future, my client shall not be responsible for their acts, deeds, things etc. if in future anybody dealing with them shall do so at his own risk and responsibility and my client shall not be held liable for the same.
**Nancy Kumar Advocate**
Chamber No. 354
Saket Courts New Delhi-110017

**NAME CHANGE**
I, SANJAI KUMAR DUBEY S/O MATACHARAN DUBEY resident of E-2/40 GALI NO-2 5TH PUSTA SONIA VIHAR DELHI-110094 . have changed my name to SANJAY DUBEY for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, SIRISTA DEVI mother of No-10495613N Rank-HAV Name-DAVINDER KUMAR residing at VILL-SWAR, PO-HAJIPUR, TEHSIL-MUKERIAN, DIST-HOSHIARPUR, PUNJAB-144221, have changed my name from SIRISTA DEVI to SARISHTA DEVI for all future purposes vide affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-10495613N Rank-HAV Name-DAVINDER KUMAR residing at VILL-SWAR, PO-HAJIPUR, TEHSIL-MUKERIAN, DIST-HOSHIARPUR, PUNJAB-144221, have changed my minor daughter's name from SHAKSHI to SHAKSHI THAKUR for all future purposes vide affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public Delhi.

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, SARISHTA DEVI mother of No-10495613N Rank-HAV Name-DAVINDER KUMAR residing at VILL-SWAR, PO-HAJIPUR, TEHSIL-MUKERIAN, DIST-HOSHIARPUR, PUNJAB-144221, in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/04/2006 instead of my correct date of birth as 01/01/1954 vide affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for the general information that I PRABHNOOR SINGH SAHNI S/o INDERJEET SINGH SAHNI, R/o 126 SF, V B BLOCK, GALI NO 4, VIRENDER NAGAR, DELHI 110058 declare that name of mine has been wrongly written as PRABHNOOR SINGH SAHNI in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of mine is PRABHNOOR SINGH SAWHNEY, which may be amended accordingly. It is Certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SURESH KUMAR S/o NARSINGH PAL SINGH, R/o A-425, G.D. Colony, Mayur Vihar Phase 3, Dist.: East Delhi, Delhi-110096, declare that name of mine has been wrongly written as SURESH KUMAR MEENA in my minor daughter namely PRACHI MEENA aged 15 years in her School Records. The actual name of mine is SURESH KUMAR, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, TH LUWANGBA SINGHA S/O TH BIRMOHON SINGHA PERMANENT ADDRESS: HOUSE NO 291, SINGER BOND PT V, CACHAR, ASSAM-788126, And Residing at RZF-769/13, GALI NO-11, RAJ NAGAR PART-2, PALAM COLONY, NEW DELHI, 110077, have changed the name of my minor son TH SURAJ SINGHA aged 08 years and he shall hereafter be known as AYANSH SINGHA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as BHURA SINGH alias BHURE SINGH alias BHURWA SINGH S/o TARA CHAND, R/o Gaon Gangdhabi, Khatauli, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh-251201, have changed my name and shall hereafter be known as BHURWA SINGH.

**NAME CHANGE**
I, JASPINDER KAUR BHULLAR, wife of GURMEET SINGH, resident of Gurudwara Gobind Sadan, Baba Virsa Singh Marg, Gadaipur, South Delhi, Delhi – 110030, have changed my name from JASPINDER KAUR BHULLAR to JASPINDER KAUR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as RAMENDRI, W/O Bhopal Singh, Village mohammadpur sujanpur, Bhojpur, Ghaziabad, Pilkhauwa Post Office, Uttar Pradesh, 245304, have changed my name and shall hereafter be known as Sulendri Devi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, MAHESH KUMAR S/O AMRIT SHARMA R/o H NO-554, 4TH FLOOR, SUNLIGHT COLONY-2, NEAR MCD PARK, JANGPURA, DELHI-110014, declare that name of mine and my father has been wrongly written as SANJAY NAGAR and DHARAMVIR SINGH in my Aadhar Card No. 4831 1846 4070. The actual names of mine and my father are MAHESH KUMAR and AMRIT SHARMA, respectively which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I, Amit Kumar S/O Mukesh Kumar, R/O Plot No-19, Third Floor, Suraj Vihar, Kakrola, Dwarka. Kakrola, South West Delhi, Delhi-110078,have changed the name of my minor daughter namely Neel Kabir aged 13 years and she shall hereafter be known as NEIL KABIIR.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, RAJESH KUMAR GUPTA S/o RAM DEV GUPTA R/o A-201, Bapu Dham Sanjay Camp, T-Huts Chandra Gupta Marg, Chanakya Puri, PO:Chanakya Puri, Dist.: New Delhi, Delhi-110021, declare that name of mine has been wrongly written as RAJESH KUMAR in my minor son SUNIL KUMAR aged 17 years in his CBSE 10th class Educational Documents. The actual name of mine is RAJESH KUMAR GUPTA.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known Veenu Chaudhary alias Km Benu Chaudhary D/O Satya narayan chaudhary W/O Ganga Prasad R/O 2603, DLF Phase IV. Galleria DLF-IV, Gurgaon Haryana-122009, Have changed my name and shall hereafter be known as VEENU CHAUDHARY.

**NAME CHANGE**
I, CHETNA Wife of JC-382422N Rank-SUB Name-PRAKASH RATHORE Presently residing at VILL-MEMADI, PO-SIMROL, TEH-MHOW, DIST-INDORE, MADHA PRADESH-452020, have changed my name from CHETNA to CHETNA RATHORE for all future purposes vide Affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
"Be it known that my client Mrs. URMILA W/O SH. RAJENDAR AND SH. RAJENDAR S/O LATE DAYA RAM, BOTH R/O H.No-L-51, Mohan Garden, Nr- Happy Chowk, Uttam Nagar, New Delhi-110059., have all relations with disowned/debarred and severed their all relations with their real son namely SH. MAHENDRA KUMAR aged about 29 Years and his wife SMT. KAJAL aged about 27 years and his children KARTIK aged about 2 years, from all their moveable and immoveable properties/assets and have cancelled all their relations from him in future as they are continuously harassing, torturing, abusing and quarreling with my clients and are completely out of their control. If anyone deals with them shall be doing at his/her own costs and risks and my client shall not held responsible of any kind of their acts and deeds.
**JUBER AHMAD ADVOCATE**
R-3/130, MOHAN GARDEN,
NEW DELHI-110059.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, AMARJEET SINGH S/o RAMAYAN SINGH R/o F-98, Churiya Mohalla Tekhand Village, Okhla Industrial Area Phase-1, South Delhi, Delhi-110020, declare that name of my wife has been wrongly written as ROOPMALA in my minor son namely VAIBHAV aged 14 years in his School Record. The actual name of my wife is RUPMALA KUMARI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, K R SANTHOSH KUMAR S/o RAMACHANDRANATH DEV R/O HOUSE NO-18, SHREE AWAS MIG-LIG FLATS, SEC-18B, DWARKA PH-2, DELHI-110078 declare that name of mine is wrongly written as SANTHOSH KUMAR in my daughter MEENAKSHI S NAIR school record.That my correct name is K R SANTHOSH KUMAR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Mohammad Kayum S/o Mohammad Maneef R/O B-278, New Ashok Nagar, Vasundhara Enclave East Delhi 110096, have changed my name to MD Kayyum permanently.

**NAME CHANGE**
I MALIKA BEGUM W/O MOHAMMAD ABRAR R/O B-278, NEW ASHOK NAGAR, VASUNDHARA ENCLAVE, EAST DELHI 110096, HAVE CHANGED MY NAME TO MALKA KHATOON PERMANENTLY.

**NAME CHANGE**
I, Samir Ansari s/o Mohd Yaseen R/o D-59, J.J Colony, Bakkar Wala, Delhi-110041, have changed my name to Mohammed Sameer permanently

**NAME CHANGE**
I, Miskin Ansari w/o Mohammed Sameer R/o D-59, J.J Colony, Bakkar Wala, Delhi-110041, have changed my name to Miskeen permanently

**NAME CHANGE**
I GEETA W/O SATISH KUMAR R/O 799, BHAPRODA (22) JHAJJAR, HARYANA-124501, HAVE CHANGED MY NAME TO GEETA RATHEE PERMANENTLY.

**NAME CHANGE**
I,Neha D/O Satya Narain R/O House No-309 gali no-24 , Onkar Nagar B, Tri Nagar , Delhi -110035. Have changed my name to Neha Bhardwaj For all Future purposes

**NAME CHANGE**
I, RANVIR SINGH Father of No-15715360M Rank-LNK Name-KUSHAL KUMAR Presently residing at VILL-KURANA, PO-KHANDEHA, TEH-KHAIR, DIST-ALIGARH, UTTAR PRADESH-202137, have changed my name from RANVIR SINGH to RANVEER SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Shankar Singh Bisht S/O Pan Singh Bisht, Plot No 71/72 And 76. Pratap Enclave, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi 110059. Have Changed My Name Shankar Bisht To Shankar Singh Bisht for All Future Purposes

**NAME CHANGE**
I,Rajni Goyal H/o Vinay Aggarwal R/O H.O B-5 /364 ,b Block Yamuna Vihar Delhi-110053 ,I have changed my name to Rajni Aggarwal Permanently

**NAME CHANGE**
I, ILYAS KHAN S/O AHSAN KHAN R/O E-12/106, Aleem Kawab Corner, Hauz Rani, Malviya Nagar, South Delhi, Delhi - 110017, have changed my name from ILIYAS KHAN to ILYAS KHAN and my father name from AHSAAN KHAN to AHSAN KHAN.

**NAME CHANGE**
I, GEETA W/O SACHIN KUMAR R/O HOUSE NUMBER F-49, GALI NUMBER-1, GANGA VIHAR PUR, SHAHDARA, SABHAPUR, NORTH EAST DELHI, DELHI-110094, have changed the name of my minor daughter RIYA ALIAS RIYA GUPTA aged 16 years and he shall hereafter be known as RIYA GUPTA.

**सार्वजनिक सूचना / बेदखल अधिसूचना**
यह सूचना मेरे मुवक्किल श्री बलवंत सिंह, पुत्र श्री खरक सिंह कैरा, आधार संख्या 3456 1059 2093, निवासी - मकान संख्या K-B/44-G, महिपालपुर, मलिकपुर कोही उर्फ रंगपुर, दक्षिण-पश्चिम, नई दिल्ली-110037 की ओर से जारी की जाती है।
1. कि मेरी पुत्री दिव्या कैरा, जन्म तिथि 11/11/2003, आधार संख्या 3600 4640 3710, का आचरण एवं गतिविधियाँ मेरे नियंत्रण से बाहर हो चुकी हैं। वह मेरी बात नहीं मानती तथा कथित रूप से अनैतिक/अशोभनीय गतिविधियों में संलिप्त है, जो परिवार एवं सामाजिक मूल्यों के विरुद्ध है।
2. कि कई बार समझाने, चेतावनी देने एवं प्रयास करने के बावजूद भी वह अनियंत्रित बनी हुई है और स्वतंत्र रूप से ऐसी गतिविधियों में संलिप्त है, जिसके लिए में, उसके पिता होने के नाते, किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं हो सकता।
3. कि अतः में अपनी पुत्री को अपने समस्त चल-अचल संपत्तियों (पैतृक अथवा स्वयं अर्जित), तथा मेरे नाम से संबंधित सभी अधिकारों, दावों, कर्तव्यों एवं दायित्वों से बेदखल / वंचित (Disown/Disinherit) करता हूँ।
4. यह सार्वजनिक सूचना इस बात की घोषणा एवं जानकारी हेतु जारी की जाती है कि मेरी पुत्री को मैंने बेदखल कर दिया है तथा उसके किसी भी कार्य, कृत्य अथवा दायित्व के लिए में उत्तरदायी नहीं रहूँगा।
**देवनंद प्रसाद, अधिवक्ता,**
चैम्बर नं. 302, द्वारका कोर्ट लॉयर्स चैम्बर,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली 110075.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, BASIRAT ULL NISHA W/o MUSHTAQ AHMED, R/o House No.-A, 68/2-345, Street No.4, Insha Allah Masjid, Chauhan Banger, Seelampur, North East Delhi, Delhi-110053, declare that name of mine and my minor daughter has been wrongly written as BASIRAT AL NISHA & ZAINAB AHMED in his school records. The actual name of mine and my daughter are BASIRAT ULL NISHA & ZAINAB, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as VIKRAM KUMAR alias VIKKRAM SHARMA S/o PAPPU SHARMA, R/o House No. - 23, C/3, Upper Ground Floor, Manav Chowk, Rohini Sector 15, PO: Rohini Sector 15, North West Delhi, Delhi - 110089 have changed my name and shall hereafter be known as VIKKRAM SHARMA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as ZALALUDDIN alias ZALALU DDIN S/o MOMIN KHAN R/o H. No. 67, A Block, Gali No.1, Shri Ram Colony, Khajoori, PO: Dayalpur, Dist: North East, Delhi - 110094, have changed my name and shall hereafter be known as JALALUDDIN.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as PALLAVI KUMARI alias PALLAVI D/o PROMOD KUMAR R/o Flat No. 14, GH-2, Baghban Apartment, Sector – 28, Rohini, North West Delhi, Delhi - 110042 have changed my name and shall hereafter be known as PALLAVI.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Meena W/o Mr. Abdullah is the owner of Freehold Residential Plot No.14-A, Area measuring 100 Sq. Yds. i.e. 83.69 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 2143 Situated at Village Dasna Pargana Dasna Tehsil & Distt. Ghaziabad Uttar Pradesh-201001. by virtue of Sale Deed dated 10.11.2023 Vide Doc no. 12248, Vol no. 20964 Page no. 373-408 SR- GZB-II, in the chain Document below mentioned document not available i.e. Surviving Member Certificate of Late Mr. Noor Mohammad, now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mr. Suleman and same has been finance by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Shahdara Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I, SUSHILA RATHOR Mother of JC-382422N Rank-SUB Name-PRAKASH RATHORE Presently residing at VILL-MEMADI, PO-SIMROL, TEH-MHOW, DIST-INDORE, MADHA PRADESH-452020, have changed my name from SUSHILA RATHOR to SUSHILA RATHORE for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1955 instead of my correct date of birth as 01/01/1958 vide Affidavit dated 27/08/2025 before Notary Public Delhi.


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया हैं कि अभियुक्त नामः **मोहम्मद इम्तियाज, पुत्रः स्वर्गीय श्री बाबुद्दीन, निवासीः गांव बसंत पुर सेठली, तहसील मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.212/2021 U/S 498A/406/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना जीटीबी एन्क्लेव, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इम्तियाज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इम्तियाज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.212/2021 U/S 498A/406/34 IPC, थाना राजिंदर नगर, मध्य जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद इम्तियाज** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **15.10.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, सुश्री मीना चौहान**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04,**
**शाहदरा जिला, द्वितीय तल,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/11401/SHD/2025**
**(अदालती मामला)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इरफान पुत्र** रूमल शाह **निवासीः** कौशल पार्क, डीएलफ, लोनी, गाज़ियाबाद, यू.पी. ने **FIR No. 387/22 U/s 328/379/411 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इरफान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इरफान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 387/22 U/s 328/379/411 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इरफान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**जेएमएफसी-11, (मध्य), कमरा नं. 138**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/10823/N/2025**
**(Court Matter)**


**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## हरियाणा विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल को श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहे स्व. बंसीलाल को याद किया गया। विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन जब स्वर्गीय बंसी लाल को उनके जन्मदिन पर याद किया गया तो कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने फतेहाबाद स्थित गोरखपुर परमाणु सयंत्र का नाम स्वर्गीय बंसीलाल के नाम पर करने की मांग की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे बंसी लाल को जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 11 वर्षों से अधिक समय तक उन्होंने प्रदेश का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के चहुंमुखी विकास को सुनिश्चित किया, जिससे उन्हें प्रदेश का निर्माता कहा जाता है। वे सात बार हरियाणा विधानसभा के सदस्य, तीन बार लोकसभा के सदस्य और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। केंद्र सरकार में भी उन्होंने रक्षा, परिवहन और रेलवे मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभालकर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय दिया। चौधरी बंसी लाल की पौत्री और वर्तमान में महिला एवं बाल विकास और सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने एक आइएएस अधिकारी के अनुभव साझा करते हुए कहा कि बंसी लाल की सरकार में भी बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिलती थी।

## हरियाणा सरकार का दावा, पांच साल में लगाए 39 लाख पौधे

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए पिछले पांच वर्षों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया। वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह के मुताबिक, पांच साल में सड़कों के दोनों ओर 5084.96 हेक्टेयर हरी पट्टी भूमि पर 38.94 लाख पौधे लगाए गए, जिनमें से लगभग 34.30 लाख पौधे आज भी हरे-भरे खड़े हैं। मंत्री का कहना है कि यह अभियान न केवल प्रदूषण कम करने में सहायक है बल्कि सड़कों की खूबसूरती बढ़ाने और यात्रियों को ताजी हवा देने में भी मददगार साबित हो रहा है। इंद्री से भाजपा विधायक रामकुमार कश्यप ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान ये दोनों सवाल उठाए थे। इसके जवाब में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि फिलहाल राज्य में सड़कों के किनारे 33,763.99 हेक्टेयर भूमि हरी पट्टी के रूप में उपलब्ध है। इस भूमि पर आने वाले समय में और पौधरोपण किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा को और अधिक हरा-भरा बनाया जाए ताकि वायु गुणवत्ता सुधरे और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

## सोनीपत पुलिस का ऑपरेशन आक्रमण, 66 आरोपी गिरफ्त में

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने अपराध पर शिकंजा कसने के लिए सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाया। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेश और पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के निर्देशन में की गई। अभियान का उद्देश्य अपराधियों पर रोक लगाना और जिले को सुरक्षित बनाना रहा। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों और सहायक पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में 76 पुलिस टीमों के 425 जवानों ने संयुक्त प्रयास किया। इस दौरान 6 नए अभियोग दर्ज कर 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे अपराध जगत में हड़कंप मच गया। कार्रवाई में शस्त्र अधिनियम के तहत 4 मुकदमे दर्ज कर 5 आरोपियों को पकड़ा गया और उनके पास से 5 अवैध पिस्तौल व 2 जिंदा राउंड बरामद किए गए। उद्घोषित अपराधियों और बेलजंपरों पर भी कार्रवाई हुई, जिनमें 4 उद्घोषित अपराधी और 33 बेलजंपर गिरफ्तार किए गए। क्राइम यूनिट वेस्ट ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक आरोपी को चोरी की बाइक सहित पकड़ा। आबकारी अधिनियम के तहत थाना खरखौदा क्षेत्र से एक आरोपी को 14 बोतल अवैध शराब सहित दबोचा गया। वहीं थाना बरोदा क्षेत्र में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक आरोपी के कब्जे से 2 किलो 402 ग्राम चरस बरामद की गई।

## सोनीपत में अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

**सोनीपत।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने अवैध निर्माणों पर सख्ती दिखाते हुए गांव बड़वासनी में बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन की टीम ने राजस्व भूमि पर लगभग 420 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाएंगे रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस कार्रवाई में करीब 12 रिहायशी कमरे तोड़े गए। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें, क्योंकि ऐसी जगहों पर सरकार द्वारा सड़क, पानी, सीवरेज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं। इससे खरीदार की मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए से अनुमति लेना आवश्यक है। नियमों की अनदेखी करने पर अवैध कॉलोनी या निर्माण को कभी भी गिराया जा सकता है। नागरिक प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की स्वीकृति की जांच अवश्य करें। इस कार्रवाई में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट राकेश कुमार, एसएमडीए प्रवर्तन टीम और पुलिस बल मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया।

# नशामुक्ति व पर्यावरण जागरूकता संदेश देने को साइकिल से सदन पहुंचे सीएम और स्पीकर

### कई मंत्री और विधायकों ने भी चलाई साइकिल

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मंत्रियों तथा विधायकों के साथ साइक्लोथॉन में भाग लेकर नशामुक्ति व पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एमएलए हॉस्टल से साइकिल चलाकर विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उनके स्पीकर हरविंदर कल्याण, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, विपुल गोयल, विधायक योगेंद्र राणा, देवेंद्र अत्री, देवेंद्र कादयन के अलावा अन्य कई विधायक भी साइकिल यात्रा में शामिल हुए। यह पहल नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा की तरफ से आयोजित की गई थी। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि व्यायाम से इंसान एक्टिव रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है 'फिट इंडिया, स्वस्थ इंडिया'। जब हम योग और व्यायाम करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और जब स्वस्थ रहेंगे तो विकास की रफ्तार भी तेज होगी। युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे देश की सबसे बड़ी संपत्ति हैं, लेकिन नशा इस अनमोल संपत्ति को बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा इंसान की सेहत, परिवार और समाज तीनों को नुकसान पहुंचाता है और धीरे-धीरे उसे गरीबी व बीमारी की ओर धकेल देता है।उन्होंने कहा कि राज्य में साइक्लोथॉन यात्रा और मैराथन कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि युवा जागरूक हों। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा इन अभियानों में शामिल होकर नशामुक्त और स्वस्थ हरियाणा बनाने का संकल्प ले रहे हैं।



## विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जोड़ रहा परिचय अभियान

एजेंसी

**सोनीपत।** जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन से परिचय अभियान की शुरुआत की है। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन के प्रयासों से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को सरकारी विभागों और औद्योगिक इकाइयों की कार्यप्रणाली से अवगत कराना है। पत्रकारों से रूबरू विद्यार्थियों ने बताया अभियान के दूसरे दिन विभिन्न विभागों और औद्योगिक इकाइयों का दौरा किया।

इसके बाद लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने कहा कि इस पहल से उन्हें विभागों की वास्तविक कार्यशैली समझने का अवसर मिला। शिकायत निवारण शिविर में उन्होंने देखा कि किस प्रकार अधिकारियों द्वारा अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाता है। उन्होंने यह भी अनुभव किया कि पुलिस विभाग दिन-रात सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करता है तथा महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देता है। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें ई-गवर्नेंस की जानकारी भी मिली। उन्होंने समझा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग से शासन अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभागीय योजनाओं और जनता को मिलने वाली सुविधाओं को भी करीब से जाना। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को यह समझाना है कि सरकारी सुविधाएं किस प्रकार लोगों तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में जब यही विद्यार्थी विभिन्न जिम्मेदार पदों पर पहुंचेंगे तो उन्हें विभागीय कार्यप्रणाली का अनुभव पहले से होगा।

## हरियाणाा में छह साल में 2,046 तस्कर दोषी करार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डबवाली विधायक आदित्य देवीलाल के सवाल के लिखित जवाब में बताया कि बीते साढ़े छह साल में राज्य पुलिस और एसटीएफ ने नशा तस्करों पर जबरदस्त शिकंजा कसा है। पहली जनवरी, 2019 से 31 जुलाई, 2025 तक कुल 21,591 मामले दर्ज किए गए और 2,046 आरोपितों को अदालतों ने दोषी करार दिया। हालांकि विपक्ष का आरोप है कि नशाखोरी की समस्या लगातार बढ़ रही है और कई युवाओं की जान जा चुकी है, लेकिन सरकार का दावा है कि वह मादक पदार्थों की तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए। इनमें 245 किलो से ज्यादा हेरोइन, 1,408 किलो चरस, 60,578 किलो गांजा, 1,912 किलो अफीम और 95 हजार किलो से ज्यादा डोडा पोस्त शामिल है। इसके अलावा कोकीन, एमडी/एमडीएमए, एलएसडी, एम्फेटामाइन और मेथैफेटामाइन जैसी महंगी ड्रग्स भी पकड़ी गईं। साथ ही लाखों की संख्या में कैप्सूल, गोलियां, बोतलें और इंजेक्शन भी बरामद हुए। जिलेवार आंकड़े चौंकाने वाले हैं। सबसे ज्यादा मामले सिरसा जिले में सामने आए, जहां 2,337 केस दर्ज हुए और 180 लोगों को सजा मिली। डबवाली में 1,587 केस, फतेहाबाद में 1,740, करनाल में 1,110, गुड़गांव में 1,398 और रेवाड़ी में 450 मामले दर्ज किए गए। वहीं नूंह जिले में 250 केस दर्ज हुए, जिनमें 21 आरोपी दोषी पाए गए। इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने नशा बड़ी समस्या बनने और इस अवधि में नशे से हुई मौतों का आंकड़ा भी मांगा था। मुख्यमंत्री की ओर से इसका 'नहीं' में जवाब दिया गया यानि सरकार ने एक तरह से नशे का प्रचलन बढ़ने से इनकार कर दिया। वहीं मरने वालों की संख्या नहीं बताई गई।

# हरियाणा विधानसभा में पहली बार आए राज्यपाल प्रो अशीम कुमार घोष

### राज्यपाल अशीम घोष ने सत्तापक्ष-विपक्ष के विधायकों से की मुलाकात

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन हरियाणा के राज्यपाल अशीम घोष पहली बार विधानसभा पहुंचे। राज्यपाल सदन के भीतर तो नहीं आए, लेकिन बाहर उन्होंने प्रदेश के सभी विधायकों, मंत्रियों के साथ मुलाकात की। राज्यपाल बनने के बाद उनकी सभी विधायकों के साथ यह पहली मुलाकात थी।

विधानसभा पहुंचने पर महामहिम राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष का विधानसभा अध्यगक्ष हरविंद्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री की ओर से राज्यपाल के सम्मान में आयोजित दोपहर के भोज में मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह की खास बात यह रही कि इस मौके पर महामहिम राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष और मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी भी मौजूद थी। राज्यपाल ने मंत्रियों और विधायकों से औपचारिक रूप से मुलाकात की और उनका परिचय लिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि महामहिम का मार्गदर्शन हमें राज्य हित और जनहित में और अधिक जिम्मेदारीपूर्ण भूमिका निभाने की प्रेरणा देगा। प्रो. अशीम कुमार घोष को हाल ही में हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इससे पहले बंडारू दत्तात्रेय इस पद पर कार्यरत थे। यह राज्यपाल का विधानसभा में पहला दौरा था और उन्होंने इसे इसलिए सुनिश्चित किया ताकि सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय स्थापित हो सके। इस भव्य स्वागत समारोह ने विधानसभा परिसर में न केवल गरिमा बल्कि संवैधानिक परंपराओं की झलक भी पेश की।



## भारत ने पिछले 11 वर्षों में पकड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की रफ्तार : हर्ष मल्होत्रा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने पिछले 11 वर्षों में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज सड़क, रेलवे, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में वह प्रगति हुई है, जिसकी कल्पना पहले करना भी कठिन था। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 परियोजनाओं का शिलान्यास के दौरान कही। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यों और पिछली सरकारों के कार्यों की तुलना भी की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मौजूदर रहे।

हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आज़ादी से लेकर वर्ष 2014 तक पूरे देश में केवल 91 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हो पाया था। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में ही 60 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी के राष्ट्रीय राजमार्ग आमजन को समर्पित किए गए हैं। यही नहीं, पूर्व की सरकारों के समय जहाँ प्रतिदिन औसतन 12 किलोमीटर नेशनल हाईवे का निर्माण होता था, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में यह रफ्तार बढ़कर 33 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुँच गई है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के बजट में भी अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। वर्ष 2014 से अब तक इसमें लगभग 550 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो देश में बुनियादी ढांचे को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह केवल कंक्रीट और डामर की सड़कें नहीं हैं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती और रोजगार सृजन के नए रास्ते हैं। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इसके आसपास के इलाकों में कई नई परियोजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद न केवल लोगों को सुगम और सुरक्षित आवागमन मिलेगा, बल्कि उद्योग और व्यापार को भी नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

पचगांव चौक, राठीवास, धारूहेड़ा स्थित हीरो कंपनी के पास तथा साहलवास में चार नए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, जो ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने में मील का पत्थर साबित होंगे। इसके साथ ही 2.26 किलोमीटर नई सर्विस रोड, 7.2 किलोमीटर पिक्यूसी रोड और 30.95 किलोमीटर लंबाई की सड़क का उन्नयन किया जाएगा। जलभराव की समस्या से स्थायी रूप से निजात दिलाने के लिए 18.05 किलोमीटर नई आरसीसी नालियां बनाई जाएंगी। हर 500 मीटर पर वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाकर भूजल रिचार्ज को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए 15,000 पौधे भी लगाए जाएंगे।



## हरियाणा: दस साल में लिया साढ़े चार लाख करोड़ कर्ज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने पिछले लगभग दस वर्षों में 4 लाख 61 हजार 183 करोड़ रुपये का कर्जा लिया है। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से खुले बाजार से सबसे अधिक ऋण लिया है। कर्जा चुकाने के बाद भी सरकार पर 3 लाख 17 हजार 257 करोड़ रुपये की देनदारी है। कर्ज के मुद्दे पर विपक्ष लगातार बीजेपी सरकार को घेरता आ रहा है। रानियां से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्ज का ब्यौरा रखा। इसमें सरकार ने बताया कि 2014-15 (जुलाई) से लेकर 2024-25 तक की अवधि में 4 करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक का कर्जा सरकार ने लिया है। एक अप्रैल से 31 जुलाई तक सरकार ने 19 हजार 402 करोड़ रुपये का कर्जा लिया है। इस अवधि में आरबीआई के माध्यम से ओपन मार्केट से 3 लाख 8 हजार 338 करोड़ रुपये का कर्जा लिया गया। इसमें से 2 लाख 89 हजार 639 करोड़ अभी भी बकाया हैं। वहीं राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक यानी नाबार्ड से सरकार ने 10 हजार 765 करोड़ का लोन लिया। इसमें से भी 7 हजार 463 बकाया हैं। राष्ट्रीय लघु बजट कोष को जारी विशेष प्रतिभूतियों (एनएसएसएफ) से 2 हजार 972 करोड़ रुपये का कर्जा सरकार ने उठाया है। इससे पहले का भी कर्जा इस कोष से लिया गया है, जो अभी तक 4 हजार 348 करोड़ बकाया है। खाद्यान्न खरीद के लिए भारतीय स्टेट बैंक व राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से प्रदेश सरकार ने 1 लाख 1 हजार 661 करोड़ रुपये का कर्जा लिया है।

## सदन के सीधे प्रसारण की गाइडलाइन संसदीय प्रणाली में सकारात्मक सुधारात्मक कदम : हरविन्द्र कल्याण

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सदन की कार्यवाही के सीधे प्रसारण की प्रथा जारी करके नए संसदीय सुधार किए हैं। इसको लेकर विधान सभा सचिवालय की ओर से जारी गाइडलाइन्स संसदीय प्रणाली में सकारात्मक सुधारात्मक कदम है। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सीधे प्रसारण को लेकर कुछ भ्रांतियां देखने को मिल रही हैं, जबकि हरियाणा विधान सभा के इतिहास में सीधा प्रसारण 15वीं विधान सभा का ऐतिहासिक कदम है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण करके हरियाणा विधान सभा ने यह कदम जनप्रतिनिधियों की सदन की कार्यशैली को तथा उन द्वारा उठाए गए जनहित के विषयों को जनता तक पहुंचाने की एक स्वस्थ, निष्पक्ष और पारदर्शी संसदीय-प्रथा है।

हरियाणा विधान सभा की सीधे प्रसारण की यह नई पहल है। तथाकथित प्रतिबन्ध लगाने की बात अधूरे तथ्यों की जानकारी होने के कारण उठाई गई लगती है। कुछ रोकथाम का प्रावधान संविधान के अनुछेद 361-ए में दिया गया है। संवैधानिक प्रावधान को ध्यान में रखते हुए तथा काफी सोच-विचार कर कार्यवाही से निकाले गए व नकारात्मक शब्दों से बचाव के लिए इस तरह के कदम उठाए गए हैं।



हरियाणा विधान सभा का यह कदम संसदीय प्रणाली में एक सुधारात्मक कदम है। इससे जनता सदन की कार्यवाही के बारे में जानेगी और अपने जनप्रतिनिधि के बारे में जागरूक रहेगी। संसदीय सुधारों में समय-समय पर अन्य सुधार होने की सम्भावना भी बनी रहती है। गौरतलब है कि हरियाणा विधान सभा सचिवालय ने एक सर्कुलर जारी कर विधान सभा की कार्यवाही के लाइव कवरेज हेतु गाइडलाइन्स मीडिया संस्थानों को भेजी है। इन गाइडलाइन्स में कहा गया है कि केवल सेटेलाइट आधारित वे टीवी चैनल ही लाइव प्रसारण कर सकेंगे, जिनकी अनुमति विधान सभा अध्यक्ष द्वारा दी गई हो। सीधा प्रसारण करने वाले टीवी चैनल हरियाणा विधान सभा के लोगो के साथ अपने चैनल के नाम और लोगो के वॉटरमार्क का उपयोग करेंगे। विधान सभा सत्र के सीधा प्रसारण के दौरान किसी भी टीवी चैनल को अपने सोशल मीडिया पेजों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स (ट्विटर) आदि पर सत्र का सीधा प्रसारण साझा नहीं करेंगे। सभी टीवी चैनल अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे वेबसाइट का पता, फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल का नाम, इंस्टाग्राम आईडी, यूट्यूब आदि हरियाणा विधानसभा को उपलब्ध कराएंगे। सभी टीवी चैनल जो सीधा प्रसारण करेंगे, उन्हें हरियाणा विधान सभा सचिवालय को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई सोशल मीडिया हैंडल पर दिए गए लिंक का उपयोग नहीं करेंगे। कार्यवाही से हटाए गए अंशों या शब्दों का प्रयोग किसी भी मीडिया या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रयोग नहीं किया जाएगा। कॉपीराइट अधिकार हरियाणा विधानसभा सचिवालय के पास सुरक्षित रहेगा। इन नियमों में कहा गया है कि यदि कोई टीवी चैनल उपर्युक्त दिशानिर्देशों का पालन नहीं करता है और लिंक को आगे साझा करने से संबंधित कोई विसंगति पाई जाती है।

## बल्लभगढ़ हाईवे पर ट्राले से गिरी लोहे की प्लेटें, बड़ा हादसा टला

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-मथुरा-आगरा हाईवे स्थित जेसीबी चौक पर एक हादसा होने से टल गया। मंगलवार को बल्लभगढ़ से पलवल की तरफ जा रहा एक बड़ा ट्राला लोहे की भारी-भरकम प्लेटें लेकर हाईवे से गुजर रहा था। जैसे ही ट्राला फ्लाईओवर क्रॉस करके रेड लाइट की ओर बढ़ा, ट्राले पर बंधे बेल्ट अचानक टूट गए और प्लेटें हाईवे पर बिखर गई। अचानक प्लेटें गिरने से हाईवे पर पीछे से आ रहे वाहन ड्राइवरों ने तुरंत ब्रेक लगाकर अपनी गाडियों को रोक लिया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि लोहे की प्लेटें गिरने के कारण करीब डेढ़ घंटे तक ट्रैफिक बाधित रहा और बल्लभगढ़ की तरफ से आने वाले रास्ते पर फ्लाईओवर तक लंबा जाम लग गया। इस दौरान वाहन ड्राइवर को जाम में फंसे रहना पड़ा और धीरे-धीरे गाडियां रेंगती हुई आगे बढ़ी। मौके पर मौजूद जेसीबी चौक ट्रैफिक बूथ इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि ट्राला अपनी लेन में चल रहा था, लेकिन प्लेटें गिरते ही जाम की स्थिति बन गई।

## फरीदाबाद : निगमायुक्त ने किया जलभराव वाली जगहों का निरीक्षण

एजेंसी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में दिन भर हुई लगातार भारी बारिश के बाद,नगर आयुक्तधीरेंद्र खड़गटा ने सोमवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र का रात्रि निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य नागरिक तैयारियों का जायजा लेना और यह सुनिश्चित करना था कि भारी बारिश के बावजूद स्ट्रीट लाइटिंग और जल निकासी व्यवस्था जैसी आवश्यक सेवाएँ सुचारू रूप से काम कर रही हैं। दौरे के दौरान, आयुक्त ने उन लाकों का बारीकी से निरीक्षण किया जहाँ आमतौर पर जलभराव की समस्या रहती है और अधिकारियों को निवासियों को किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। जनता को राहत देते हुए, घंटों की लगातार बारिश के बाद भी एनआईटी क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर कोई बड़ा जलभराव नहीं देखा गया। इसे नगर निगम द्वारा की गई मानसून-पूर्व तैयारियों का एक सकारात्मक परिणाम माना गया। हालाँकि, निरीक्षण में कुछ जगहों पर स्ट्रीट लाइटों में कुछ तकनीकी समस्याएँ सामने आईं। भारी बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण ये लाइटें काम नहीं कर रही थीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बिजली आपूर्ति सामान्य होते ही इन्हें तुरंत बहाल कर दिया जाएगा। आयुक्त ने मानसून से पहले निगम द्वारा चलाए गए विशेष नाला-सफाई अभियान की सफलता पर भी प्रकाश डाला। प्रमुख नालों और जलमार्गों की सफाई पर केंद्रित इस व्यापक अभियान ने निचले इलाकों में बाढ़ के खतरे को काफी हद तक कम कर दिया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह पहल शहर भर में जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में लगभग पूरी तरह सफल साबित हुई है। निवासियों ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले वर्षों के विपरीत, इस बार एनआईटी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के बाद मुख्य सड़कों पर गंभीर जलभराव नहीं हुआ। आयुक्त ने ज़ोर देकर कहा कि जनता की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूरे मानसून के दौरान नियमित निगरानी और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।



## विधानसभा में भाजपा विधायक का सुझाव, बढ़ाए जाएं कलेक्टर रेट

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कलेक्टर रेट बढ़ाने को लेकर जहां विपक्ष सरकार को घेर रहा है, वहीं सफींदो से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने कलेक्टर रेट बढ़ाने की मांग की है। शून्यकाल के दौरान टाइम पूरा होने पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण के टोकने पर विधायक रामकुमार गौतम उलझ गए। स्पीकर ने उन्हें नियमों का पाठ पढ़ाते हुए नसीहत दी कि जिसके लिए जितना टाइम निर्धारित किया गया है, उसी क्रम में बोलने का समय निश्चित किया गया है। हरियाणा विधानसभा के तीसरे दिन शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान माननीयों ने अपने विधानसभा क्षेत्रों की समस्या उठाते हुए जलभराव, किसानों को मुआवजा देने और कर्मचारियों व शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। शून्यकाल के दौरान भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने दलील दी कि कलेक्टर रेट में असमानता होने के चलते सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। कांग्रेस विधायक मोहम्मद इजराइल ने स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। असंध से भाजपा विधायक योगेंद्र राणा ने असंध को जिले का दर्जा देने की मांग की। राणा ने गांव मुनक में आईआईटी की स्थापना करने, असंध अस्पताल में ट्रामा सेंटर बनाने, करनाल-असंध एवं असंध-जींद सड़क मार्ग को 4 लेन करने और असंध में महिलाओं व युवाओं के लिए स्किल सेंटर खोलने की मांग की। कलानौर से कांग्रेस विधायक शंकुलता खटक ने लानौर को उपमंडल का दर्जा देने की मांग की। उनका कहना था कि कलानौर को उपमंडल का दर्जा देने की घोषणा की गई थी, फिर बाद में उसे वापस ले लिया गया। वहीं उन्होंने जलभराव और खराब पानी सप्लाई का मुद्दा उठाया। खटक का कहना था कि पीने का पानी इतना खराब है कि वे उसे अगले सत्र में लेकर आएंगी और सभी मिलकर उसे पीएंगे। भाजपा विधायक रामकुमार कश्यप ने पंचायतों में मालिकाना हक देने की पैरवी की। करनाल से भाजपा विधायक जगमोहन आनंद ने स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने का मुद्दा उठाते हुए मेडिकल सीटें बढ़ाने की मांग की। पुन्हाना से कांग्रेस विधायक मोहम्मद इलियास ने बारिश से जलभराव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बारिश से जलभराव होने के चलते लोग पलायन कर रहे हैं।

# आईपीओ और खुदरा निवेशकों के लिए सेबी करेगा बड़ा बदलाव

## - निवेशकों की सुरक्षा होगी मजबूत

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार को अधिक पारदर्शी और निवेशकों के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अहम सुधारों की घोषणा की है। सेबी के एक अे धिकारी ने बताया कि बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आसान बनाने के लिए नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया है, जिसमें अत्यधिक बड़ी कंपनियों को 25 फीसदी सार्वजनिक हिस्सेदारी बेचने की समयसीमा 5 से बढ़ाकर 10 वर्ष करने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य बड़ी कंपनियों को शेयर बाजार में लाने की प्रक्रिया सरल बनाना और निवेशकों को अधिक विकल्प देना है। फिलहाल कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच वर्षों के भीतर अपनी 25 फीसदी हिस्सेदारी सार्वजनिक निवेशकों को देनी होती है। प्रस्तावित ढील से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज जैसे बड़े आईपीओ को भी लाना आसान होगा। इसके साथ ही सेबी आईपीओ के मूल्यांकन में पारदर्शिता लाने की दिशा में भी काम कर रहा है। मर्चेंट बैंकर और एंकर निवेशकों को यथार्थवादी मूल्य तय करने की सलाह दी जा रही है, ताकि लिस्टिंग के बाद शेयर की कीमतों में गिरावट न आए और खुदरा निवेशकों का भरोसा बना रहे। इसके अलावा भ्रामक निवेश सलाह और सोशल मीडिया पर चल रहे गुमराह करने वाले प्रचार पर रोक लगाने के लिए सेबी ने मेटा (फेसबुक) के साथ साझेदारी की है।




अब केवल पंजीकृत इकाइयां ही वित्तीय विज्ञापन चला सकेंगी। अन्य सोशल मीडिया मंचों के साथ भी ऐसी साझेदारी की प्रक्रिया चल रही है। इन सभी प्रयासों का मकसद शेयर बाजार को अधिक विश्वसनीय और निवेशकों के लिए सुरक्षित बनाना है।

# ई-20 पेट्रोल से बढ़ी परेशानीः माइलेज घटा, मेंटेनेंस बढ़ा

## - पुराने वाहनों में घिसावट और माइलेज की समस्याएं बढ़ीं, सर्वे में सामने आए अहम आंकड़े

**नई दिल्ली ।**

देशभर में ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहन मालिकों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे में यह सामने आया कि ई-20 के उपयोग के बाद पुराने वाहनों में माइलेज घटने और मरम्मत की जरूरत बढ़ने लगी है। इस सर्वे में देश के 37,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फीसदी वाहन मालिकों ने बताया कि उनकी गाड़ियों में असामान्य घिसावट या मरम्मत की आवश्यकता पड़ी। वहीं, लगभग दो-तिहाई लोगों ने कहा कि उनका माइलेज पहले की तुलना में कम हो गया है। खासकर 2022 या उससे पहले खरीदी गई गाड़ियों में यह समस्या ज्यादा देखी गई। 52 फीसदी लोगों का मानना है कि यदि ई-20 पेट्रोल 20 फीसदी सस्ता और वैकल्पिक हो, तो वे इसका उपयोग करेंगे। ई-20 पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल और 80 फीसदी पेट्रोल होता है। यह पर्यावरण हितैषी





ईंधन है और देश की तेल आयात निर्भरता को घटाने के लिए अहम माना जा रहा है। हालांकि, पुराने वाहन ई-10 पेट्रोल के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे ई-20 का उपयोग उनके लिए समस्याजनक बन रहा है।

# भारत में पीसी की मांग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में मजबूत

**नई दिल्ली।**

ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कंज्यूमर बाजार में पीसी की मांग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से मजबूत बनी हुई है। इस साल जनवरी-जून की अवधि में पीसी मार्केट में सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत की वृद्धि कर 68 लाख यूनिट की बिक्री हुई है। एक रिपोर्ट में बाजार जानकार ने कहा, अगस्त में स्वतंत्रता दिवस की बिक्री और सितंबर के अंत तक शुरू होने वाले प्रमुख त्यौहारी सीजन से पहले, जुलाई से नए स्टॉक के लिए जगह बनाने के लिए कम इन्वेंट्री बनाए रखी गई। इस बीच, अप्रैल-जून की अवधि में कमर्शियल पीसी सेगमेंट में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मजबूत उद्यम मांग के कारण संभव हो सकी। इस तिमाही में यह वृद्धि सालाना आधार पर 21.2 और 2025 की पहली छमाही में 26.4 प्रतिशत रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-रिटेल चैनल ने अपनी वृद्धि दर बरकरार रखी और 2025 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत और 2025 की पहली छमाही में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो स्थिर ऑनलाइन मांग को दिखाती है। कंपनी एचपी ने 2025 की दूसरी तिमाही में 30.8 और 2025 की पहली छमाही में 29.9 प्रतिशत



हिस्सेदारी के साथ समग्र पीसी मार्केट में पहला स्थान हासिल किया, इसमें कंज्यूमर और कमर्शियल दोनों सेगमेंट में कंपनी का नेतृत्व बना रहा है। कमर्शियल सेगमेंट में, एचपी का 35 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर दबदबा रहा, जो विशेष रूप से आईटी/आईटीईएस क्षेत्र से मजबूत उद्यम मांग के कारण संभव हुआ। लेनोवो ने दूसरी तिमाही में 20.3 प्रतिशत और 2025 की पहली छमाही में 19.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ समग्र पीसी मार्केट में दूसरा स्थान हासिल किया।

रिपोर्ट में बताया गया हैं कि गेमिंग नोटबुक की बढ़ती लोकप्रियता और ई-रिटेल चैनलों के माध्यम से मजबूत मांग के कारण विक्रेता के कंज्यूमर सेगमेंट में सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एआई नोटबुक अपनाने में तेजी जारी रही, पहली छमाही में सालाना आधार पर 145.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बेसिक एआई नोटबुक सेगमेंट में अग्रणी रहे, जिनकी 2025 की पहली छमाही में कुल एआई नोटबुक शिपमेंट में 88.1 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

# नई मिडसाइज एसयूवी मारुति वाय17 जल्द होगी लांच



**नई दिल्ली ।**

भारतीय ग्राहकां के रुझान को देखते हुए ऑटोमोबाइल कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों को लॉन्च करने में आगे बढ़ रही थीं, वहीं अब ब्रांड्स का ध्यान हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की ओर ज्यादा केंद्रित है। इसकी प्रमुख वजह हाइब्रिड गाड़ियों का इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में किफायती होना हैं। ये गाडियां लंबी दूरी की चिंता भी खत्म कर देती हैं। यही वजह है कि अगले कुछ महीनों में देश की सड़कों पर कई नई हाइब्रिड एसयूवी दिखाई देंगी। मारुति सुजुकी अपनी नई मिडसाइज एसयूवी मारुति वाय17 (ईस्कूडो) को 3 सितंबर को लॉन्च करेगी। यह ग्रैंड विटारा पर आधारित होगी और इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और सीएनजी विकल्प मिलेंगे। इसका सीधा मुकाबला हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस जैसी लोकप्रिय गाड़ियों से होगा। महिंद्रा भी अपनी नई एक्सयूवी 3एक्सओ हाइब्रिड पेश करने की योजना बना रही है, जिसे 2026 में बाजार में उतारा जाएगा। इसी तरह रेनॉल्ट भी अपनी डस्टर का हाइब्रिड वर्जन लाने की तैयारी में है। यह मॉडल सीएमएफ -बी प्लेटफॉर्म पर तैयार होगा और इसमें 1.6 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ दो इलेक्ट्रिक मोटर्स शामिल किए जा सकते हैं।

होंडा भी अपनी पॉपुलर सिटी की हाइब्रिड टेक्नोलॉजी को एसयूवी सेगमेंट में लाते हुए 2026 में एलिवेट हाइब्रिड लॉन्च करेगी, जिसे राजस्थान में तैयार किया जाएगा। सबसे बड़ी चर्चा मारुति की फ्रोंक्स फेसलिफ्ट हाइब्रिड को लेकर है, जो 2026 में लॉन्च होगी। इसमें कंपनी का खुद का विकसित सीरीज हाइब्रिड इंजन मिलेगा। खासियत यह होगी कि 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन केवल बैटरी चार्ज करेगा और कार इलेक्ट्रिक मोटर पर चलेगी।

# अमेरिकी शुल्क पश्चिम बंगाल की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर

## - निर्यातक क्षेत्रों को इस फैसले से भारी नुकसान होने की आशंका

**कोलकाता ।**

अमेरिका ने रूस से तेल की खरीद के चलते भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू कर दिया है, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। यह कदम खासतौर पर पश्चिम बंगाल की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। राज्य के श्रम-प्रधान चमड़ा, इंजीनियरिंग और समुद्री उत्पाद निर्यातक क्षेत्रों को इस फैसले से भारी नुकसान होने की आशंका है। पश्चिम बंगाल भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। राज्य के उत्तर और दक्षिण 24-परगना तथा पूर्व मेदिनीपुर जिले से झींगा उत्पाद अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, राज्य से अमेरिका को होने वाले 8,000 करोड़ रुपये के निर्यात में से करीब 5,000-6,000 करोड़ रुपये के समुद्री उत्पादों पर इस अतिरिक्त शुल्क का सीधा असर होगा। कोलकाता के बंताला चमड़ा केंद्र में पांच लाख से अधिक लोग काम करते हैं। भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ के वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि अमेरिका भारत के चमड़ा निर्यात का सबसे बड़ा बाजार



है, और 50 प्रतिशत शुल्क वृद्धि से इस उद्योग को गंभीर नुकसान होगा। इसके परिणामस्वरूप लगभग 7,000 से 10,000 नौकरियां खतरे में आ सकती हैं।

# ओपनएआई ने भारत में खोला पहला ऑफिस, निकाली तीन महत्वपूर्ण भर्ती

**नई दिल्ली ।** विश्व की अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई ने भारत में अपना पहला ऑफिस खोलने का ऐलान किया है। कंपनी अपनी टीम का विस्तार करने के लिए सक्रिय रूप से तीन पदों पर भर्ती कर रही है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन अगले महीने भारत का दौरा करेंगे, जो उनकी इस साल की दूसरी भारत यात्रा होगी। ओपनएआई ने फिलहाल तीन अकाउंट डायरेक्टर पदों के लिए भर्ती निकाली है, जो सेल्स विभाग से संबंधित हैं। इन पदों के नाम हैं- अकाउंट डायरेक्टर, डिजिटल नेटिव्स, अकाउंट डायरेक्टर, स्ट्रैटेजिक्स एवं अकाउंट डायरेक्टर, लार्ज एंटरप्राइज। इन भूमिकाओं में तकनीकी समझ, साझेदारी विकसित करने और रणनीति बनाने का काम शामिल होगा। चयनित उम्मीदवार ग्राहकों को यह समझाने में मदद करेंगे कि एआई कैसे उनके व्यवसाय को बदल सकता है और बेहतर बना सकता है। इन पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवार ओपनएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर करियर सेक्शन में इं डिय चुन सकते हैं। वहां पदों का विवरण मिलेगा। उपयुक्त पद चुनकर एप्लाई नाउ पर क्लिक कर नाम, ईमेल, फोन नंबर, वर्तमान लोकेशन और रिज्यूमे सबमिट किया जा सकता है।



## अमेरिकी शुल्क बढने से भारत में निवेश पर दबाव- रेटिंग एजेंसी

**कोलकाता ।** एक रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क से वित्त वर्ष 2025-26 में पूंजीगत व्यय को नया झटका लग सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेशानुसार, रूस से तेल खरीद पर भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया, जिससे कुल शुल्क 50 फीसदी हो गया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हो सकती है, जबकि निजी कॉर्पोरेट पूंजीगत व्यय धीमा बना हुआ है। क्रिसिल ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और पूर्वानुमानित नीतियों को निवेशकों का विश्वास बढ़ाने का रास्ता बताया है। भारत पर यह शुल्क बांग्लादेश, वियतनाम और इंडोनेशिया की तुलना में अधिक है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और घरेलू चुनौतियां भी निजी निवेश को प्रभावित कर रही हैं। ब्रिटेन के साथ नए व्यापार समझौते और बड़ी कंपनियों की निवेश क्षमता से उम्मीदें बनी हुई हैं।

## जॉगले ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक से मिलाया हाथ

**मुंबई ।** जॉगले प्रीपेड ओ सिन सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के साथ एक पांच साल के रेफरल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत जॉगले बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों को अपना प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह सौदा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के विनियम 30 के अंतर्गत किया गया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि प्रमोटर या समूह कंपनियों की इस सौदे में कोई हिस्सेदारी नहीं है और यह एक आर्म्स लेंथ ट्रांजेक्शन है। जॉगले के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस जानकारी को डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित कर आधिकारिक तौर पर जारी किया। इस साझेदारी से स्टैंडर्ड चार्टर्ड के कॉरपोरेट ग्राहक अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित प्रीपेड भुगतान सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## व्यापार समझौते को लेकर जल्द निकलेगा समाधान

**रेस्टन ।** अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर कुल 50 फीसदी कस्टम ड्यूटी लागू कर दी है, जिसमें से आधा शुल्क पहले ही 7 अगस्त से लागू था और बाकी बुधवार को प्रभावी हो जाएगा। इससे भारत-अमेरिका के व्यापारिक रिश्तों में तनाव बढ़ा है। पूर्व विदेश सचिव और राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने वर्जीनिया में कहा कि यह स्थिति अस्थायी है और दोनों देश जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत इस टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ब्रिटेन के साथ समझौते कर रहा है, जबकि यूरोपीय संघ के साथ समझौता अंतिम चरण में है। भारत के ये कदम नए बाजारों तक पहुंच बढ़ाने और व्यापार को विविधता देने के लिए हैं। इससे दोनों देशों के संबंधों की बुनियाद कमजोर नहीं होगी और भविष्य में सुधार संभव है।

## हिन्दुजा ग्रुप की कंपनी दे रही सबसे बड़ा फाइनल डिविडेंड

**नई दिल्ली ।** हिन्दुजा ग्रुप की कंपनी गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 28 रुपए प्रति शेयर (1400 फीसदी) फाइनल डिविडेंड घोषित किया है, जो कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड है। कंपनी ने शेयरधारकों के लिए रिकॉर्ड डेट 19 सितंबर तय की है, जिससे पहले तक शेयर रखने होंगे ताकि डिविडेंड मिल सके। यह डिविडेंड एजीएम में मंजूरी के बाद जारी किया जाएगा। कंपनी ने फरवरी 2025 में 20 रुपए का इंटरिम डिविडेंड भी दिया था। 26 अगस्त को कंपनी का मार्केट कैप 6,144.24 करोड़ रुपए था और शेयर 1,245.40 पर बंद हुआ। पिछले एक साल में शेयर 10% गिरा है, लेकिन 2 से 5 साल के दौरान शेयर ने 78 फीसदी से 171 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की है। गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स लगातार निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रही है।

## ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम का 2025-26 में 22 फीसदी राजस्व वृद्धि का लक्ष्य

### - कर्ज मुक्त होने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**

चेन्नई की प्रमुख कृषि रसायन कंपनी ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2,200 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वर्ष के 1,800 करोड़ रुपये की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने बताया कि अनुकूल मानसून और पेटेंट उत्पादों की मजबूत मांग इस वृद्धि के मुख्य कारण होंगे। कंपनी ने धान की फसलों के लिए तना छेदक एवं पत्ती मोड़क कीट के नियंत्रण हेतु 'स्टेम ली' नामक पेटेंट उत्पाद लॉन्च किया है, जिसकी बिक्री इस वर्ष 100 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी अगले वित्त वर्ष तक पूरी तरह कर्ज मुक्त हो जाएगी। ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम अपने विस्तार योजनाओं के लिए आंतरिक संसाधनों का उपयोग करेगी, जिससे कंपनी वित्तीय स्थिरता हासिल कर सकेगी। कंपनी सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बजाय निजी इक्विटी वित्त पोषण की दिशा में कदम बढ़ा रही है। संभावित निवेशकों के साथ बातचीत शुरू हो गई है और इस रणनीति से कंपनी को लचीला वित्तीय सहयोग मिलने की उम्मीद है। ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम, बायर, सिंजेन्टा और यूपीएल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है। कंपनी का मानना है कि उत्पाद नवाचार और मानसून की स्थिति के बावजूद कृषि क्षेत्र में मांग बनी रहेगी, जिससे उसका कारोबार तेजी से बढ़ेगा।

# रॉयल एनफील्ड का फोकस अब नए सेगमेंट्स और पावरफुल इंजनों पर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय मोटरसाइकिल बाजार को रॉयल एनफील्ड नया आयाम देने की तैयारी कर रही है। अब कंपनी का फोकस नए सेगमेंट्स और पावरफुल इंजनों पर है। कंपनी 450सीसी फैमिली को और बड़ा करने पर जोर दे रही है, क्योंकि यह सेगमेंट फिलहाल युवाओं और राइडर्स के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके साथ ही कंपनी 650सीसी से 750सीसी कैटेगरी में भी नई मोटरसाइकिल्स पर काम कर रही है, जिससे ग्राहकों के पास और ज्यादा विकल्प होंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी 450सीसी प्लेटफॉर्म पर एक नई कैफे रेसर बाइक विकसित कर रही है, जो 2026-27 तक लॉन्च हो सकती है। इसे ट्रायम्फ की नई थ्रक्सटन 400 के मुकाबले उतारा जाएगा। इसके अलावा रॉयल एनफील्ड अपनी लोकप्रिय बुलेट सीरीज का विस्तार करते हुए बुलेट 650 टवीन लाने की योजना में है। यह बाइक ज्यादा पावरफुल होगी और ट्विन-सिलेंडर इंजन के साथ किफायती प्राइसिंग में उपलब्ध कराई




जाएगी। कंपनी 350सीसी सीरीज, जिसमें बुलेट 350 और मिटीयोर 350 शामिल हैं, को भी नए रंग और ग्राफिक्स के साथ रिफ्रेश करने की तैयारी कर रही है। वहीं, चेन्नई-बेस्ड यह ब्रांड 750सीसी के नए इंजन प्लेटफॉर्म (कोडनेम आर) पर भी काम कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म से सबसे पहले कांटीनेंटल जीटी-आर पेश की जाएगी, जो कैफे रेसर स्टाइल में बाजार में उतरेगी। पेट्रोल इंजन के अलावा रॉयल एनफील्ड इलेक्ट्रिक सेगमेंट पर भी तेजी से कदम बढ़ा रही है। कंपनी जल्द ही अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक फलाईंग फलेआ सी6 लॉन्च कर सकती है।


इसके बाद इलेक्ट्रिक स्क्रैम्बलर और इलेक्ट्रिक हिमालयन जैसे मॉडल भी लाइनअप में शामिल होंगे।

# टीसीएस ने एआई और सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन के लिए नई यूनिट बनाई

## - नई यूनिट की कमान अमित कपूर के हाथ

**नई दिल्ली ।**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन को मजबूत करने के लिए एक नया यूनिट स्थापित किया है। इस यूनिट की जिम्मेदारी अमित कपूर को सौंपी गई है, जो वर्तमान में कंपनी के यूके और आयरलैंड बिजनेस के प्रमुख हैं। वे 1 सितंबर से चीफ एआई और सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभालेंगे और सीधे सीओओ आरथी सुब्रमणियन को रिपोर्ट करेंगे। यह निर्णय टीसीएस द्वारा हाल ही में अपनी वैश्विक कार्यबल का लगभग 2 फीसदी कर्मचारियों को हटाने की घोषणा के एक महीने बाद आया है। कंपनी का उद्देश्य एआई-प्रधान बिजनेस मॉडल की ओर तेजी से बढ़ना और खुद को इस नई तकनीकी क्रांति के लिए तैयार करना है। इस नए यूनिट में टीसीएस की सभी एआई टीमें और क्षमताएं समाहित होंगी, जो हॉरिजॉन्टल सर्विस यूनिट्स और इंडस्ट्री बिजनेस ग्रुप्स के साथ मिलकर काम करेंगी। आरथी सुब्रमणियन ने बताया कि कंपनी अपने टीसीएस पेस पोर्ट में निवेश को फिर से आकार देगी ताकि ग्राहकों को एआई की वास्तविक दुनिया की संभावनाएं दिखा सकें।





इस पहल का लक्ष्य सेवा प्रस्तावों को और मजबूत करना, एआई-डोमेन सॉल्यूशंस को गहरा करना, नए पार्टनरशिप इकोसिस्टम का निर्माण करना और एआई-समर्थित तकनीकी सेवाओं में तेजी लाना है। यह नया यूनिट नवाचार को प्रोत्साहित करेगा और क्लाइंट एंगेजमेंट को आसान बनाएगा। इसके साथ ही डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की गति को भी तेज किया जाएगा, जिससे टीसीएस वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को और बढ़ा सकेगा। इस तरह कंपनी एआई के जरिये भविष्य के लिए अपनी रणनीति को सशक्त कर रही है।

## एप्पल का बड़ा ग्लोबल इवेंट 9 सितंबर को, लॉन्च होंगी 17 सीरीज

**नई दिल्ली ।**

टेक्नोलॉजी की दुनिया के दिग्गज एप्पल का अगला बड़ा ग्लोबल इवेंट 9 सितंबर को कैलिफोर्निया के एप्पल पार्क में स्टीव जॉब्स थिएटर में होने जा रहा है। इस साल की टैगलाइन ऑ ड्रॉपिंग रखी गई है। इस इवेंट में कंपनी आइफोन 17 लाइनअप और कई नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने के लिए तैयार है। कंपनी इस बार आईफोन 17 के तीन मॉडल पेश कर सकती है। एक बेस मॉडल, एक प्रो मॉडल और एक नया आईफोन 17 एयर जो प्लस मॉडल की जगह लेगा। आईफोन 17 एयर की थिकनेस केवल 5.5 मिमी हो सकती है, जो इसे बेहद स्लिम बनाएगी। बेस आईफोन 17 में 6.3 इंच की बड़ी स्क्रीन मिलेगी, जिसका रिफ्रेश रेट 120 हट्र्ज होगा, जो पिछली पीढ़ी के 60 हट्र्ज से बेहतर है। इवेंट में एप्पल वाच सीरीज 11, अल्ट्रा 3 और एसई 3 के नए वर्जन भी पेश किए जा सकते हैं। खासतौर पर एप्पल वाच अल्ट्रा 3 में बड़ी स्क्रीन और फास्ट चार्जिंग की सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही, कंपनी एयरपोड प्रो 3 को भी लॉन्च कर सकती है। यह इवेंट एप्पल के लिए अपने सॉफ्टवेयर और एआई फीचर्स के अपग्रेड का भी मौका होगा, जिसमें लिक्विड ग्लास तकनीक और सिरी के लिए नए एआई अपडेट शामिल हैं।

# संघ प्रमुख के व्याख्यान से साफ होगी वैचारिक तस्वीर


उमेश चतुर्वेदी

**संघ प्रमुख इसके पहले साल 2018 में भी इसी तरह का व्याख्यान दे चुके हैं। जिसमें संघ प्रमुख मोहन राव भागवत ने संगठन के विचारों से उन लोगों का परिचय कराने की कोशिश की थी, जो संघ से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े हैं।**



संवाद और शास्त्रार्थ की परंपरा वाले देश में हाल के दिनों में सार्वजनिक चचाओं की गुंजाइश लगातार कम हुई है। इसे कभी असहिष्णुता तो तभी दूसरे विचार की उपेक्षा के तौर पर देखा गया है। देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद प्रधानमंत्री तक से शिकायत है कि संवाद नहीं रहा। ऐसे माहौल में अगर देश का पुराना संगठन और उसका प्रमुख खुद संवाद के लिए आगे आता है तो उसका भी स्वागत होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन राव भागवत की दिल्ली में होने जा रहे संवाद कार्यक्रम के जरिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने खुद पर उठने वाले सामाजिक और राजनीतिक सवालों के साथ ही आक्षेपित आरोपों पर जवाब देने की तैयारी है। इस कार्यक्रम के लिए राजनीतिक दलों की हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है, देखना है कि कितने दलों के लोग इसमें शामिल होते हैं।

संघ प्रमुख इसके पहले साल 2018 में भी इसी तरह का व्याख्यान दे चुके हैं। जिसमें संघ प्रमुख मोहन राव भागवत ने संगठन के विचारों से उन लोगों का परिचय कराने की कोशिश की थी, जो संघ से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े हैं। संघ से जो जुड़े हैं, जो उसके कार्यकर्ता हैं, जो स्वयंसेवक हैं, वे जानते हैं कि संघ है क्या, संघ की सोच क्या है और संघ किन विचारों के साथ आगे बढ़ रहा है। बहरहाल साल 2018 का वह आयोजन सिर्फ दिल्ली में हुआ था। संघ ने इस बीच अपनी स्थापना की शतकीय यात्रा पूरी करने की ओर है। विजयादशमी के दिन साल 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयादशमी को अपनी सौ साल की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर लेगा। जाहिर है कि यह संघ शताब्दी वर्ष है, इस लिहाज से इस बार संघ की कोशिश अपने विचार को जन-जन और हर परिवार तक पहुंचाने की है। यही वजह है कि इस बार मोहन राव भागवत का यह संवाद कार्यक्रम इस बार बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में संघ में भी आयोजित किया जाना है। संघ के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि इसके अलावे भी अन्य जगहों पर भी व्याख्यान आयोजित किए जाएं।

किसी संगठन का सौ साल पूरा कर लेना मामूली बात नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी 100 साल की यात्रा में समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मोहन राव भागवत के इस शताब्दी व्याख्यान के लिए गंभीर तैयारियां की हैं। संघ ने आगंतुकों के लिए 17 श्रेणियां और 138 उप-श्रेणियां बनाई हैं।

संघ सर्वदा यह जताने की कोशिश करता रहा है कि उसकी सोच, उसका विचार अन्य लोगों से अलग नहीं है। संघ को उसके विरोधियों ने भले ही कभी अछूत तो कभी सांप्रदायिक कहने की कोशिश की हो, लेकिन संघ ने उनके प्रति भी कभी वैमनस्यबोध नहीं रखा और ना ही उनके साथ कोई छुआछूत की भावना रखी। संघ के कई वरिष्ठ कार्यकताओं के अनुभवों से गुजरते हुए पता चला है कि उन्हें विरोधी राजनीतिक विचारधारा वाले नेताओं और बड़ी हस्तियों तक से मिलने, साथ चाय-पानी करने, भोजन करने, सहयोग करने-कराने तक का अवसर मिला है। संघ जरूर एक बात पर जोर देता है कि उसकी सोच भारत की स्थापित और मूल्यवान परंपराओं से प्रभावित है। संघ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में गहराई से विश्वास करता है, इसीलिए वह हर भारतीय मे हिंदुत्व के मूल को देखने-समझने की कोशिश करता रहा है।

संघ पर गांधी जी को लेकर कई मिथ्या आरोप लगते रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि गांधी जी संघ के वर्ग को देखने गए थे। 27 सितंबर 1947 के हरिजन के अंक में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1936 में वर्धा के पास लगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गांधी जी गए थे। उसके अगले दिन गांधी जी के वर्धा स्थित तत्कालीन निवास पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने भेंट की थी। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के कल से होने वाले व्याख्यान में एक बार फिर इसकी चर्चा हो सकती है। चूंकि संघ का दृष्टिकोण राष्ट्र की प्रगति के लिए सभी के साथ मिलकर काम करना है। लिहाजा संघ के इस व्याख्यान का एक उद्देश्य यह भी है कि वह अपनी सौ साल की विकास यात्रा में समूचे देश के साथ जुड़े और समूचा देश एक साथ आगे बढ़ता रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पंच परिवर्तन के सिद्धांत स्वीकार रखा है और इन्हीं बिंदुओं पर समाज के बीच काम कर रहा है। संघ के पंच परिवर्तन का पहला बिंदु है, ससामाजिक समरसता। इसके तहत संघ और उसके असंख्य कार्यकर्ता लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सौहार्द और प्रेम बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम कर रहे हैं। संघ के पंच परिवर्तन का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है कुटुम्ब प्रबोधन, जिसके तहत संघ की कोशिश राष्ट्र के विकास में परिवार को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इकाई के रूप में संवर्धित करने के प्रयासों में लगातार जुटा है। पंच परिवर्तन के तीसरे बिंदु पर्यावरण संरक्षण के तरह संघ पृथ्वी को माता तो मानता ही, इसी आधार पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार सक्रिय रहता है और अपने स्वयंसेवकों के साथ ही समाज से ही आशा करता है कि वह भी ऐसा ही करे। पंच परिवर्तन के चौथे बिंदु स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के तहत संघ अपने विभिन्न सहयोगी संगठनों और प्रकल्पों के माध्यम से लगातार देश की स्वदेशी अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहा है। पंच परिवर्तन के पांचवें बिंदु नागरिक कर्तव्य के तहत संघ की कोशिश देश के हर नागरिक की वैचारिकी को इस तरह स्थापित करना है कि वह अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी कर सके और इस तरह राष्ट्रहित में अपना अप्रतिम योगदान दे सके। ऐसा कहा जा रहा है कि मोहन भागवत के इस व्याख्यान में इस बार इन पंच परिवर्तन के बिंदुओं पर जोर रहेगा और इसके तहत लोगों के बीच संघ अपनी बात, अपनी सोच और अपनी वैचारिकी को ना सिर्फ स्थापित करने की कोशिश करेगा, बल्कि इसके जरिए राष्ट्रहित में अपना अन्यतम योगदान दे सकेगा। संघ को लेकर एक वैचारिकी को स्थापित किया गया है कि वह अल्पसंख्यक विरोधी है। लेकिन यह सोच भी एकांगी है। संघ हर उस विचार और सोच का विरोधी है, जो भारतीयता या राष्ट्र का विरोधी है। संघ ना तो अल्पसंख्यक विरोधी है और ना ही समाज में ऊंचनीच का भाव बढ़ाने की कोशिश करता है। साल 2018 के व्याख्यान में मोहन राव भागवत ने इसे बखूबी रेखांकित करके संघ के दामन पर लगे मिथ्या आरोपों की दाग को साफ करने की कोशिश की थी। माना जा रहा है कि इस बार के व्याख्यान में संघ प्रमुख इस बारे में अपनी राय और गंभीरता से रखते हुए संघ के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे।

साल 2018 में सरसंघचालक भागवत ने 'भविष्य का भारत' विषय पर व्याख्यान दिया था। तब उन्होंने समलैंगिकता, गौरक्षकों को लेकर उठ रही आवाजों, आरक्षण, अंतजार्तीय विवाह और जनसंख्या नीति जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आरएसएस के रुख को स्पष्ट किया। इन बिंदुओं पर व्याख्यान संघ की स्थिति को स्पष्ट करने, आलोचनाओं का प्रतिकार करने और इस बात पर जोर देने के लिए एक अभियान का हिस्सा थे कि हिंदुत्व के बारे में उनका दृष्टिकोण क्या है। उस व्याख्यान में संघ प्रमुख ने संघ के दूसरे प्रमुख गुरू गोलवलकर की चर्चित पुस्तक ह्यब्रंच ऑफ थॉटह्न पर उठने वाले सवालों का जवाब भी दिया था। तब उन्होंने कहा था कि संघ ऐसा संगठन नहीं है, जो एक ही विचार पर ठहरा रहे। दूसरे शब्दों में कहें तो संघ गतिशील संगठन है। हां, उसका मूल भारत, भारतीयता, भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व है। लेकिन इसका मतलब नहीं है कि वह ठस्स विचारों पर अपनी सोच को अटकाए रखे। समय और स्थिति के लिहाज से उसकी वैचारिकी में भी गतिशीलता रहती है। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख इस बार भी ऐसी कोई गतिशील सोच और वैचारिकी को प्रस्तुत कर सकते हैं।

## संपादकीय

### जनहित का मामला नहीं

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ड़िग्री दिखाने की मांग करने वालों के मंसूबों पर ठंड़ा पानी ड़ाल दिया है। अदालत ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को ही रद्द कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक ड़िग्री से संबंधित जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया गया था। इसे निहायत व्यक्तिगत जानकारी मानते हुए अदालत ने साफ कर दिया कि यह कोई जनहित का मामला नहीं है, जो ड़िग्री को सार्वजनिक किया जाए। सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय (ड़ीयू) की याचिका पर न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने यह फैसला सुनाया। विद्वान न्यायाधीश ने फैसले में स्पष्ट किया कि 'कुछ ऐसा जो जनता की जिज्ञ-ासा का विषय हो' और 'कुछ ऐसा जो जनता के हित में हो' बिल्कुल अलग अलग बातें हैं। सूचना का अधिकार के तहत नीरज नामक एक व्यक्ति के आवेदन के बाद, सीआईसी ने 1978 में बीए (कला स्नातक) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दे दी थी। प्रधानमंत्री ने भी यह परीक्षा वर्ष 1978 में ही उत्तीर्ण की थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा इस मामले में सवाल उठाने पर उच्च न्यायालय ने सीआईसी के आदेश पर 23 जनवरी, 2017 को रोक लगा दी थी। सोमवार को आए फैसले ने स्पष्ट कर दिया कि आरटीआई आवेदन में मांगी गई जानकारी में जनहित निहित नहीं है। यह भी साफ कर दिया गया कि शैक्षिक योग्यता कोई ऐसी वैधानिक आवश्यकता नहीं है जो किसी सार्वजनिक पद को संभालने या सरकारी जिम्मेदारियां निभाने को जरूरी हो। सच है कि हमारे देश में सांसद, विधायक बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता कभी बाधक नहीं रही है। वर्तमान लोक सभा में भी तमाम सांसद 12वीं, दसवीं या उससे कम पढ़े लिखे हैं। आरटीआई अधिनियम को सरकारी कामकाज में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था, न कि सनसनी फैलाने के लिए। इस फैसले से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भी राहत मिलेगी। अदालत के फैसले ने सीईसी में बैठे अधिकारियों के ज्ञान के स्तर को भी एक तरह से कठघरे में खड़ा कर दिया है। यदि उन्होंने समझदारी से काम लिया होता तो विवाद ही खड़ा नहीं होता। कांग्रेस का कहना है कि इस मामले को इतना गोपनीय क्यों बनाया जा रहा है। क्या इसीलिए आरटीई में छह साल पहले संशोधन



## चुनावी प्रचार सोशल मीडिया पर, तो विधानसभा क्यों नहीं?


डॉ. प्रियंका सौरभ

सदन की मयार्दा या जनता का अधिकार झ्र गरिमा की रक्षा या जनता से दूरी?

यदि विधानसभा की कार्यवाही सोशल मीडिया पर प्रसारित करना प्रतिबंधित है तो फिर नेताओं और दलों को भी चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग नहीं करना चाहिए। आज वोट माँगने के लिए रैलियों और टीवी के साथ-साथ फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर बड़े पैमाने पर प्रचार किया जाता है। ऐसे में केवल सदन की कार्यवाही को रोकना अनुचित प्रतीत होता है। लोकतंत्र में नियम सबके लिए समान हों, तभी व्यवस्था पर जनता का विश्वास कायम रह सकता है। भारत में 82 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से 45 करोड़ से अधिक सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। टीवी दर्शकों की संख्या घट रही है और लोग मोबाइल पर सीधे समाचार देखना पसंद करते हैं। विधानसभा की कार्यवाही केवल टीवी चैनलों तक सीमित करने का निर्णय लोकतांत्रिक पारदर्शिता को सीमित कर सकता है। बेहतर उपाय यह होगा कि विधानसभाएँ अपने आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाएँ, जहाँ कार्यवाही का सम्पूर्ण और सत्य प्रसारण हो। इस तरह सदन की गरिमा भी बनी रहेगी और जनता को सूचना तक पहुँच का अधिकार भी मिलेगा। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी पारदर्शिता और जनता की भागीदारी में निहित है। संसद और विधानसभाएँ जनता की आवाज का प्रतिनिधित्व करती हैं और वही स्थान हैं जहाँ नीतियाँ, कानून और जनहित से जुड़े अहम मुद्दे तय किए जाते हैं। ऐसे में सदन की कार्यवाही तक जनता की पहुँच किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियादी जरूरत कही जा सकती है। हाल ही में हरियाणा प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिया गया यह निर्णय कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और वेब चैनलों पर अब विधानसभा की कार्यवाही का प्रसारण नहीं किया जाएगा, कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। यह फैसला पारदर्शिता को सीमित करने वाला है या फिर सदन की गरिमा को बचाने वाला–यही इस संपादकीय का मूल प्रश्न है।

पिछले एक दशक में सोशल मीडिया ने भारतीय लोकतंत्र में एक नई क्रांति ला दी है। पहले जहाँ लोग टीवी समाचार चैनलों या अखबारों के भरोसे रहते थे, वहीं अब फेसबुक लाइव, यूट्यूब स्ट्रीमिंग और ट्विटर अपडेट्स से उन्हें तुरंत जानकारी मिल जाती है। विधानसभा या संसद जैसी संस्थाओं की कार्यवाही अब केवल दीवारों के भीतर सीमित नहीं रही, बल्कि सीधे जनता के मोबाइल स्क्रीन पर पहुँचने लगी।

यह बदलाव सकारात्मक भी था। आम नागरिक, खासकर युवा, लोकतांत्रिक विमर्श से जुड़ने लगे। उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि उनके चुने प्रतिनिधि सदन में उनके मुद्दों पर किस तरह की बहस कर रहे हैं। लेकिन साथ ही इसके नकारात्मक पहलू भी सामने आए। कई बार सदन की गंभीर बहस के छोटे-छोटे अंश निकालकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए गए, जिनका प्रयोग राजनीतिक प्रचार, व्यंग्य या गलतफहमियाँ फैलाने के लिए किया गया। नतीजतन, कार्यवाही का वास्तविक उद्देश्य पीछे छूट गया और विवादों ने ज्यादा सुर्खियाँ बटोरीं।

हरियाणा प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष हरिविंद्र कल्याण का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते वीडियो-संदेशों ने सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। कई बार असंसदीय शब्दों, हंगामों और कटाक्षों के छोटे-छोटे हिस्सों को बार-बार प्रसारित किया जाता है, जिससे जनता तक केवल नकारात्मक छवि ही पहुँचती है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब से केवल मान्यता प्राप्त टीवी चैनल ही कार्यवाही का सीधा प्रसारण कर सकेंगे, जबकि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव या रिकॉर्डिंग डालने पर सख़्त प्रतिबंध रहेगा। उनका तर्क यह भी है कि सदन की कार्यवाही से हटाए गए शब्दों और अंशों को सोशल मीडिया पर प्रसारित करना सीधा नियमों का उल्लंघन है। इसलिए इस पर रोक लगाना आवश्यक है। आदेश में यह भी कहा गया है कि उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

हालाँकि यह तर्क सतही तौर पर सही प्रतीत होता है, लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से कई प्रश्न भी खड़े करता है। विधानसभा जनता के टैक्स से चलती है, और वहाँ की हर गतिविधि का सीधा संबंध नागरिकों से है। ऐसे में सूचना तक पहुँच को सीमित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत माना जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी टीवी नहीं देखती। वह यूट्यूब, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर सक्रिय है। यदि केवल टीवी चैनलों तक कार्यवाही सीमित कर दी जाएगी, तो एक बड़ी आबादी लोकतांत्रिक विमर्श से वंचित रह जाएगी। जब केवल चुनिंदा माध्यमों को अनुमति होगी, तो यह संदेश जाएगा कि सूचना पर नियंत्रण किया जा रहा है। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही कमजोर होगी। भारत में 82 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का प्रयोग करते हैं।लगभग 45 करोड़ लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि) पर सक्रिय हैं। टीवी देखने वालों की संख्या घट रही है, जबकि मोबाइल पर समाचार देखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संसद टीवी और राज्य विधानसभाओं के चैनल बहुत कम दर्शकों तक पहुँच पाते हैं, जबकि यूट्यूब पर एक लाइव स्ट्रीम लाखों दर्शक जुटा सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, लोकतंत्र में डिजिटल पारदर्शिता ही जनता का विश्वास बनाए रखने का सबसे बड़ा साधन है।

टीवी चैनल अब भी सीमित वर्ग तक ही पहुँचते हैं, जबकि सोशल मीडिया की पहुँच गाँव-गाँव और युवाओं तक है। भारत जैसे देश में जहाँ डिजिटल इंडिया की बात होती है, वहाँ सूचना को केवल टीवी चैनलों तक सीमित करना समय की माँग से मेल नहीं खाता। आज की राजनीति और समाज का बड़ा विमर्श ट्विटर ट्रेंड्स और यूट्यूब डिबेट्स में ही आकार लेता है।

यह सही है कि सदन की कार्यवाही को असंदर्भित तरीके से सोशल मीडिया पर फैलाना उचित नहीं। कई बार मजाक या राजनीतिक हमले के लिए हिस्से काटकर वायरल कर दिए जाते हैं। इससे जनता तक अधूरी और गलत तस्वीर पहुँचती है। लेकिन समाधान यह नहीं कि पूरी तरह से रोक लगा दी जाए।

बेहतर उपाय यह हो सकता है कि विधानसभा खुद एक आधिकारिक यूट्यूब चैनल, ट्विटर हैंडल और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए। वहाँ से कार्यवाही का सम्पूर्ण और बिना संपादन वाला प्रसारण किया जाए। साथ ही स्पष्ट नियम बनाए जाएँ कि अन्य लोग इस आधिकारिक कंटेंट को संदर्भ बदलकर नहीं इस्तेमाल कर सकते। इस तरह मयार्दा भी बनी रहेगी और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में संसद और विधानसभा की कार्यवाही लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से जनता तक पहुँचाई जाती है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने अपनी संसद की कार्यवाही को ऑनलाइन सुलभ कर रखा है। वहाँ भी असंसदीय शब्द या हंगामे होते हैं, लेकिन फिर भी जनता को सम्पूर्ण जानकारी दी जाती है ताकि लोकतंत्र में विश्वास बना रहे।

### चिंतन-मनन


### दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव

अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात वास्तविक ज्ञान।

यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है।

इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

## मुद्दाः गणपति पूजन और प्रकृति का सम्मान


पंकज चतुर्वेदी

कुछ ही दिनों में बारिश के बादल अपने घरों को लौटने वाले हैं। सुबह सूरज कुछ देर से दिखेगा और जल्दी अंधेरा छाने लगेगा। असल में मौसम का यह बदलता मिजाज उमंगों-खुशहाली के स्वागत की तैयारी है। सनातन मान्यताओं की तरह प्रत्येक शुभ कार्य के पहले गजानन गणपति की आराधना अनिवार्य है और इसीलिए उत्सवों का प्रारंभ गणेश चतुर्थी से ही होता है। कुछ साल पहले प्रधानमंत्री 'मन की बात' में अपील कर चुके हैं कि देव प्रतिमाएं प्लास्टर आफ पेरिस (पीओपी) की नहीं बनाएं, मिट्टी की ही बनाएं। तेलंगाना, महाराष्ट्र, राजस्थान की सरकारें भी ऐसे आदेश जारी कर चुकी हैं, लेकिन राजधानी दिल्ली से सटे साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के बाहर धड़ल्ले से पीओपी की प्रतिमाएं बन रही हैं और बिक भी रही हैं। ऐसा ही दृश्य देश के हर बड़े-छोटे कस्बों में देखा जा सकता है।

यह तो प्रारंभ है, इसके बाद दुर्गा पूजा या नवरात्रि, विश्वकर्मा पूजा, दीपावली से ले कर होली तक एक के बाद एक के आने वाले त्योहार असल में किसी जाति-पंथ के नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की मजबूत कड़ियां हैं। विडंबना है कि जिन पर्व-त्योहारों के रीति रिवाज, खानपान कभी समाज और प्रकृति के अनुरूप हुआ करते थे, आज पर्व के मायने हैं पर्यावरण, समाज और संस्कृति सभी का क्षरण। निर्देश, आदेश, अदालतों के फरमान के बावजूद गणपति-पर्व का मिजाज बदलता नहीं दिख रहा है। महाराष्ट्र, उससे सटे गोवा, आंध प्रदेश व तेलगांना, छत्तीसगढ़, गुजरात व मप्र के मालवा-निमाड़ अंचल में पारंपरिक रूप से मनाया जाने वाला गणेशोत्सव अब देश में हर गांव-कस्बे तक फैल गया है। दिल्ली में ही हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी मूर्तिंयां स्थापित हो रही हैं। यही नहीं मुंबई के प्रसिद्ध लाल बाग के राजा की ही तरह विशाल प्रतिमा, उसी नाम से यहां देखी जा सकती है। पारंपरिक तौर पर मूर्ति मिट्टी की बनती थी, जिसे प्राकृतिक रंगों, कपड़ों आदि से सजाया जाता था। आज प्रतिमाएं प्लास्टर आफ पेरिस से बन रही हैं, जिन्हें रासायनिक रंगों से पोता जाता है। कुछ राज्य सरकारों ने प्लास्टर आफ पेरिस की मूर्तिंयों को जब्त करने की चेतावनी भी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया और पूरा बाजार घटिया रासायनिक रंगों से पुती पीओपी की प्रतिमाओं से पटा हुआ है। गणेशात्सव का समापन होते ही नवरात्रि में दुर्गा पूजा शुरू हो जाएगी। यह भी लगभग पूरे भारत में मनाया जाने लगा है। हर गांव-कस्बे में एक से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक पूजा पंडाल बन रहे हैं। बीच में विश्वकर्मा पूजा भी आ गई और अब इसी की प्रतिमाएं बनाने की रिवाज शुरू हो गई है। कहना ना होगा कि प्रतिमा स्थापना कई हजार करोड़ की चंदा वसूली का जरिया है। एक अनुमान है कि हर साल देश में इन तीन महीनों के दौरान 10 लाख से ज्यादा प्रतिमाएं बनती हैं और इनमें से 90 फीसद पीओपी की होती है। इस तरह देश के ताल-तलैया, नदियों-समुद्र में नब्बे दिनों में कई सौ टन प्लास्टर आफ पेरिस, रासायनिक रंग, पूजा सामग्री मिल जाती है। पीओपी ऐसा पदार्थ है जो कभी समाप्त नहीं होता है। इससे वातावरण में प्रदूषण का मात्रा के बढ़ने की संभावना बहुत अधिक है। प्लास्टर आफ पेरिस, कैल्शियम सल्फेट हेमी हाइड्रेट होता है जो कि जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट डीहाइड्रेट) से बनता है चूंकि ज्यादातर मूर्तियां पानी में न घुलने वाले पीओपी से बनी होती है, उन्हें विषैले एवं पानी में न घुलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबेल रंगों में रंगा जाता है, इसलिए हर साल इन मूर्तियों के विसर्जन के बाद पानी की बॉयोलॉजिकल आक्सीजन डिमांड तेजी से घट जाती है जो जलजन्य जीवों के लिए कहर बनता है। वैसे बहुत से राज्य ऐसी प्रतिमाओं को नदी-तालाब के स्थान पर कृत्रिम बनाए गए तालाबों में विसर्जन की व्यवस्था कर रहे हैं, लेकिन इस तरह विसर्जित प्रतिमाओं का जहर भी अंततः प्रकृति में ही घुलता है। परंपरा तो ही थी कि कुम्हार नदी-सरिताओं के तट से यह चिकनी महीन मिट्टी ले कर आता था और उससे प्रतिमा गढ़ता था। पूजा होती थी और-'तेरा तुझको अर्पण' की सनातन परंपरा के अनुसार उस मिट्टी को फिर से जल में ही प्रवाहित कर दिया जाता था, लेकिन आज तो हम नदी में जहर बहा रहे हैं जो जलचरों का काल बना है।

सवाल खड़ा होता है कि तो क्या पर्व-त्योहारों का विस्तार गलत है? इन्हें मनाना बंद कर देना चाहिए?



एक तो हमें प्रत्येक त्योहर की मूल आत्मा को समझना होगा, जरूरी तो नहीं कि बड़ी प्रतिमा बनाने से ही भगवान ज्यादा खुश होंगे! क्या छोटी प्रतिमा बना कर उसका विसर्जन जल-निधियों की जगह अन्य किसी तरीके से करके, प्रतिमाओं को बनाने में पर्यावरण मित्र सामग्री का इस्तेमाल करने जैसे प्रयोग तो किए जा सकते हैं। भारतीय पर्व असल में प्रकृति को उसकी देन-आशीर्वाद के लिए धन्यवाद देने के लिए होते हैं, लेकिन इस पर बाजारवाद जो रंग चढ़ा है, उससे वे प्रकृति-हंता बन कर उभरे हैं। प्रशासन के लिए भी प्रधानमंत्री की अपील काफी है कि वह बलात पीओपी की प्रतिमाओं के निर्माण पर पाबंदी लगाए। समाज को भी गणपति या देवी प्रतिमाओं को पानी में विसर्जित करने के बजाए जमींदोज करने के विकल्प पर विचार करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार में भूकंप के झटके

**नाएप्यीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इन भूकंप के झटकों की तीव्रता 3.5 रही। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन में 25 किलोमीटर नीचे था। इससे पहले भी म्यांमार में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिनकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.9 थी। म्यांमार भूकंप के लिहाज से संवेदनशील इलाके में स्थित है और यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इस साल 28 मार्च को भी यहां 7.7 और 6.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### ताइवान की सीमा में घुसे चीनी विमान

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि चीनी सेना के छह विमानों और सात युद्धक जहाजों ने ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह पीएलए विमानों और सात युद्धक जहाजों के साथ ही चीनी सेना के एक आधिकारिक जहाज को सुबह छह बजे ताइवान की सीमा के पास देखा गया। छह विमानों में से एक ने मीडियन लाइन को पार कर ताइवान की सीमा में प्रवेश किया। हम हालात की समीक्षा कर रहे हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। गौरतलब है कि चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और इसके चलते अक्सर उसके विमान और युद्धक जहाज ताइवान की सीमा का उल्लंघन करते दिख जाते हैं।

### नौ मई दंगा केस में इमरान के 75 समर्थकों को जेल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक आतंक-रोधी कोर्ट ने सोमवार को इमरान खान की पार्टी के 75 नेताओं व कार्यकर्ताओं को नौ मई, 2023 के दंगों का दोषी पाते हुए तीन से 10 साल जेल की सजा सुनाई। मामले में कुल 109 आरोपी थे। फैसलाबाद एटीसी ने यह फैसला राणा सनाउल्लाह के घर पर हमले के मामले में सुनाया। सनाउल्लाह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की पंजाब इकाई के अध्यक्ष हैं। पीटीआई पार्टी के 59 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल और 16 अन्य को तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। दोषी ठहराए गए प्रमुख लोगों में नेशनल असेंबली के पूर्व नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिबली फराज, पूर्व सांसद जरताज गुल अहमद चट्ठा शामिल हैं। बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिक ग्वादर व कराची में लोगों को गिरफ्तार कर गायब करने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सुरक्षा बलों ने रविवार देर रात तक ग्वादर के कुलदान, गुब्द व सिंध के कराची से छह लोगों को उठा लिया। इस दौरान सैनिकों ने उनके साथ मारपीट भी की। वहीं, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं।

### नग्न होकर सड़क पर घूम रहे लिल नास एक्स पर पुलिस पर हमला करने के आरोप

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** मशहूर अमेरिकी रैपर और सिंगर मोन्टेरो लामार हिल जो कि लिल नास एक्स के नाम से जाने जाते हैं। उनपर पुलिस अधिकारियों पर हमला करने और विरोध करने के आरोप में चार आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। यह कार्रवाई उस घटना के बाद की गई जब वे पिछले हफ्ते लॉस एंजेलिस की एक सड़क पर नग्न हालत में घूमते पाए गए। लॉस एंजिलिस जिला अटॉर्नी ऑफिस के मुताबिक, 26 वर्षीय लिल नास एक्स पर तीन बार पुलिस अधिकारी को चोट पहुंचाने और एक बार अधिकारी का विरोध करने की गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को उन्हें मामूली अपराध (मिस्डीमीनर) के तहत हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे स्टूडियो सिटी इलाके की व्यस्त वेंचुरा बुलेवार्ड पर उन्हें नग्न हालत में टहलते देखा गया। जब पुलिस ने उन्हें रोका, तो उन्होंने अधिकारियों पर हमला कर दिया। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को शक था कि वह किसी नशे की हालत में हो सकते हैं, इसलिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ घंटे बिताने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। तब से वह पुलिस हिरासत में हैं।

### चीन में काजिकी तूफान से पहले 20 हजार लोग हटाए गए

**सान्या, एजेंसी।** चीन के सान्या शहर में काजिकी नामक तूफान से मंगलवार सुबह तक 320 मिमी (12.6 इंच) तक बारिश होने की आशंका है। इसे देखते हुए अधिकारियों ने दुकानें और सार्वजनिक परिवहन को बंद कर दिया है। तूफान के चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान के दक्षिणी तट से गुजरने के दौरान तेज हवा-बारिश की आशंका है। इसे दखेते हुए 20,728 लोगों को क्षेत्र से हटाया गया है। हैनान में 2,800 से ज्यादा बचावकर्मी तैनात किए गए हैं। सभी 30,769 मछली पकड़ने वाली नौकाएं बंदरगाह पर लौट आई हैं। वहीं, वियतनाम में तूफान के मद्देनजर लाखों लोगों को सुरक्षित हटाया गया है।

# दिवंगत कारोबारी स्वराज पॉल की याद में रखी गई प्रार्थना सभा, बेटे ने कहा- आगे बढ़ाऊंगा ईमानदारी की विरासत

**लंदन, एजेंसी।** जाने-माने अप्रवासी भारतीय कारोबारी लॉर्ड स्वराज पॉल का कुछ दिन पहले 94 साल की उम्र में लंदन में निधन हुआ। उनके बेटे आकाश पॉल ने कहा कि उनके पिता की सच्चाई, भरोसा और ईमानदारी की विरासत हमेशा उनके परिवार और उनके कारोबार कैपैरो समूह का मार्गदर्शन करती रहेंगी। लंदन के चिड़ियाघर में एक प्रार्थना सभा रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यह वही चिड़ियाघर है जिसे लॉर्ड पॉल ने अपने पैसे से बंद होने से बचाया था। इसलिए उनकी याद में यह जगह चुनी गई। इस कार्यक्रम में उनके दोस्त, कारोबारी, नेता और समाज सेवा से जुड़े लोग शामिल हुए। प्रार्थना के दौरान वैदिक मंत्रों का पाठ किया गया।

कैपैरो समूह के निदेशक आकाश पॉल ने पीटीआई से कहा, पिता के लिए लोगों का इतना प्यार और सम्मान देखकर मैं भावुक हूं, शारीरित रूप से उत्साहित हूं और श्रद्धांजलि देने वालों की संख्या देखकर आश्चर्यकित हूं, लेकिन उनके (दिवंगत पिता) गुणों से हैरान नहीं हूं। आकाश ने कहा, मुझे पिता की महान आत्मा पर गर्व है। अब मैं मन से प्रेरित हूं कि उन्होंने जो ईमानदारी, मेहनत और अच्छे सिद्धांतों की मजबूत विरासत छोड़ी है, मैं उसे आगे बढ़ाता रहूं। सच्चाई, भरोसे और साफ दिल से काम करना ही उनकी सबसे बड़ी विरासत है, जो हमेशा हमारे साथ रहेगी।



आकाश ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी के साथ आइसलैंड घूमने गए थे, तभी खबर मिली कि पिता उनसे और पोते से बात करना चाहते हैं। जब फोन कान पर लगाया गया, तो आकाश रो पड़े। उन्होंने कहा, मैंने पिता से कहा कि मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं और जल्दी मिलूंगा। लेकिन यही मेरी उनसे आखिरी बात थी। जैसे ही मैंने अपनी बात खत्म की, कुछ ही मिनट में उनके देखभाल करने वाले का फोन आया कि पिता ने मेरी आवाज सुनकर ही दुनिया को अलविदा कह दिया।

जुलाई 2024 में लॉर्ड पॉल ने आकाश को वूल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय में सम्मानित किया था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि आकाश ने उनके कारोबार को भारत, यूरोप, अमेरिका और ब्रिटेन में आगे बढ़ाया है। आकाश ने कहा, मैं ए से लेकर जेड तक हर अक्षर का इस्तेमाल यह बताने के लिए इस्तेमाल कर सकता हूं कि वह उद्योग जगह के एक महान शख्स क्यों थे। इस प्रार्थना सभा में उनके भाई अंबर, बहन अंजली, उनके पोते-पोतियां, पड़पोते और परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

लॉर्ड स्वराज पॉल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। उन्होंने अपनी बेटी अम्बिका की मौत के बाद लंदन आकर मेहनत से बहुत बड़ा कारोबार खड़ा किया। उन्होंने भारत और इंग्लैंड के संबंधों को भी मजबूत किया। बाद में उन्होंने अपनी बेटी, बेटे और पत्नी की याद में समाज सेवा का काम शुरू किया- जैसे बच्चों के लिए चिड़ियाघर, स्कूलों को मदद और कई दान कार्य। अपनी किताब में उन्होंने लिखा था, मैं बहुत बड़ा आदमी बनने का सपना नहीं देखता था। मैंने जो भी पाया, वो मेहनत से पाया। लेकिन अब मेरी एक ही ख्वाहिश है कि बच्चों का चिड़ियाघर दुनिया का सबसे अच्छा चिड़ियाघर बने।

## प्रधानमंत्री अल्बनीज का सनसनीखेज आरोप- ईरान ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी हमले करवाए

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाया कि उसने ऑस्ट्रेलिया में कम से कम दो यहूदी विरोधी हमलों को अंजाम देने का निर्देश दिया। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खुफिया सेवाओं के मुताबिक, सिडनी के एक रेस्टोरेंट और मेलबर्न की एक मस्जिद पर हुए हमलों के पीछे ईरान का हाथ है। इस वजह से ऑस्ट्रेलिया ईरानी राजदूत को निष्कासित कर रहा है।

**ईरान सरकार ने दिए हमलों के आदेश :** अल्बनीज ने खुफिया एजेंसी का हवाला देते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर एक चिंताजनक निष्कर्ष निकाला है। कम से कम दो हमलों का निर्देश ईरान सरकार ने दिया था। ईरान ने अपनी संलिप्तता को छिपाने की कोशिश की, लेकिन एएसआईओ का मानना है कि इन हमलों के पीछे ईरान ही था। उन्होंने कहा कि पिछले साल 20 अक्टूबर को सिडनी के लुईस कॉन्टिनेंटल किचन और 6 दिसंबर को मेलबर्न के अदास इजराइल सिनागॉग पर हुए हमलों में ईरान की भूमिका थी, जिसे उसने छिपाने की कोशिश की।



**सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश :** अल्बनीज ने कहा कि एएसआईओ के अनुसार, संभव हो कि ईरान ने और हमलों की योजना बनाई हो। उन्होंने इसे ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता करार दिया। ये हमले सामाजिक एकता को कमजोर करने और समुदाय में विभाजन पैदा करने की कोशिश थे।

अल्बनीज ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने तेहरान स्थित अपने दूतावास का कामकाज स्थगित कर दिया है और सभी राजनयिक किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार तेहरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर को आतंकवादी संगठन घोषित करेगी।

## वियतनाम से टकराया तूफान, दक्षिण पूर्व एशिया के कई हिस्सों में भारी बारिश-बाढ़ की चेतावनी

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम में एक उष्णकटिबंधीय तूफान के आने के बाद मंगलवार को दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। वियतनाम की राजधानी में भी भारी बारिश हुई, जिसके चलते सड़कों पर पानी भर गया, होर्डिंग उड़ गए और बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। वियतनाम के सरकारी मीडिया ने बताया कि तूफान काजिकी के चलते अब लाओस के ऊपर एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र बन गए हैं। थाईलैंड में भी बारिश का अनुमान है।



### छह लाख लोगों को सुरक्षित जगह ले जाया जा रहा

वियतनाम सरकार ने भारी बारिश के चलते थान होआ, क्वांग त्रि, ह्यू और दानंग प्रांतों में लगभग 600,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने की योजना बनाई है। तूफान के असर से इन इलाकों में बड़ी संख्या में घर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में हैं। यही वजह है कि सरकार लोगों को प्रभावित इलाकों से निकाल रही है। इस काम में सरकार ने 16,500 से ज़्यादा सैनिक और 107,000 अर्धसैनिक बल के जवानों को लगाया है। सोमवार को उड़ानें रोक दिए जाने के बाद थान होआ और क्वांग बिन्ह प्रांतों के दो हवाई अड्डे मंगलवार को भी बंद रहे।

### तूफान और भारी बारिश से हुआ नुकसान

राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने बताया कि काजिकी तूफान के चलते वियतनाम में 117 किलोमीटर प्रति घंटे (73 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई। तूफान ने होर्डिंग और कई इमारतों की छतें उड़ा दीं, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। यह तूफान सोमवार दोपहर वियतनाम से टकराया, जिससे तटीय प्रांतों में बाढ़ आ गई।

### जलवायु परिवर्तन के चलते दक्षिण पूर्व एशिया में ज्यादा आएंगे तूफान

मध्य वियतनाम के थान होआ और हा तिन्ह प्रांतों में रात भर भारी बारिश होती रही। राजधानी हनोई की सड़कें भी भारी बारिश से जलमग्न हो गई। काजिकी तूफान के चलते चीन के दक्षिणी हैनान द्वीप पर भी तेज़ हवाएं और बारिश हुई थी। वैज्ञानिकों ने पिछले साल एक प्रकाशित अध्ययन में चेतावनी दी थी कि जलवायु परिवर्तन से गर्म हुए समुद्रों के परिणामस्वरूप दक्षिण पूर्व एशिया के चक्रवात जमीन के करीब बनेंगे, वे तेज़ी से मजबूत होंगे और लंबे समय तक चलेंगे, जिससे शहरों के लिए जोखिम बढ़ जाएगा।

## ट्रम्प ने चीन पर 200प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी: कहा- मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा

**वॉशिंगटन डी सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा, अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है।

ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वॉशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है। ट्रम्प ने कहा, चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता। अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा। ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की।

ट्रम्प ने आगे कहा कि उन्होंने हाल ही में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा



सकता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है।

**अमेरिका ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ 90 दिन टाला था :** इससे पहले ट्रम्प ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने अमेरिका-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किया है। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वॉर चला। ट्रम्प ने चीन पर 245प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ।

**चीन ने अमेरिका को रेयर अर्थ मेटल्स की सप्लाई रोकी थी :** चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की ,सप्लाई पर रोक लगा दी थी। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे। ये मटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ा।

**इलेक्ट्रॉनिक्स से आईटी तक में रेयर अर्थ मटेरियल का इस्तेमाल :** रेयर अर्थ मटेरियल 17 एलिमेंट्स का एक ग्रुप है, जो कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर मिलिट्री इक्विपमेंट तक में इस्तेमाल होता है। इसका उपयोग आईटी इंडस्ट्रीज, सौर ऊर्जा, केमिकल इंडस्ट्रीज के अलावा आधुनिक तकनीकी ऑयल रिफाइनरी में और कई अन्य इंडस्ट्रीज में होता है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को किया बर्खास्त

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को उनके पद से हटा दिया है। लिसा कुक को 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नियुक्त किया था। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर जानकारी देते हुए कहा कि लिसा कुक को तत्काल प्रभाव से फेडरल रिजर्व के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से हटाया जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला? :** दरअसल, लिसा कुक पर मॉर्गेज फ्रॉड (गृह ऋण में धोखाधड़ी) का आरोप लगा था। ये आरोप फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के डायरेक्टर बिल पुल्टे ने लगाए थे। बिल पुल्टे ट्रंप के समर्थक और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के आलोचक माने जाते हैं। पुल्टे का दावा है कि जून 2021 में लिसा कुक ने मिशिगन में एक प्रॉपर्टी खरीदी और 15 साल के मॉर्गेज एग्रीमेंट में इसे अपना मुख्य निवास बताया।

उनका दावा है कि इसके एक महीने बाद जुलाई 2021 में कुक ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक और प्रॉपर्टी खरीदी और 30 साल के एग्रीमेंट में इसे भी अपना मुख्य निवास बताया। पुल्टे ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति अपनी ब्याज दर बचाने के लिए झूठ बोल सकता है, वह ब्याज दरों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी कैसे संभाल सकता है?

**22 अगस्त को ट्रंप ने मांगा था इस्तीफा :** इसके बाद पुल्टे ने 20 अगस्त को इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस से शिकायत भी की थी। पुल्टे की शिकायत के बाद जस्टिस डिपार्टमेंट के वकील एड मार्टिन ने फेड चेयर जेरोम पॉवेल को पत्र लिखकर लिसा कुक को तुरंत हटाने की मांग की था। मामला सामने आने के बाद ट्रंप ने भी इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए कुक से इस्तीफा मांगा। इसके बाद ट्रंप ने 22 अगस्त को ऐलान किया था कि अगर कुक इस्तीफा नहीं देती हैं तो वह उन्हें बर्खास्त कर देंगे।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

**अल्जीयर्स, एजेंसी।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को अपनी आधिकारिक अल्जीरिया यात्रा के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने को लेकर बातचीत की। जनरल द्विवेदी ने अल्जीरियाई थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली से मुलाकात की। उन्होंने भारत और अल्जीरिया की सेनाओं के बीच आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की।



भारतीय सेना के जनसंपर्क निदेशालय (एडीजी-पीआई) ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अल्जीयर्स स्थित थल सेना कमान मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और फिर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली के साथ बातचीत की। बातचीत का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाना, शांति और सुरक्षा के प्रति आपसी प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।

अपनी यात्रा की शुरुआत जनरल द्विवेदी ने सोमवार को अल्जीरिया में भारत की राजदूत स्वाति विजय कुलकर्णी की ओर से आयोजित स्वागत रात्रिभोज के साथ की। इस कार्यक्रम में अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न देशों के राजदूतों, रक्षा अधिकारियों, वाणिज्य मंडलों के प्रमुखों, थिंक टैंक और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। जरनल द्विवेदी से पहले हाल ही में भारत की राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) भी अल्जीरिया की यात्रा कर चुके हैं। यह दौरे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की गंभीरता को दर्शाते हैं।

इस यात्रा से पहले 30 जुलाई से एक अगस्त तक अल्जीयर्स में एक रक्षा सेमिनार आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय रक्षा कंपनियों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। इसका मकसद भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा तकनीक और उद्योग में साझेदारी की नींव रखना था। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी की यह पहली विदेशी यात्रा है। यह ऑपरेशन सात मई को उस समय शुरू किया गया था, जब 22 अप्रैल को पहलगाम में एक आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। भारत ने एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए यह अभियान चलाया।

## दुखद घटना पर गहरा अफसोस, पत्रकारों की मौत पर नेतन्याहू बोले- जांच होगी

**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा में इजरायल के हमले जारी हैं। हमास के उग्रवादियों को निशाना बनाने का दावा करने वाले इजरायली हमलों में आम नागरिक, पत्रकार और मेडिकल कर्मचारी बड़ी संख्या में मारे जा रहे हैं। सोमवार को इजरायल ने गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर हवाई हमला किया, जिसमें पांच पत्रकारों सहित 22 लोगों की जान चली गई। इस घटना के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मृतकों के प्रति खेद जताया और जांच की बात कही।

**नेतन्याहू ने क्या कहा? :** प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, इजरायल को गाजा के नासिर अस्पताल में हुई दुखद घटना पर गहरा अफसोस है। उन्होंने कहा कि इजरायल पत्रकारों, स्वास्थ्यकर्मियों और सभी नागरिकों के काम को महत्व देता है। सैन्य अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। हमारा युद्ध केवल हमास के आतंकियों के खिलाफ है। हमारा एकमात्र लक्ष्य हमास को हराना और अपने बंधकों को सुरक्षित वापस लाना है।

**पत्रकारों और डॉक्टरों की मौत :** बता दें कि सोमवार की घटना में रॉयटर्स, एसोसिएटेड प्रेस और अल जजीरा के पत्रकार मारे गए। तीनों समाचार एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। मृतकों में अल जजीरा के मोहम्मद सलामा, रॉयटर्स के कैमरामैन हुसाम अल-मसरी और एपी के लिए काम करने वाले स्वतंत्र पत्रकार मरियम अबू दक्का शामिल थे। गाजा के सिविल डिफेंस संगठन ने बताया कि उनके एक क्रू मेंबर की भी इस हमले में मौत हो गई।

**अस्पताल प्रशासन का बयान :** अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इजरायल के पहले हमले में चौथी मंजिल को निशाना बनाया गया, और कुछ देर बाद दूसरी मंजिल पर हमला हुआ। इस हमले से एम्बुलेंस और आपातकालीन सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा। हमले के बाद पूरे अस्पताल में दहशत फैल गई और चारों ओर धुआं छा गया।

**6 अगस्त से गाजा पर लगातार हमले :** गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इजरायल के एक हमले में कई पत्रकार मारे गए थे। इजरायल ने आरोप लगाया था कि मारा गया अल जजीरा का पत्रकार हमास के लिए काम करता था और वहां से वेतन लेता था। गाजा में इजरायली हमलों में सोमवार सुबह से कम से कम 61 लोग मारे गए हैं, जिनमें सात लोग मानवीय सहायता लेने के लिए कतार में खड़े थे। गाजा की नागरिक सुरक्षा के अनुसार, इजरायल ने 6 अगस्त से गाजा शहर में 1000 इमारतों को नष्ट कर दिया है।

# मधुमेह के खतरे को 6 गुना बढ़ा देता है जरुरत से ज्यादा मोटापा



मोटापे के कारण टाइप-2 मधुमेह और दिल की बीमारियों का खतरा छह गुना बड़ा जाता है। मोटापा के अलावा जेनेटिक कारण और खराब जीवनशैली के कारण भी टाइप-2 मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है।

एक हालिया शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसे स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ द डायबिटीज के सलाना बैठक में प्रस्तुत किया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन के नोवो नॉर्डिस्क फाउंडेशन सेंटर फॉर बेसिक मेटाबोलिज्म रिसर्च की हरमीना याकोपोविच और उनके सहकर्मी ने इस शोध को पेश किया था।

### खराब जीवनशैली परेशानी का सबब

खराब जीवनशैली, मोटापा और आनुवंशिकता टाइप-2 मधुमेह के विकसित होने का अहम कारण हैं। दुनियाभर में यह तेजी से फैल रही एक आम स्वास्थ्य समस्या है।

### क्या कहते हैं आंकड़े

आंकड़ों के अनुसार, अकेले भारत में ही करीब 10 लाख लोग टाइप-2 मधुमेह का शिकार हैं। टाइप-2 मधुमेह को रोकने की वर्तमान रणनीति के में शरीर के वजन को सामान्य रखने और स्वस्थ जीवनशैली पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। मधुमेह के मरीजों को सबसे बढ़ा खतरा बढ़ते वजन के कारण होता है।

# रोजाना एक चम्मच त्रिफला चूर्ण खाकर कम करें पेट की चर्बी

**त्रिफला क्या है:** त्रिफला या त्रिफला चूर्ण जो कि आंवला, हरद और बहेड़ा के अवयवों से मिलकर बना होता है। चूर्ण को बनाने से पहले तीनों अवयव को धूप में सुखाकर चूर्ण बनाया जाता है। वैसे तो ये तीनों चीजें शरीर के लिए बहुत लाभदायक होते हैं मगर त्रिफला के चूर्ण के फायदे अनेक है। त्रिफला कब्ज से राहत दिलाता है, हाजमे की शक्ति को ठीक करता है, चयापचय (metabolism) को बढ़ाता है, दृश्यशक्ति को बढ़ाता है, शरीर के टॉक्सिन को बाहर निकालता है। आयुर्वेद के अनुसार यह शरीर से अतिरिक्त कफ को संतुलित करता है। वात दोष को आसानी से ठीक करता है त्रिफला, जानें कैसे



**कैसे काम करता है त्रिफला:** डीएआरयू जर्नल ऑफ फार्मसूटिकल साइंस के अध्ययन के प्रकाशन के अनुसार त्रिफला वजन घटाने की प्रक्रिया को गति देता है। अध्ययन के तथ्य के अनुसार 5 ग्राम त्रिफला के सेवन से कुछ ही हफ्तों में वजन घटाया जा सकता है। साथ ही आपको यह जानकर खुशी होगी कि आपकी मोटी कमर भी पतली हो सकती है। इसका कोई साइडइफेक्ट भी नही है।

**त्रिफला का इस्तेमाल कैसे करें :** एक छोटा चम्मच (5 ग्राम) त्रिफला चूर्ण के मिश्रण में एक चम्मच शहद मिलाकर कुछ दिनों तक इसका सेवन नियमित रूप से करना चाहिए।

**ऐसे बनाएं मिश्रण:** एक छोटा चम्मच त्रिफला पाउडर लें और उसको एक बर्तन में 200 मिलीलीटर पानी लेकर रातभर भिगोकर रखें (8 घंटे तक)। अगले दिन सुबह इस मिश्रण को तब तक उबालें जब तक कि पानी आधा न हो जाय। आंच से उतारकर पीने लायक ठंडा होने के लिए रख दें। इससे पावडर तलहट में बैठ जाएगा। अब पानी को निथार लें या छानकर उसमें एक चम्मच शहद डालकर रोज सुबह खाली पेट पियें।

## रेसिपी



### वेज बेसन चीला

**सामग्री**

■ बेसन- 2 कप ■ लौकी- 1 कप (कद्दूकस की हुई) ■ शिमला मिर्च- 2 टेबलस्पून (बारीक कटी) ■ सूजी- आधा कप ■ लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून ■ हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी) ■ प्याज- 1 (बारीक कटा) ■ हरा धनिया- 1 टीस्पून (बारीक कटा) ■ नमक- स्वादानुसार ■ तेल- सेंकने के लिए

**विधि**

मिक्सिंग बाउल में बेसन, सूजी और पानी को डालकर बैटर बना लें। ध्यान रखें कि पानी थोड़ा-थोड़ा करके डालें जिससे बैटर ज्यादा पतला न हो और न ही गाढ़ा। फिर इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, हरी मिर्च, प्याज, शिमला मिर्च, लौकी और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मीडियम आंच पर एक तवा गरम करें और गरम होते ही इसमें थोड़ा सा तेल डालें और तवे के चारों तरफ फैला लें। तेल जैसी ही गरम हो जाए, तवे पर बैटर को राउंड शेप में बाहर से अंदर की ओर डालें। एक साइड से सिकने के बाद इसके चारों तरफ थोड़ा सा तेल डालें। फिर पलटकर दूसरे साइड से हल्का ब्राउन होने तक सेंक लें। इसे एल्यूमीनियम फ्वॉयल में रैप करके सॉस के साथ टिफिन में रखें।



### ओट्स एंड वॉलनट बार्स

**सामग्री**

■ ओट्स- 1/4 कप (क्विक कुकिंग रोल्ड) ■ अखरोट- 1/4 कप (बारीक कटे) ■ कॉर्नफ्लैक्स- 5 टेबलस्पून (क्रश किए) ■ आटा- 3/4 कप ■ बेकिंग पाउडर- 1/4 टीस्पून ■ बेकिंग सोडा- 1/2 टीस्पून ■ बटर- 1/4 कप ■ ब्राउन शुगर- 1/4 कप ■ कंडेंस्ड मिलक- 1/4 कप ■ वनीला एसेंस- 1/2 टीस्पून ■ चॉकलेट जेम्स- 1/4 कप ■ नमक- एक चुटकी ■ मेल्ट बटर- 2 टीस्पून

**विधि**

आटा, बेकिंग पाउडर और सोडा को मिक्स कर लें। 1/4 कप बटर और ब्राउन शुगर को एक बाउल में अच्छे से फेंट लें। ओवन को 180 डिग्री पर प्री-हीट कर लें। ब्राउन शुगर में कॉर्नफ्लैक्स, ओट्स, अखरोट, कंडेस्ड मिल्क, वनीला एसेंस, चॉकलेट जेम्स डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें आटे का मिक्सचर और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। नीचे से अलग होने वाले केक टिन को थोड़ा सा बटर लगाकर चिकना कर लें और बार्स के मिक्सचर को इसमें डालकर चारों तरफ से अच्छी तरह से फैला दें। प्री-हीट ओवन में 180 डिग्री पर 30 मिनट के लिए बेक कर लें। फिर इसे मनचाहे शेप के बार्स में काट लें और पूरी तरह से ठंडा कर लें और लंच बॉक्स में रखकर बच्चों को दें।

# मधुमेह की दवा दिमागी चोट का भी करेगी इलाज

आज तक आप शुगर की दवा शरीर में इंसुलिन की मात्रा को नियंत्रित रखने के लिए खाते रहे होंगे। लेकिन अब यह आपके शरीर में इंसुलिन को कंट्रोल करने के साथ-साथ दिमागी चोट का भी इलाज कर सकेगी।

जी हां हाल ही हुआ एक शोध ऐसा ही कुछ दावा करता है। आइए जानते हैं आखिर क्या है यह पूरा शोध? शुगर की दवा पर हुए इस नए अध्ययन में पाया गया कि मधुमेह की दवा मस्तिष्क की चोटों को ठीक कर सकती है और नई कोशिकाओं को विकसित करने में भी मदद करती है। दवा से जुड़ा यह अध्ययन सबसे पहले मादा चूहों पर करके देखा गया था। जिसमें पता चला कि यह दवा सिर्फ महिलाओं पर ही काम कर सकती है। आइए जानते हैं इस दवा की क्या है खासियत।

**शोध** सिर्फ महिलाओं पर होगा असर






### बुद्धिमता में करती है सुधार

वैज्ञानिकों ने इसमें पाया कि टाइप 2 मधुमेह के उपचार में इस्तेमाल होने वाली मेटफॉर्मिन नामक दवा मस्तिष्क में स्टेम कोशिकाओं को सक्रिय करती है, जिससे बुद्धिमता में सुधार होता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि यह दवा केवल मादा चूहों में काम करती है क्योंकि सेक्स हार्मोन एस्ट्राडियोल (अंडाशय में उत्पादित एक प्रमुख एस्ट्रोजन) मेटाफार्मिन की प्रतिक्रिया से स्टेम सेल्स की क्षमता को बढ़ाते हैं। ओंटारियो की टोरंटो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने कहा, यह दवा मस्तिष्क की चोटों और स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी व अल्जाइमर रोग से मस्तिष्क में होने वाली क्षति के इलाज में मददगार हो सकती है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2569




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




**काकुरो -2568 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन



एक बहरा अपने बीमार मित्र को देखने जा रहा था. रास्ते में वह मन ही मन सोचने लगा कि ज्यादा बातें करुंगा तो कुछ का कुछ सुनाई देगा इसलिए कम से कम बोलूंगा. सबसे पहले पूछूंगा कि तबीयत कैसी है? मित्र कहेगा ठीक है. फिर पूछूंगा कि किसकी दवा चल रही है? वह डॉक्टर का नाम बता देगा. सोचते-सोचते बीमार का घर आ गया. मित्र से मिलते ही बहरा बोला, 'कहो कैसी तबीयत है?'

बीमार- 'मर रहा हूं.'

बहरा - अगछा ही है. भगवान करे ऐसा ही हो. दवा किसकी चल रही है?

बीमार - यमराज की.

बहरा - अच्छा डॉक्टर है, खाने को क्या बताया है?

बीमार - पत्थर.

बहरा - ठीक है, पचने में हल्के होते हैं.

☺ ☺ ☺


मैनेजर ने अपने एक कर्मचारी के पिता को बुलाकर कहा- आपका लड़का ऐसे काम कर रहा है, जैसे दस वर्ष से नौकरी कर रहा हो.

कर्मचारी के पिता ने पूछा- क्या वह इतने कम दिनों में ही अच्छा काम करना सीख गया है?

'जी नहीं, वह इतना अधिक आलसी हो गया है.' मैनेजर ने जवाब दिया.

☺ ☺ ☺

## फिल्म वर्ग पहेली- 2569



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणीधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2568**



## सूडोकु -2569


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2568 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 2569



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली -2568 का हल**



## मेडएक्स समिट में मप्र टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर किडज़ानिया को मिले दो गोल्ड अवॉर्ड्स

**एजेंसी**

**भोपाल।** अतुल्य भारत का दिल मध्य प्रदेश, ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही नहीं, बल्कि नवाचार और आधुनिक मार्केटिंग रणनीतियों के लिए भी जाना जा रहा है। गोवा में आयोजित प्रथम मेडएक्स समिट एवं अवॉर्ड्स 2025 में किडज़ानिया इंडिया के 'एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर' को दो श्रेणियों में प्रतिष्ठित गोल्ड अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। बेस्ट एक्सपीरिएंशल मार्केटिंग कैंपेन और बेस्ट ट्रैवल एंड टूरिज्म मार्केटिंग कैंपेन की श्रेणी में ये गोल्ड अवॉर्ड्स प्राप्त हुए। पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के कुशल निर्देशन में दिल्ली एवं मुंबई किडज़ानिया में स्थापित एमपी एक्सपीरियंस सेंटर को अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर ने यह फिर से परिभाषित किया है कि पर्यटन और अनुभवात्मक ब्रांड कैसे दर्शकों के साथ सार्थक रूप से जुड़ सकते हैं। इसने अतुल्य भारत के दिल को युवा भारत के और करीब लाया है, जिससे वे हमारी प्रकृति के महत्व को समझने के लिए प्रेरित हुए हैं। मेडएक्स में मिला यह सम्मान पूरी तरह से योग्य है और वास्तव में हमारे लिए प्रेरणादायक है।

## भारत-श्रीलंका के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद भवन में श्रीलंका से आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया। सांसद अनुराग ठाकुर ने भारतीय राजनीति में संसद की भूमिका, भारतीय लोकतंत्र व संविधान, चुनावी प्रक्रिया, संसदीय समितियों को लेकर श्रीलंकाई सांसदों के प्रश्नों का उत्तर दिया व भारत में लोकतंत्र व संविधान की गहनता व विशालता पर अपने विचार रखे। अनुराग ठाकुर ने इस बैठक के दौरान श्रीलंका से आए सभी सांसदों का पारंपरिक हिमाचली रीति से हिमाचली टोपी पहना कर उनका स्वागत किया व सभी सांसदों को भविष्य में देवभूमि आने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने हैं और हमें समृद्ध संस्कृति और जीवंत लोकतंत्र की भूमि भारत में आपका स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। भारत और श्रीलंका दो राष्ट्र नहीं बल्कि दो भाई हैं जिनकी विरासत समान है तथा जो प्राचीन काल से सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता होने के नाते, हमें इस बात पर गर्व है कि लोकतंत्र हमारे लिए नया नहीं है।

## मनोहर लाल ने की स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा, स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। इसमें स्वच्छता पखवाड़ा की रणनीति, पारंपरिक या लीगेसी अपशिष्ट प्रबंधन, नागरिक सहभागिता, स्वच्छता ऐप के उपयोग और स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों पर विशेष बातचीत हुई। मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि सभी संबंधित विभागों और नगरीय निकायों को स्वच्छ सर्वेक्षण की दिशा में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए, जिससे शहरी भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पहल का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 72 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर, 'ईच वन, टीच वन' मॉडल पर 72 उभरते शहरों को स्वच्छता में मदद करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगी। इससे सफल स्वच्छता मॉडलों का विस्तार किया जा सकेगा और विभिन्न शहरों में कार्यान्वयन की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। यह पहल न केवल संस्थागत मार्गदर्शन को मजबूत करेगी, बल्कि सहकर्मी शिक्षा को भी एक स्थायी रूप देगी।

## सीमाएं कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) की समीक्षा बैठक में सीमावर्ती जिलों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने पर जोर देते हुए कहा कि सीमाएं कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि ये अतिक्रमण एक सुनियोजित डिजाइन के तहत किए जा रहे हैं, जिन पर सख्ती से रोक लगाना आवश्यक है। अमित शाह ने यहां गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित वीवीपी पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने वीवीपी का लोगो भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-1 में प्रशासन कार्यक्रम तक सीमित रहा, लेकिन वीवीपी-2 में दृष्टिकोण बदलना होगा। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे सीमावर्ती इलाकों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने की दिशा में कदम उठाएं। सीमा से कम से कम 30 किलोमीटर दायरे तक सभी अतिक्रमण समाप्त होने चाहिए। गुजरात का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य ने समुद्री और भू सीमा से बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाकर सराहनीय कार्य किया है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाकर विकसित राजस्थान की यात्रा में दें अपना योगदान : भजनलाल शर्मा

**एजेंसी**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांसद-विधायक संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्यमंत्री निवास पर नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर-सिरोही, पाली, बीकानेर, श्रीगंगानगर, झुंझुनू, सीकर, चूरू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, अजमेर और दौसा संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश के विकास पर संवाद किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सीपी जोशी सहित संबंधित संसदीय क्षेत्रों के भाजपा सांसद, विधायक और




लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशी एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस दौरान शर्मा ने विकसित राजस्थान@2047 की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि जन आकांक्षाएं राज्य सरकार के विजन का केन्द्र बिन्दु है। प्रदेश के समावेशी एवं सर्वांगीण विकास के विजन के साथ हमारी सरकार ने बजट में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बिना किसी भेदभाव के बजट का प्रावधान किया है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास में विश्वास रखती है जबकि पिछली कांग्रेस सरकार कमीशन के लिए काम करती थी। गत कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और कुशासन का बोलबाला रहा और पेपरलीक कर युवाओं के सपनों को रौंदने का काम किया। वहीं, हमारी सरकार के डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार सुशासन के उच्चतम मापदंडों के अनुरूप कार्य कर रही है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने एमएलए लोकल एरिया डवलपमेंट एवं डांग, मगरा, मेवात क्षेत्रीय कार्यक्रम के तहत 20 प्रतिशत तक की राशि स्कूलों की मरम्मत का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत के कार्य हेतु विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबी मुक्त राजस्थान का संकल्प लिया है। इसी दिशा में हमने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के माध्यम से 10 हजार से अधिक गांवों में गरीब परिवारों को बीपीएल मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को आएंगे पूर्णिया, एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने 15 सितम्बर को एक बार फिर बिहार आएंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 सितम्बर को बिहार के पूर्णिया आयेंगे। वे पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही सीमांचल को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के लिए विकास की नई दिशा तय करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर भाजपा पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी का यह सातवां बिहार दौरा है। इससे पहले 6 बार प्रधानमंत्री मोदी बिहार आ चुके हैं। भागलपुर, मधुबनी, सासाराम, सीवान, मोतिहारी और गयाजी के दौरे के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया आएंगे। इससे पहले अपने सभी दौरे पर उन्होंने बिहार को



करोड़ों की सौगात देने का काम किया है। गयाजी में भी करीब 13 हजार करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास उन्होंने किया। अब पूर्णिया को एयरपोर्ट की सौगात देने आ रहे हैं।

# 37 वर्षों के बाद रणजीत सागर डैम से छोड़ा गया हजारों क्यूसेक पानी

### रावी से सटे कई इलाके जलमग्न, लोगों ने किया पलायन

**एजेंसी**

**कठुआ।** जम्मू कश्मीर, पंजाब और हिमाचल के बीचो-बीच बहने वाले रावी दरिया पर बने रणजीत सागर डैम के अचानक गेट खोल दिए गए। इसके बाद रावी दरिया से सटे कई इलाके जलमग्न हो गए। जानकार बताते हैं कि सन 1988 में भी इसी प्रकार बाढ़ जैसे हालात पैदा हुए थे जोकि अब करीब 37 वर्षों के बाद एक बार फिर रणजीत सागर डैम प्रबंधन द्वारा हजारों क्यूसेक पानी को छोड़ा गया। दरअसल पिछले कई दिनों से जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण रावी दरिया पर बने दर्जनों डैम खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गए। इसके बाद सभी बांधों को पानी छोड़ना पड़ा। 37 वर्षों के बाद रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने हर एक बांध को खतरे के निशान तक पहुंचा दिया। जिसके बाद रावी दरिया पर बने दर्जनों बांधों ने अपना-अपना पानी छोड़ दिया। जिसके बाद यह पानी कठुआ जिला से सटे रणजीत सागर बांध तक पहुंच गया और बाद में रणजीत सागर बांध प्रबंधन द्वारा हजारों क्यूसेक पानी छोड़ा गया जोकि कठुआ जिले के



लखनपुर क्षेत्र से होते हुए नीचले इलाकों में पहुंच गया। हजारों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद कई मवेशी बह गए, दरिया के किनारे बने कई घरों को नुकसान पहुंचना शुरू हो गया। इससे पहले जिला प्रशासन ने दरिया से सटे कई घरों को खाली करवा दिया है, लोग अपने मवेशी लेकर दूसरी जगह पर स्थानांतरित हो गए हैं। कई घर सात से आठ फिट तक डूब गए। लखनपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप भी खाली करवाया गया। वहीं अगर बारिश का सिलसिला इसी प्रकार जारी रहा तो डैम द्वारा ओर पानी भी छोड़ा जा सकता है, जिससे लखनपुर के साथ-साथ कठुआ के कई इलाके इसकी चपेट में आ सकते हैं।

# बाढ़ में 3500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**एजेंसी**

**जम्मू ।** जम्मू जिले में लगातार भारी बारिश के कारण बाढ़ और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद जिला प्रशासन, जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर त्वरित बचाव अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 3500 से अधिक लोगों को प्रभावित इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

प्रशासन का मुख्य ध्यान संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को निकालने, उन्हें अस्थायी आश्रय, भोजन, स्वच्छ पानी और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को बहाल करने पर है। आरएस पुरा में 85 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। परगवाल के हमीरपुर कोना और गुजराल गांव से 347 निवासियों को अखनूर और जम्मू में स्थानांतरित किया गया। उत्तर जम्मू की नई बस्ती और लोअर मुठी से 160 लोगों को मुठी के कैलाश रिसॉर्ट्स में शरण दी गई, जहां लंगर की व्यवस्था की गई है। नगरोटा में 100 लोगों को कोंडोली मंदिर ले जाया गया, और मरम्मत दल



राजमार्गों से मलबा हटाकर आपातकालीन सेवाओं के लिए मार्ग खोल रहे हैं। सुचेतगढ़ के बदयाल कजियां और टिब्बा बैंस में मकान ढहने के बाद दो परिवारों के 15 सदस्यों को बचाया गया। जम्मू के इंद्र नगर और बल्लोल में 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया, कुछ को बृज नगर में स्थानांतरित किया गया। सित्तरियाला में 45 लोगों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जौरियां में राहत शिविर स्थापित किया गया। सतवारी में 300 निवासियों को एचएसएस सतवारी में स्थानांतरित किया गया, जहां सामुदायिक रसोई के माध्यम से भोजन और पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। खौर और परगवाल में इंद्री, मान चक, बकोरे, हमीरपुर कोना और गजराल से 500 से अधिक लोगों को बचाया गया। खौर में 48 लोगों को सरकारी हाई स्कूल गर्खल और 50 लोगों को सामुदायिक भवन गर्खल में रखा गया है।

# अब फोर्स पहले जैसी नहीं रही, भारत को हल्के में नहीं ले सकता चीन : रिटायर एयर मार्शल चौधरी

**एजेंसी**

**इंदौर।** रिटायर्ड एयर मार्शल शशिकर चौधरी ने कहा कि अब हमारी आर्म्स फोर्स 1962 वाली नहीं हैं। हम अब युद्ध को लेकर टेक्नोलॉजी, ट्रेनिंग और मेन पॉवर में काफी आगे बढ़ गए हैं। 1962 में हमारे सैनिकों के पास गर्म कपड़े, बूट नहीं होते थे, लेकिन आज वह स्थिति नहीं है। आज जीरो टेम्प्रेचर में सैनिक आसानी से अपनी ड्यूटी करते हैं। चीन का फिलीपींस, वियतनाम और ताईवान से बहुत बड़ा झगड़ा चल रहा है। ऐसे में चीन भारत को हल्के में नहीं ले सकता। रिटायर्ड एयर मार्शल चौधरी इंदौर के नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस णौके पर उन्होंने देश सेवा और ऑपरेशन सिंदूर पर खुलकर बात की।



उन्होंने कहा कि अगर चीन की बात करें तो जैसे उनके पास इतने हवाई जहाज, इतनी पनडुब्बियां, इतने पानी के जहाज हैं, तो हम कमजोर जरूर लगते हैं, लेकिन यह भी देखें कि चीन कितना बड़ा देश है। वह अपना गोला बारूद केवल यहां लाकर नहीं रखेगा। उन्होंने कहा कि थॉमस एडिसन ने 1000 बार कोशिश की, लेकिन जब उन्होंने ठान लिया और एक बार सफलता पाई तो इतिहास रच दिया। अच्छी टीम वही होती है, जो एक प्लस एक को केवल दो नहीं, बल्कि 11 बना दे। देश को नंबर-वन बनाने में सिर्फ सैनिक नहीं, आपका और जिम्मेदार नागरिकों का योगदान जरूरी है। चौधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में जो देखा, वह सतत चलने वाली प्रोसेस है और जरूरी भी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में एक बड़ा झंडा गाड़ा है। हम एक होकर ही लड़ते हैं। दूसरा यह कि इंडिजिनस इक्विपमेंट इज एज गुड एज रहा। भारत ने यह सिद्ध कर दिया। इसी तरह से दूसरे इक्विपमेंट भी लगे हैं। चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ तीनों सेनाओं ने मिलकर लड़ाई लड़ी। तीनों ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर में ड्रोन गिराए। उन्हें अलग-अलग आदेश नहीं दिया।

## भारत-अमेरिका 2+2 इंटरसेशनल डायलॉग में रक्षा साझेदारी और रणनीतिक सहयोग पर जोर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच 2+2 इंटरसेशनल डायलॉग वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुआ। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू काकनूर और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी ने की। अमेरिका की ओर से ब्यूरो ऑफ साउथ एंड सेंट्रल एशियन अफेयर्स की सीनियर ब्यूरो ऑफिसियल बेथनी पी. मॉरिसन और इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी अफेयर्स के एक्टिंग असिस्टेंट सेक्रेटरी जेडिडियाह पी. रॉयल ने भाग लिया। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय पहल, क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों और साझा रणनीतिक प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया। इसमें व्यापार और निवेश, ऊर्जा सुरक्षा (विशेषकर नागरिक परमाणु सहयोग को मजबूत करने), महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, मादक पदार्थों की रोकथाम और आतंकवाद-रोधी सहयोग जैसे मुद्दे शामिल रहे। भारत और अमेरिका ने रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। इसमें नई 10-वर्षीय 'मेजर डिफेंस पार्टनरशिप' फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने की दिशा में काम करने पर सहमति बनी। साथ ही रक्षा उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परिचालन समन्वय, क्षेत्रीय सहयोग और सूचना-साझाकरण में प्रगति को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने यह भी स्पष्ट किया कि इन पहलों को भारत-अमेरिका COMPACT (Catalyzing Opportunities for Military Partnership, Accelerated Commerce & Technology) पहल के तहत आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे 21वीं सदी में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके।

# हिमाचल में मूसलाधार बारिश का कहर, कुल्लू-मनाली में तबाही, मंडी में मंदिर जलमग्न, एक हफ्ते तक अलर्ट जारी

**एजेंसी**

**शिमला,।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। कुल्लू जिले में पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण व्यास नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। मनाली के वाहंग क्षेत्र में ब्यास नदी की बाढ़ में दो रेस्टोरेंट, तीन दुकानें और एक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे जगह-जगह टूट गया, जिससे कुल्लू-मनाली की कनेक्टिविटी बाधित हुई। प्रशासन ने ट्रैफिक को रायसन से डायवर्ट कर लेफ्ट बैंक मार्ग से सुचारू किया। भारी बारिश और नदी के उफान से लोगों में डर का माहौल है। उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस. रवीश ने बताया कि जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों और पुलों को भी नुकसान पहुंचा है। बिजली के ट्रांसफार्मर और जल शक्ति विभाग की परियोजनाएं ठप हो गई हैं। प्रशासन लगातार रेस्टोरेशन कार्य कर रहा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण काम में भी दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे बेवजह आवाजाही से बचें।

**मंडी में ब्यास नदी का प्रकोप**

मंडी जिले में पंचवक्त्र महादेव मंदिर के प्रांगण तक ब्यास नदी का



पानी पहुंच गया है और मंदिर परिसर में आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। गेट पर ताला लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।

**कांगड़ा में पौंग बांध से पानी छोड़े जाने का नया शेड्यूल**

कांगड़ा जिले में लगातार बारिश के कारण पौंग बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। बीबीएमबी प्रशासन ने जलस्तर के अनुसार पानी छोड़ने का नया शेड्यूल जारी किया है। 1390 फीट पर 80 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा और 1399 फीट पर 1 लाख 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। 1400 फीट पर बांध से स्वतः फ्री फ्लो की स्थिति बन जाएगी। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने 1 सितंबर तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी है। 27 अगस्त को शिमला और मंडी में येलो अलर्ट, 28 अगस्त को उना और कांगड़ा में येलो अलर्ट रहेगा। 29 अगस्त को मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में ऑरेंज अलर्ट और उना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## समुद्री क्षेत्र के विकास में तकनीक की बड़ी भूमिका: रामचंद्रन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव टीके रामचंद्रन ने कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र में नए आइडिया और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए मैराथन 2025 कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह देश का पहला समुद्री हैकाथॉन है, जिसे आईआईटी मद्रास में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मकसद समुद्र से जुड़े कामों को और बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक बनाना है। रामचंद्रन ने एक बयान में कहा कि यह मैराथन 27 से 31 अक्तूबर तक मुंबई में आयोजित होने वाले भारत समुद्री सप्ताह 2025 की तैयारियों के तहत किया गया है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र के विकास में तकनीक की बड़ी भूमिका है। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल नए विचार सामने आएंगे बल्कि उद्योग और संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल भी बनेगा। अगर हम आज से तैयारी करें तो 2047 तक एक मजबूत और विकसित समुद्री भारत का सपना साकार हो सकता है।

# छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी-नाले उफान पर हैं। ओडिशा तट से सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण राज्य में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार हैं।मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिलों में अगले 48 से 72 घंटे तक कई स्थानों पर तेज से बहुत तेज बारिश हो सकती है। इन जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का भी अंदेशा है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने अगले तीन दिनों तक दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इसके अतिरिक्त उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में सामान्य बारिश होने की संभावना है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ प्रदेश के उत्तरी जिलों सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और जशपुर में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। वहीं बिलासपुर, मुंगेली और कोरबा जिलों में भी कई जगहों पर अच्छी बारिश दर्ज हो सकती है।



रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद सहित दुर्ग, राजनांदगांव और कबीरधाम जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। हालांकि एक-दो स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। बाढ़ से बिगड़े हालातबस्तर संभाग में भारी बारिश से बाढ़ आ गई है। भारी बारिश के चलते चेरपाल नदी में आई बाढ़ की वजह से करीब 100 गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। इसी बारिश में एनएच 30 की सड़क कट गई है। बाढ़ के कारण बस्तर जिले के मांदर गांव के 85 मकान जलमग्न हो गए। 15 लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने नाव से बाहर निकला। वहीं 6 लोग गंभीर स्थिति में फंसे रहने के कारण उनका रेस्क्यू वायु सेना के हेलीकॉप्टर से किया गया। मांदर गांव में राहत शिविर केंद्र बनाया गया है। केशलूर में 15 से ज्यादा गाड़ियों में फंसे 50 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। बाढ़ के कारण जगह-जगह सड़कें टूट गई हैं। जगदलपुर-दंतेवाड़ा मार्ग में बागमुंडी पनेडा के पास सड़क टूट गई है। इससे आवागमन में परेशानी हो रहा है। हालांकि प्रशासन की तरफ से वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही जा रही है। एनएच 30 की सड़क कटने से पिछले 24 घंटे से आवागमन बाधित है। बीजापुर जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात से झमाझम बारिश का दौर जारी है। इस वजह से पूरे जिले में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने ली जानकारीबस्तर में बाढ़ की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जापान से राजस्व सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले व बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह से दूरभाष पर चर्चा की और राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में जानकारी ली है। उन्हें राजस्व सचिव ने बताया कि राहत और बचाव कार्य पूरी तत्परता से चल रहे हैं और अब तक 68 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

# एम्स के डॉक्टरों ने बनाई सर्वाइकल कैंसर टेस्ट किट, 100 रुपये से भी कम होगी कीमत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सर्वाइकल कैंसर का पता लगाना अब बहुत आसान और सस्ता होने वाला है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) ने सर्वाकल कैंसर का पता लगाने के लिए एक टेस्ट किट तैयार किया है, जिससे दो घंटे के अंदर ही नतीजे आ जाते हैं। इसके साथ ही इसकी कीमत 100 रुपये से भी कम होगी। एम्स के एनाटॉमी विभाग के तहत इलेक्ट्रॉन एंड माइक्रोस्कोप फैशिलिटी में प्रोफेसर डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने इस किट को पीएचडी छात्रा डॉ. सृष्टि रमण के साथ मिलकर बनाया है। यह किट महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का तुरंत पता लगा सकती है। हाल ही में इस किट को एनबीईसी 2025 ने देशभर में बेस्ट इनोवेशन के रूप में चुना है। इसके लिए डॉ. सुभाष चंद्र एंड टीम को 6 लाख रुपये का इनाम भी दिया गया है। साथ ही इसे स्टार्टअप के रूप में डेवलप करने और बाजार में उतारने के लिए इन्वेस्टर्स द्वारा वेंचर कैपिटलिस्ट फंड के लिए चुना गया है। डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि इस किट से अभी तक करीब 400 मरीजों की जांच की गई है, जिसमें 100 फीसदी सही रिजल्ट मिला। आगे भी इसको परखा जा रहा है। डॉ. सुभाष कहते हैं कि सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए यह किट मशीनों के मुकाबले बेहद कम समय में सटीक परिणाम देती है। इसके अधिक निर्माण से इसकी कीमत 100 रुपये से भी कम हो सकती है। यह किट इस्तेमाल करने में भी इतनी आसान है कि इसे कोई भी व्यक्ति जो इसके इस्तेमाल का तरीका जानता है या मेडिकल समझ रखता है, इससे जांच कर सकेगा। डॉ. सुभाष बताते हैं कि सर्वाइकल कैंसर की जांच जिस मशीन से होती है, उसकी कीमत दो साल पहले तक करीब 30 लाख रुपये थी। प्राइवेट में अगर कोई मरीज इस कैंसर की जांच कराता है तो 6 हजार रुपये में यह जांच होती है, जबकि एम्स जोकि नॉन प्रॉफिट स्वायत्त संस्था है और भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा फंडेड है, यहां भी इस जांच के लिए करीब 2 से 3 हजार रुपये लगते हैं। 3100 में से पहले नंबर पर चुनी गई किट नेशनल बायो इंटरप्रिन्योरशिप कॉम्पिटीशन (एनबीईसी) 2025 द्वारा इसे बेस्ट इनोवेशन के रूप में चुना गया है।

# आईसीसी रैंकिंग: ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बनाई बढ़त, शुभमन गिल और रोहित शर्मा शीर्ष पर कायम

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग की नई जारी सूची में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है जबकि शुभमन गिल और रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैके में श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार जीत के बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम को नवीनतम रैंकिंग में बढ़त मिली।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों के इस मुकाबले में 431/2 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उनके तीन बल्लेबाजों ट्रैविस हेड (142), मिच मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। परिणामस्वरूप, तीनों ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की, जिसमें हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान ऊपर चढ़कर 78वें स्थान पर पहुँच गए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 87 रनों की पारी की बदौलत यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय जोड़ी शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756) वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं।

वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर स्थिति और भी कड़ी है, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना 671 रेटिंग अंकों के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर हैं। महाराज ने सीरीज के आखिरी मैच में 57 रन देकर 1 विकेट चटकाने के बाद अपनी रैंकिंग खो दी है। उनकी रेटिंग दीक्षाना के बराबर हो गई है, जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे हफ्ते मैदान पर नहीं उतरे।

गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल लुंगी एनगिडी के जरिए आया। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ तीन मैचों में सीरीज में सबसे ज्यादा 7 विकेट लेने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सीन एबॉट (नौ स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर) और नाथन एलिस (21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर) ने भी प्रोटियाज के साथ सीरीज के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद वनडे गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।

# अनीष भानवाला के हाथों से छूटा गोल्ड, एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**शिमकेंट (कजाखिस्तान) (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। 22 साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता।

अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। मंगलवार को ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा देश को टीम खिताब भी दिलाया। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 72 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में जूनियर स्पर्धाएं भी हो रही हैं। जूनियर निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अब तक 39 स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।

# कोहली ने भी माना, पुजारा की वजह से नम्बर 4 पर बनाए ढेरों रन!, संन्यास पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेतेश्वर पुराजा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है और उनके संन्यास पर पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा था कि पुजारा का तीसरे नंबर पर योगदान, चाहे आप सहमत हों या नहीं, विराट कोहली को भी खूब रन बनाने में मददगार रहा। अब कोहली ने पुजारा के संन्यास पर एक पोस्ट शेयर की है और उन्हें नम्बर 4 पर काम आसान बनाने के लिए धन्यवाद दिया है।

कोहली ने पुजारा के संन्यास पर देरी से प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया का सहारा लिया। कोहली ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुजारा के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'नम्बर 4 पर मेरा काम आसान बनाने के लिए शुक्रिया पुज्जी। आपका करियर शानदार रहा है। बधाई और आगे के लिए शुभकामनाएं। ईश्वर आपका भला करे चेतेश्वर पुजारा।'

गौर हो कि पुजारा भारतीय क्रिकेट में एक उल्लेखनीय विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए और इस प्रारूप में भारत के आठवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनका दबदबा घरेलू क्रिकेट तक भी फैला, जहां उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 21,301 रन बनाए, जिससे अपने दौर के सर्वश्रेष्ठ लाल गेंद विशेषज्ञों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई।

# गंभीर की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, हाई कोर्ट ने इस मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर के खिलाफ निचली अदालती कार्यवाही रोकने की याचिका से सहमत नहीं है। गंभीर, उनके फाउंडेशन और परिवार के सदस्यों पर अवैध रूप से कोविड-19 की दवाइयां वितरित करने के आरोप हैं। गंभीर के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने की याचिका दायर की गई थी। हालांकि न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दृढ़ता से कहा कि अदालत इस अनुरोध पर विचार करेगी।

न्यायाधीश ने कहा, 'अगर आपने एक साधारण अनुरोध किया होता, तो मैं उस पर विचार करती। आप मुझे बहुत सी बातें बताने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले (पार्टी का) नाम, उनकी साख, उनके द्वारा किए गए कार्य। आप नाम उछालने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि यह अदालत में काम करेगा। यह काम नहीं करता।'




अदालत की सुनवाई 8 सितंबर को होनी थी। यह भी कहा गया कि पूर्व सांसद और क्रिकेटर ने लॉकडाउन के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां दान की थीं। हालांकि, उच्च न्यायालय अपने मूल रुख से पीछे नहीं हटा। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक बार स्थगन आदेश लागू हो जाने पर सुनवाई तुरंत रुक जाती है, जांच रुक जाती है और पूरा मामला 'अंततः खारिज' हो जाता है।

यह शिकायत मूल रूप से औषधि नियंत्रण विभाग (डीसीडी) द्वारा गंभीर और उनके फाउंडेशन गौतम गंभीर फाउंडेशन और सीईओ अपराजिता सिंह के खिलाफ दर्ज की गई थी। उनकी मां (सीमा गंभीर) और पत्नी (नताशा गंभीर) को भी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उल्लंघनकर्ताओं के रूप में नामित किया गया है।

# रिंकू सिंह का यूपी टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन जारी, कप्तान ने जड़ा ताबड़तोड़ अर्धशतक

स्पोर्ट्स डेस्क । रिंकू सिंह भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के जाने-माने फिनिशर हैं और एशिया कप से पहले वह अपनी पावर-हिटिंग से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कुछ मैच पहले गोरखपुर लायंस के खिलाफ 48 गेंदों में 108 रन बनाए थे और अब लखनऊ फाल्कन्स के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों में 57 रन ठोक दिए हैं। रिंकू सिंह 10वें ओवर में 73 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। स्पिनरों के खिलाफ उनका प्रदर्शन काफी धीमा रहा, लेकिन तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस क्रिकेटर ने तेज गेंदबाजों की 21 गेंदों पर 46 रन बनाए। उन्होंने अपने 63 प्रतिशत रन बाउंड्री से बनाए जिसमें तीन चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनकी पारी ने मध्य ओवर में मेरठ मावेरिक्स के स्कोर को बढ़ाया और 18वें ओवर में उनके आउट होने तक स्कोर 167 रन हो चुका था। इस प्रकार एशिया कप 2025 से पहले रिंकू सिंह अपनी लय में दिख रहे हैं और आगामी मैचों में भी इसी लय को जारी रखना चाहेंगे। रिंकू सिंह के साथ स्वास्तिक चिकारा और ऋतुराज शर्मा ने भी अर्धशतक जड़े।

# क्या धोनी आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए खेलेंगे? सनसनीखेज दावे से खूला राज




स्पोर्ट्स डेस्क । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके एमएस धोनी IPL में अभी भी खेल रहे हैं और पिछले दो सीजन को छोड़ दें तो टीम को 2023 में खिताब भी जीता चुके हैं। पिछले कुछ सालों से पूर्व भारतीय कप्तान IPL से संन्यास लेने के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने की उनकी प्रबल इच्छाशक्ति ने प्रतियोगिता में उनके करियर को और लंबा कर दिया है। वहीं टीम को ऐसे लीडर की भी तलाश है जो धोनी की तरह टीम को जीता सके। एक रिपोर्ट के अनुसार पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के दिग्गज एमएस धोनी IPL के 2026 संस्करण तक भी अपने खेल करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि धोनी उनके 2026 IPL में भी खेलने की पूरी संभावना है, बशर्ते उनका शरीर फिट रहें।' धोनी ने 44 साल की उम्र में प्रदर्शन की सीमाओं को पार कर लिया है और ष्टस्न् के लिए एक लीडर और फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका बरकरार रखी है। पिछले कुछ सीजन में उनके संन्यास को लेकर अटकलें जोरों पर रही हैं, फिर भी धोनी ने लगातार यही कहा है कि उनका फैसला उनकी फिटनेस और टीम में उनके योगदान पर निर्भर करेगा। गौर हो कि धोनी ने 278 मैचों की 242 इनिंग्स में 38.30 की औसत और 137.45 की स्ट्राइक रेट के साथ 5439 रन बनाए हैं। इसके साथ ही विकेटकीपिंग की बात करें तो उन्होंने 200 आउट किए हैं जिसमें 153 कैच और 47 स्टंपिंग शामिल हैं। इसी के साथ ही धोनी ने फील्डिंग के दौरान 18 डायरेक्ट रन आउट और 36 थ्रो रन आउट किए हैं।

# अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास लिया, विदेशी लीग में खेलने की संभावना

चेन्नई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। अश्विन ने पहले ही टेस्ट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में अब अश्विन किसी भी प्रारुप में पेशेवर क्रिकेट में नहीं दिखेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास उन्होंने पिछले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही ले लिया था। ये अनुभवी स्पिनर आईपीएल के पिछले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से उतरा था पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में माना जा रहा था कि उनको इस बार टीम अपने साथ नहीं रखेगी, इसी को देखते हुए उन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया। सोशल मीडिया पर अश्विन ने अपनी रिटायरमेंट की घोषणा की है। अश्विन ने लिखा, खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के तौर पर मेरा समय आज खत्म हो रहा है पर विभिन्न लीगों में खेल के अवसर के तौर पर मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। ऐसे में अटकलें हैं कि अब वह विदेशी लीग में खेल सकते हैं। अश्विन ने कहा, मैं सभी फ्रेंचाइज़ियों, आईपीएल और बीसीसीआई को इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और सबसे बढ़कर को उन्होंने मेरा अभी तक साथ दिया है। अब जो भी आगे होना है मैं उसका आनंद लेने के लिए तैयार हूं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अश्विन ने आईपीएल में कुल 187 विकेट लिए, जिससे उन्होंने पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपने करियर का समापन किया, उन्होंने पांच अलग-अलग टीमों के लिए 16 सत्र खेले हैं।



# सिंकिफील्ड कप शतरंज : प्रज्ञानन्दा और करूआना शीर्ष पर, खिताब की दौड़ अंतिम राउंड तक पहुँची

**सेंट लुईस, अमेरिका (एजेंसी)।** ग्रांड चेस टूर 2025 के पाँचवें पड़ाव सिंकिफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर पहुँच गया है। आठवें राउंड के बाद भारत के आर. प्रज्ञानन्दा और अमेरिका के फबियानों करूआना संयुक्त रूप से 5 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं और खिताब का फैसला अब अंतिम राउंड में होगा।

आठवें राउंड में प्रज्ञानन्दा ने अमेरिका के वेसली सो के खिलाफ संतुलित खेल दिखाते हुए बाजी ड्रॉ खेली। वहीं करूआना नें फ्रांस के मकसीम वाशिए-लाग्राव से आधा अंक बाँटा। मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने अमेरिका के लेवान अरोनियन से बेहद संघर्षपूर्ण ड्रॉ खेला। इस परिणाम से अरोनियन और सो दोनों 4.5/8 पर बने हुए हैं।



दिन की सबसे बड़ी जीत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने दर्ज की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पोलैंड के जान-क्रिज्सटोफ डूडा और अमेरिका के सैम सेवियन के बीच, तथा अन्य मुकाबले भी बराबरी पर छूटे।

अब अंतिम राउंड में करूआना का सामना विश्व चैम्पियन गुकेश से होगा जबकि प्रज्ञानन्दा की भिड़ंत अरोनियन से होगी। तय है कि खिताब जीतने के लिए अंतिम बाजी बेहद निर्णायक साबित होगी। गुकेश जहां इस टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने सफर का अंत करना चाहेंगे और अगर वह ऐसा करते है तो प्रज्ञानन्दा ख़िताबी जीत के और करीब होंगे और साथ ही फीडे कैंडिडैट में जगह लगभग पक्की कर सकते है।

# नीरज चोपड़ा आज होने वाले डायमंड लीग फाइनल में जीत के इरादे से उतरेंगे




बर्न। भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा गुरुवार को यहां स्विट्जरलैंड में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल में जीत के इरादे से उतरेंगे। नीरज ने यहां पहले भी डायमंड लीग का खिताब जीता था। फाइनल के पहले दिन ज्यूरिख के सेचसेलौटेनप्लात्ज में शहर के प्रतिष्ठित ओपेरा हाउस के ठीक सामने एक स्ट्रीट इवेंट में पांच फील्ड स्पर्धाएं होंगी। नीरज ने इस सत्र में दो डायमंड लीग प्रतियोगिताओं में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। दोहा में 90.23 मीटर के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस चरण में 88.16 मीटर के साथ पहले नंबर पर रहे थे। ??फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के बाद वह तैयारी के लिए 2025 डायमंड लीग के सिलेसिया और ब्रुसेल्स चरण से बाहर रहे थे। ज्यूरिख में होने वाले फाइनल में सात खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 10 का हिस्सा हैं, ऐसे में नीरज को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन के रूप में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे। पिछले साल उन्होंने नीरज को हराया था। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने साल की शुरुआत में ही दोहा में नीरज को पराजित किया था। इस लीग में लंदन 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट और पूर्व विश्व खिताब धारक जूलियस येगो भी शामिल होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा रात 11-15 बजे शुरू होगी।


# जॉन मूनी 6 साल बाद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम में वापसी, एशिया कप से पहले मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयरलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

मूनी ने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शामिल हैं। उनके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोचिंग सर्टिफिकेट हैं।

अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है। ACB ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है। थानाबालासिंगम फिजियोथेरेपी और खेल विज्ञान में एक मजबूत शैक्षिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि लेकर आए हैं।

उन्होंने 2010 में फिजियोथेरेपी में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की, और 2008 में सिडनी विश्वविद्यालय से व्यायाम और खेल विज्ञान में अनुप्रयुक्त विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह ऑस्ट्रेलिया के फिजियोथेरेपी बोर्ड में एक पंजीकृत चिकित्सक और ऑस्ट्रेलियाई फिजियोथेरेपी एसोसिएशन के एक सक्रिय सदस्य हैं। अफगानिस्तान वर्तमान में अबु धाबी में एक प्रशिक्षण और तैयारी शिविर में भाग ले रहा है, जहां वे त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, साथ ही पुरुष टी20 एशिया कप 2025 भी शामिल है।




# गेमिंग एप पर प्रतिबंध से बीसीसीआई सहित कई क्रिकेटरों को हुआ करोड़ों का नुकसान

मुम्बई । ऑनलाइन गेमिंग एप पर केन्द्र सरकार के प्रतिबंध के फैसले से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सहित कई स्टार क्रिकेटरों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिबंध के फैसले से बीसीसीआई को करीब 245 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं गेमिंग एप का प्रचार कर रहे विराट कोहली से लेकर रोहित शर्मा और महेन्द्र सिंह धोनी को भी करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है। भारत सरकार के पैसे से जुड़े सभी गेमिंग एप पर पाबंदी लगाने के बाद इन कंपनियों ने सारे विज्ञापन बंद कर दिये हैं और प्रायोजकों से भी करार समाप्त कर दिया है। इसके अलावा भी दर्जनों क्रिकेटरों को केंद्र सरकार के नए आदेश से झटका लगा है। बीसीसीआई को ड्रीम11 से प्रायोजक के तौर पर सालाना करीब 120 करोड़ रुपये मिलते थे। इसके अलावा आईपीएल का एसोसिएट प्रायोजक माय11सर्किल था, जिसके साथ करीब 125 करोड़ रुपये सत्र का अनुबंध था। इस तरह बोर्ड को करीब 250 करोड़ का नुकसान हुआ है। बीसीसीआई को हालांकि फिर भी दूसरे प्रयोजक मिल जाएंगे पर इतनी अधिक रकम मिलना संभव नहीं है। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, विराट, रोहित और धोनी के अलावा अन्य खिलाड़ियों को भी प्रचार के लिए करोड़ों रुपये गेमिंग कंपनियों से मिले रहे थे जो अब नहीं मिलेंगे। विराट की करें तो उनका मोबाइल प्रीमियर लीग यानी एमपीएल के साथ 10 से 12 करोड़ रुपये का करार था जबकि रोहित शर्मा का 6 से 7 करोड़ का करार डील ड्रीम11 के साथ था। इसी प्रकार धोनी को भी 6 से 7 करोड़ विंजो से मिलते थे। रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, ऋषभ पंत और पांड्या बंधुओं के भी ड्रीम11 के साथ करोड़ों रुपयों के कारण पर जुड़े थे जबकि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ आदि भी एक गेमिंग कंपनी माय 11 सर्कल से अनुबंधित थे।

# ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर को हुआ कैंसर, देश को जिता चुका है वर्ल्ड कप

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप जिताने वाले पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क इन दिनों जिंदगी की सबसे कठिन पारी खेल रहे हैं। क्लार्क स्किन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए बताया कि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह घातक बीमारी कोई अफवाह नहीं बल्कि सच है। उन्होंने बताया कि उनकी नाक से एक और कैंसर हटाने के लिए सर्जरी हुई है और उन्होंने फैंस को सावधानी बरतने और समय पर जांच कराने की अपील भी की।

### स्किन कैंसर कोई अफवाह नहीं है, ये हकीकत है

क्लार्क ने सोशल मीडिया पर अपने हालिया ऑपरेशन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी नाक से स्किन कैंसर के एक नए हिस्से को हटाया गया है। पोस्ट में क्लार्क ने बीमारी को लेकर लोगों को आगाह करते हुए लिखा, 'स्किन कैंसर कोई अफवाह नहीं है, ये हकीकत है, खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में। आज मेरी नाक से एक और कैंसर हटाया गया। ये एक फ्रेंडली रिमाइंडर है कि अपनी स्किन की नियमित जांच जरूर करवाएं। जल्दी पहचान ही बचाव का सबसे बड़ा तरीका है।'

### 2006 से चल रही है लड़ाई

माइकल क्लार्क को 2006 में पहली बार इस बीमारी का पता चला था। तब से अब तक वह कई बार इसके इलाज से गुज चुके हैं। यह उनका पहला ऑपरेशन नहीं है, बल्कि एक लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है जिसमें उन्होंने बार-बार स्किन कैंसर को हराने की कोशिश की है।

### क्रिकेट जगत में अकेले नहीं

क्लार्क इस बीमारी से लड़ने वाले अकेले नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने भी हाल ही में स्किन कैंसर से जूझने की बात कही थी। वहीं दिग्गज कमेंटेटर रिची बेनो की 2015 में इसी बीमारी से मौत हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया की तेज धूप और जलवायु स्किन से जुड़ी बीमारियों के लिए विशेष रूप से जोखिम भरी मानी जाती है।

### माइकल क्लार्क का क्रिकेट करियर

टेस्ट : 115 मैच, 8,643 रन, 49.10 की औसत, 28 शतक और 27 अर्धशतक, सर्वश्रेष्ठ स्कोर 329*

वनडे : 245 मैच, 7,981 रन, 44.58 की औसत, 8 शतक और 58 अर्धशतक, सर्वश्रेष्ठ स्कोर 130




टी20 अंतरराष्ट्रीय : 34 मैच, 488 रन, 21.21 की औसत

क्लार्क ने 2013-14 में एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से जीत दिलाई।

2015 में ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप (ICC Cricket World Cup) जीतने में नेतृत्व किया।



# इस रिएलिटी शो में नजर आएंगे अर्जुन बिजलानी

**टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 'मिले जब हम तुम', 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' और 'नागिन' जैसे लोकप्रिय शोज में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके अर्जुन अब एक नए रियलिटी शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो का नाम है 'राइज एंड फॉल', जिसे सितंबर में अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाएगा।**

इंस्टाग्राम पर शेयर किया इमोशनल वीडियो अर्जुन बिजलानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया था, जिसने उनके फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया। वीडियो में अर्जुन अपनी पत्नी नेहा और बेटे अयान का जिक्र करते हुए कहते हैं कि उन्हें एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा है और अब वो एक अलग रास्ते पर बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपने परिवार का हमेशा साथ देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। कई लोगों ने इसे उनके निजी जीवन से जोड़ दिया और अलगाव की अटकलें भी लगाईं। लेकिन बाद में साफ हुआ कि यह वीडियो असल में उनके आने वाले शो 'राइज़ एंड फॉल' से जुड़ा था।

'राइज़ एंड फॉल' एक हाई-वोल्टेज रियलिटी शो है जिसमें 16 कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे। शो का फॉर्मेट पावर और स्ट्रैटेजी पर आधारित है। इसमें कंटेस्टेंट्स को दो वर्गों में बांटा जाएगा- शासक और कामगार। शासकों के पास अधिकार और फैसले लेने की ताकत होगी, जबकि कामगारों को उनका पालन करना होगा। लेकिन इस खेल में सत्ता स्थायी नहीं है। किसी भी वक्त शासक कामगार बन सकता है और कामगार शासक। इस तरह शो में लगातार ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिलेंगे।

## अर्जुन बिजलानी के लिए नया चैलेंज

अर्जुन बिजलानी लंबे समय से टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने रोमांस से लेकर थ्रिलर और रियलिटी शोज तक हर फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन 'राइज एंड फॉल' उनके करियर का एक बिल्कुल नया मोड़ है। यह शो न केवल उनकी रणनीतिक सोच बल्कि धैर्य की भी परीक्षा लेगा।



# रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना की एंट्री

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों लगातार फिल्में साइन कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अजय देवगन की रेड 2 में स्पेशल अपीयरेंस दिया था और अब रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एकता कपूर की सबसे चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रैंचाइजी रागिनी एमएमएस 3 के तीसरे पार्ट में नजर आ सकती हैं। अगर सब कुछ तय होता है तो यह तमन्ना के करियर का सबसे अलग और बोल्ड प्रोजेक्ट साबित हो सकता है।

## तमन्ना ने साइन की रागिनी एमएमएस 3

रिपोर्ट की मानें तो एकता कपूर काफी समय से रागिनी एमएमएस 3 को बनाने की प्लानिंग कर रही थीं। लंबे ब्रेनस्टॉर्मिंग के बाद अब उन्हें ऐसा सब्जेक्ट मिल गया है जो इस हॉरर यूनिवर्स के साथ पूरी तरह मेल खाता है। कहा जा रहा है कि फिल्म का शूटिंग शेड्यूल 2025 के आखिर में शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक, तमन्ना से इस फिल्म को लेकर बातचीत उनकी आने वाली फिल्म वीवन के सेट पर हुई थी, जहां उन्होंने स्क्रिप्ट सुनकर फिल्म को हां कर दिया है। खबरें ये भी हैं कि फिल्म सिर्फ डर और थ्रिल तक सीमित नहीं होगी बल्कि इसमें म्यूजिक और ग्लैमर का तड़का भी लगेगा। मेकर्स ऐसा चार्टबस्टर सॉन्ग तैयार करने की कोशिश में हैं जो पूरे देश में धूम मचा दे। हालांकि इसे लेकर कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है।

साल 2011 में रिलीज हुई पहली रागिनी एमएमएस में राजकुमार राव और कैनाज मोटिवाला लीड में थे। फिल्म को दर्शकों ने हॉरर और थ्रिल के नए कॉम्बिनेशन के तौर पर सराहा। इसके बाद 2014 में आई दूसरी किस्त रागिनी एमएमएस 2, जिसमें सनी लियोनी नजर आईं। यह फिल्म भी हिट रही और इसके गाने लंबे समय तक पार्टी चार्ट पर छाए रहे। अब पूरे दस साल बाद एकता कपूर इस फ्रैंचाइजी को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं और तमन्ना को इसके लिए एकदम परफेक्ट फिट माना जा रहा है।

### तमन्ना के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

तमन्ना के पास इस वक्त कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वह विशाल भारद्वाज की फिल्म रोमियो में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। वहीं एक्शन स्टार जॉन अब्राहम के साथ भी उनका एक प्रोजेक्ट पाइपलाइन में है। सबसे चर्चित फिल्म उनकी वीवन है जिसमें वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले ही तय हो चुकी है और यह 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




# मेरी हर फिल्म ने मुझे एक अलग अनुभव दिया

अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने अपने फिल्मी करियर में कई तरह की फिल्मों में काम किया है, जिनमें से कुछ ने दर्शकों का दिल जीता, तो कुछ बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाईं। लेकिन, तनीषा का मानना है कि उनकी हर फिल्म ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। अपनी फिल्मी यात्रा के बारे में बात करते हुए तनीषा ने कहा, मैंने जितनी भी फिल्में की हैं, हर एक ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। चाहे वो भावनाओं से भरी फिल्म टैंगो चार्ली हो, मस्ती भरी फिल्में पॉपकॉर्न या नील एन निक्की या फिर कॉमेडी जैसी 123, हर फिल्म का अनुभव अलग रहा। सरकार जैसी फिल्म मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था, जहां मैंने राजनीति पर बनी कहानी में शानदार कलाकारों के साथ काम किया। अभिनेत्री के करियर की तो उन्होंने फिल्म टैंगो चार्ली में बॉबी देओल के अपोजिट लच्छी का किरदार निभाया था, जो एक साधारण और गहरी भावनाओं वाली भूमिका थी। यह फिल्म जंग और फर्ज की सच्चाइयों पर आधारित थी। पॉपकॉर्न... में तनीषा ने एक कॉलेज थीम वाली फिल्म में युवा जोश को जीवंत किया था। प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस द्वारा निर्मित इस फिल्म में उनका चुलबुला अंदाज और बेफिक्र किरदार दर्शकों को खूब भाया। यह फिल्म आज भी युवा ऊर्जा और कॉलेज जीवन की मस्ती को दर्शाती है। नील एन निक्की में तनीषा ने आधुनिक रोमांस की दुनिया में कदम रखा था। यह फिल्म यात्रा, संगीत और युवा आकर्षण से भरी थी। तनीषा ने अपने किरदार को रंगीन और जीवंत अंदाज में पेश किया, जो आज भी समकालीन रोमांस का प्रतीक है। वहीं, सरकार में तनीषा ने अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म में उन्होंने अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के साथ स्क्रीन साझा की। जटिल कहानी और गहरे किरदारों के बीच उनका अभिनय उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है, जो आज भी प्रशंसनीय है।



# 30 साल बाद रजनीकांत के साथ काम करेंगे मिथुन

वेटरन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। बातचीत के दौरान मिथुन चक्रवर्ती ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए बताया है कि वो रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं। रजनीकांत के साथ अपनी दोस्ती और बॉन्डिंग को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी और रजनी की दोस्ती बहुत पुरानी है। हम अलग-अलग



भाषाओं और इंडस्ट्री से आते हैं, लेकिन दिल से हमेशा जुड़े रहे। हाल ही में हम एक कार्यक्रम में मिले। रजनी ने मजाक में कहा कि अब हमें साथ कुछ करना चाहिए। मैंने उसी वक्त हां कह दिया। यह सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि दो दोस्तों का मिलन है।रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती लगभग 30 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों इससे पहले आखिरी बार साल 1995 में आई बंगाली भाषा की फिल्म 'भाग्य देवता' में नजर आए थे। इस फिल्म में रजनीकांत का स्पेशल अपीयरेंस था और यह उनकी एकमात्र बंगाली फिल्म भी है।



# वरुण-जान्हवी की फिल्म की शूटिंग हुई खत्म

वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ स्टारर फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग आखिरकार पूरी हो चुकी है। फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जो पहले भी वरुण धवन के साथ हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी सफल फिल्में बना चुके हैं।

## रैप-अप फोटो से हुआ ऐलान

फिल्म के सेट से शूटिंग खत्म होने की घोषणा बड़े ही खास अंदाज में की गई। पूरी स्टारकास्ट ने एक साथ टीम फोटो क्लिक करवाई, जिसमें सभी कलाकार खास टी-शर्ट पहने दिखाई दिए। इस फोटो को रोहित सराफ ने सोशल मीडिया पर साझा किया और लिखा कि इस फिल्म को बनाते समय पूरी टीम ने बहुत मस्ती की और दर्शकों को भी यह फिल्म खूब पसंद आएगी। वरुण धवन ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पर्दे के पीछे की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें करण जौहर और डायरेक्टर शशांक खेतान भी नजर आए। वरुण ने कैप्शन में लिखा कि ये फिल्म पूरी हो चुकी है और वह एक बार फिर शशांक खेतान के निर्देशन में दर्शकों से मिलने आ रहे हैं। उन्होंने रिलीज डेट का भी जिक्र किया और बताया कि फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## जान्हवी और सान्या संग वरुण की नई केमिस्ट्री

फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शकों के बीच इसकी काफी चर्चा रही है। वरुण और जान्हवी इससे पहले भी साथ नजर आ चुके हैं, लेकिन इस बार उनकी जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी में नए अंदाज में दिखाई देगी। वहीं, सान्या मल्होत्रा की मौजूदगी फिल्म में ताजगी लाने वाली है। रोहित सराफ, मनीष पॉल और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### बॉक्स ऑफिस पर होगा टकराव

दिलचस्प बात यह है कि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की रिलीज डेट पहले से ही चर्चा में है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी और इसी दिन कांतारा- चैप्टर 1 भी सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। दोनों फिल्मों की भिड़ंत से बॉक्स ऑफिस पर जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा। निर्देशक शशांक खेतान और वरुण धवन की जोड़ी पहले भी दर्शकों को एंटरटेन कर चुकी है। हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई थीं। ऐसे में दर्शकों को इस तीसरे प्रोजेक्ट से भी बड़ी उम्मीदें हैं।



# अल्लू की AA22XA6 में राम्या कृष्णन की एंट्री
# पहली बार साथ में करेंगे काम

**बाहुबली में राजमाता शिवगामी का दमदार किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं दिग्गज अभिनेत्री राम्या कृष्णन अब अल्लू अर्जुन की अगली धमाकेदार फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में उनका रोल काफी अहम बताया जा रहा है। राम्या की कास्टिंग से इस फिल्म की स्टार कास्ट और भी ज्यादा दमदार हो गई है, जिसमें पहले से ही दीपिका पादुकोण, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना और जाह्नवी कपूर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। यह पहला मौका होगा जब राम्या, अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर एटली तीनों के साथ काम करेंगे। सूत्रों के अनुसार, वो जल्द ही फिल्म के आने वाले शूटिंग शेड्यूल में शामिल होंगी।**

## फिल्म की कहानी एक पैरेलल यूनिवर्स में सेट है

AA22XA6 को एक हाई-कॉन्सेप्ट एक्शन फिल्म के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसकी कहानी एक पैरेलल यूनिवर्स में सेट है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और इसे हॉलीवुड स्तर का बनाने की कोशिश की जा रही है। फिल्म की शूटिंग जून में मुंबई में शुरू हो गई थी, जहां अल्लू और मृणाल कुछ एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म का बजट बहुत बड़ा है और इसे 2026 के अंत तक दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज करने की प्लानिंग है।

### लॉस एंजिल्स की टॉप VFX कंपनियां संभाल रहीं काम

फिल्म के एक्शन को और भी शानदार बनाने के लिए, एटली ने हॉलीवुड के जाने-माने स्टंट कोरियोग्राफर्स को भी टीम में शामिल किया है, जिसमें फास्ट एंड फ्यूरियस और कैप्टन अमेरिका सिविल वॉर जैसी फिल्मों के लिए काम कर चुके स्पिरो रजातोस भी शामिल हैं। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स का काम लॉस एंजिल्स की टॉप VFX कंपनियां संभाल रही हैं, ताकि दर्शकों को एक शानदार विजुअल अनुभव मिल सके। म्यूजिक की बात करें तो, इस बार एटली ने अपने पुराने और भरोसेमंद साथी अनिरुद्ध रविचंदर के बजाय पिछले साल के वायरल हिट कैची सेरा के म्यूजिशियन साई अभ्यंकर पर भरोसा जताया है। वहीं अल्लू की आने वाली अन्य फिल्मों में पुष्पा 3 भी है। अल्लू इस समय अपनी कई बड़ी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं। AA22XA6 के अलावा, उनकी और भी कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुष्पा 3- द रैम्पेज 2026 में रिलीज हो सकती है। पुष्पा 3 में अल्लू एक बार फिर पुष्पा राज के किरदार में नजर आएंगे।





# क्या आप तैयार हैं फर्स्ट इंप्रेशन के लिए?

आज के समय में सिर्फ कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर लेना ही काफी नहीं है। जॉब पाने के लिए प्रोफेशनल एटिकेट्स की समझ–बूझ होना भी बहुत जरूरी है। इसी से आपकी एक इमेज भी बनती है। जब आप इंटरव्यूअर के साथ बैठते हैं, तो फर्स्ट इंप्रेशन बनने में महज कुछ सेकंड का समय ही लगता है। इतने ही वक्त में आपके बारे में एक राय बन जाती है। भले ही इस दौरान आप एक भी शब्द न बोलें, लेकिन इंटरव्यूअर आपकी ड्रेसिंग, ग्रूमिंग, चेहरे के भाव और बॉडी लैंग्वेज को देखकर बहुत कुछ समझ जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि आप अच्छा इंप्रेशन बनाने को लेकर चौकस रहें।

## 'हाथ' देता है संदेश

एक–दूसरे से हाथ मिलाने के स्टाइल से भी आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को आंका जा सकता है। इसलिए हैंडशेक को कतई हल्के में न लें। किसी व्यक्ति से मुलाकात के दौरान चेहरे पर मुस्कान रखना और आंख मिलाकर बात करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है मजबूती और गर्मजोशी से हाथ मिलाना। इतना ही नहीं, हाथ मिलाते समय आप सामने वाले को उत्साही भी दिखें। यह हैंडशेक सही ढंग से होना चाहिए, यानी न तो सामने वाले का हाथ बहुत ज्यादा कसकर पकड़ना चाहिए और न ही इसे ढीला छोड़ना चाहिए। आम तौर पर हैंडशेक के दौरान हाथ को दो–तीन बार हिलाना सही माना जाता है।

## ड्रेसिंग–ग्रूमिंग पर ध्यान

प्रोफेशनल ड्रेसिंग और सोशल ड्रेसिंग मौके के हिसाब से उपयुक्त होना चाहिए। अगर आप पहली बार जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो आपको यह फर्क समझना होगा। इंटरव्यू के लिए जाने हेतु पुरुषों के लिए डार्क कलर का ट्राउजर और लाइट कलर की फॉर्मल शर्ट ही श्रेष्ठ होती है। हल्की–फुल्की धारीदार शर्ट भी पहन सकते हैं। ऐसे मौके पर पैटर्न या डिजाइन वाले कपड़े पहनने से बचें। महिलाएं स्ट्रेट–कट कुर्ता पहन सकती हैं। चाहें, तो साड़ी भी पहन सकती हैं। मगर ध्यान रहे, इसमें ज्यादा तड़क–भड़क न हो। अगर वेस्टर्न ड्रेस पहनना चाहें, तो स्ट्रेट–कट, वेल फिटिंग ट्राउजर पहन सकती हैं। ऐसे मौकों पर एक्सेसरी व मेकअप के मामले में जितना सिंपल रहें, उतना बेहतर होता है।

## रेज्यूमे में कॉपी–पेस्ट नहीं!

रेज्यूमे आपकी प्रोफेशनल लाइफ का आईना होता है। इसलिए इसको लेकर हमेशा गंभीरता बरतें। कई युवा अपना रेज्यूमे बनाते समय किसी दोस्त के रेज्यूमे को लगभग जस–का–तस कॉपी–पेस्ट कर देते हैं। यह बिल्कुल गलत है। कारण यह कि हर व्यक्ति की शख्सियत और खासियत अलग होती है और इसी प्रकार हर जॉब के लिए अलग तरह के रेज्यूमे की जरूरत होती है। अगर कोई हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम कर रहा है, तो उसके रेज्यूमे को कॉपी–पेस्ट करके आप आईटी सेक्टर में जॉब के लिए आवेदन नहीं कर सकते। रेज्यूमे में आपकी अपनी शख्सियत झलकनी चाहिए। इसमें आपके अनुभव, काम, हॉबी, कॉलेज के प्रोजेक्ट्स आदि का उल्लेख हो। कोशिश करें कि इसमें स्पेलिंग या ग्रामर की गलतियां बिल्कुल न हों। ऐसी गलतियों से आपके बारे में नकारात्मक इंप्रेशन बनता है। रेज्यूमे बनाने के बाद इसे किसी सीनियर या जानकार को एक बार जरूर दिखा दें ताकि उसमें कोई कमी रह जाने पर उसे दूर किया जा सके।


## जॉब पाने के बाद

अगर आपको जॉब मिल जाती है, तो वर्कप्लेस पर विनम्र और मिलनसार बने रहना कई मायनों में फायदेमंद होता है। शुरूआती दिनों में कोई शिकायत या दूसरों की आलोचना करने से बचें। अपना ध्यान सिर्फ काम पर लगाएं। जो जिम्मेदारी आपको दी गई है, उसे बेहतर तरीके से निभाने की कोशिश करें। काम के प्रति प्रो–एक्टिव रवैया दिखाकर आप बॉस की नजर में अच्छा इंप्रेशन बना सकते हैं। सोशल मीडिया पर आजकल लगभग सभी सक्रिय हैं। मगर ध्यान रहे, अपनी ऑनलाइन इमेज साफ–सुथरी रखना जरूरी है क्योंकि आपके बारे में इंप्रेशन बनाने में इसका भी योगदान होता है।



# बाजार के बदलते मिजाज पर रखिए नजर

**कंपनियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते मार्केट रिसर्च बड़े उद्योग के रूप में उभर रहा है। यहां आपके लिए जॉब के कई अवसर है।**



बाजार में किसी भी उत्पाद की लॉन्चिंग से पहले कंपनियों के जेहन में एक बात जरूर होती है कि लोगों को उनका उत्पाद पसंद आएगा या नहीं। लोग क्या पसंद करते हैं? उत्पाद की बिक्री कैसी रहेगी.? इन सवालों के जवाब पाने के लिए कंपनियां बाकायदा मार्केट रिसर्च कराती हैं। फिर मार्केटिंग की रणनीति बनाती हैं। ऐसा कमोबेश सभी कंपनियां करती हैं। यही वजह है कि बीते कुछ वर्षों में मार्केट रिसर्च की अहमियत बढ़ी है क्योंकि बाजार का मिजाज रोज बदल रहा है। किसी भी उत्पाद की लॉन्चिंग में कंपनियों के करोड़ों रुपए दांव पर लगे होते हैं। इसलिए कंपनियां कोई रिस्क नहीं लेना चाहतीं। किसी प्रोडक्ट या सर्विस की लॉन्चिंग/ रीलॉन्चिंग से पहले वे मार्केट सर्वे का सहारा जरूरी लेती हैं। मार्केट रिसर्च सोसायटी ऑफ इंडिया की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में रिसर्च इंडस्ट्री की वर्तमान विकास दर करीब 10 प्रतिशत है। इसमें आगे और विस्तार की उम्मीद बनी हुई है क्योंकि देश में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस लगातार बढ़ रहा है।

सर्वे का बढ़ता स्कोप मार्केट रिसर्च कंपनियों की सेवाएं निजी कंपनियों के साथ अब राजनीतिक दल भी खूब लेने लगे हैं। आम तौर पर सभी राजनीतिक पार्टियां टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी व्यूह रचना और घोषणापत्र तक मार्केट रिसर्च के आधार पर ही तैयार करती हैं। चुनाव पूर्व सर्वे के जरिये जनता का मूड जानने की कोशिश भी की जाती है। टीवी चैनल्स और अखबारों में छपने वाले ओपिनियन पोल और एक्जिट पोल की लोकप्रियता से तो सभी वाकिफ हैं।

## कैसे होती है मार्केट रिसर्च?

मार्केट रिसर्चर या एनालिस्ट का कार्य मुख्य रूप से सर्वे और रिसर्च से जुड़ा है। अपने तरीकों से ये प्रोफेशनल बाजार का मूड टटोलने की कोशिश करते हैं। दरअसल, यह भी एक मार्केटिंग रणनीति है। उत्पाद की लॉन्चिंग से पहले सर्वे कराने से यह पता चलता है कि प्रतिस्पर्धा में कौन–कौन–से उत्पाद हैं, उनकी कीमत क्या है, बिक्री क्या है? कंपनी की मार्केटिंग रणनीति क्या है? बाजार में नए उत्पान की बिक्री का स्कोप क्या है? साथ ही, कंपनियां यह भी जानना चाहती हैं कि लोग क्या पसंद करते हैं, उन्हें क्या नया पसंद आएगा आदि। इन सभी सवालों का फीडबैक जुटाने के लिए मार्केट रिसर्चर एक क्वैश्चनेयर नुमा फॉर्म तैयार करते हैं। फिर कंज्यूमर सर्वे कराते हैं। ये सर्वे कई तरह से किए जाते हैं, जैसे टेलिफोन या इंटरनेट के जरिये या फिर ग्राउंड सर्वे। बाद में रिसर्च कंपनियां क्लाइंट कंपनी के लिए एक रिपोर्ट या प्रेजेंटेशन तैयार करती हैं। मार्केट रिसर्चर के इन्हीं सुझावों के आधार पर आखिरकार कंपनियां अपने उत्पाद या सेवा की लॉन्चिंग करती हैं।

## पर्सनल स्किल

मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में काम करने के लिए आपको डाटा एनालिसिस का ज्ञान रखना बहुत जरूरी है। आपकी कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छी होनी चाहिए। इंग्लिश पर अच्छी पकड़ भी होना जरूरी है। बेहतर सेल्समैनशिप और क्रिएटिव क्वॉलिटी भी रखनी होगी। साथ ही, अगर आप टीमवर्क की भावना और काम के प्रति लगन रखते हैं, तो बेझिझक मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

## जॉब प्रोफाइल

मार्केट रिसर्च का कार्य मुख्य तौर पर दो हिस्सों में बंटा है : फील्ड वर्क और रिसर्च वर्क। इसलिए यहां अलग अलग पृष्ठभूमि के लोगों के लिए जॉब के अवसर भी खूब हैं। रिसर्च एजेंसीज में आप वाइस प्रेसिडेंट ऑफ मार्केटिंग रिसर्च, रिसर्च डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोजेक्ट मैनेजर, डाटा प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट, एनालिस्ट, फील्ड वर्क डायरेक्टर, फील्ड सुपरवाइजर आदि पदों पर जॉब पा सकते हैं।

## कहां हैं जॉब्स?

मौजूदा समय में कई देशी–विदेशी कंपनियां आपको इस फील्ड में जॉब दे सकती हैं। बड़ी कंपनियों में आपको विदेश में भी काम करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकारों के तमाम विभागों में भी मार्केट रिसर्चर की काफी मांग है। टेलीकॉम कंपनियों में भी जॉब की संभावनाएं हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और कंसल्टेंसी का विकल्प भी खुला है। अगर चाहें, तो एंटरप्रेन्योर बनकर खुद की रिसर्च एजेंसी भी खोल सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यताएं

मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में काम की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन है। अगर करियर बनाना चाहते हैं, तो बीबीए या मार्केटिंग में एमबीए करके यहां एंट्री लें। साइकोलॉजी, सोश्योलॉजी या एंथ्रोपोलॉजी में ग्रेजुएट भी यहां करियर बना सकते हैं। कम्प्यूटर साइंस में ग्रेजुएट के लिए भी यहां करियर स्कोप है। कई संस्थान मार्केट रिसर्च के लिए डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर कर रहे हैं। वहीं, फील्ड वर्क के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है।

## सैलरी कितनी?

रिसर्च कंपनियों में हर तरह के प्रोफेशनल्स को काफी आकर्षक सैलरी मिलती है। रिसर्चर या एनालिस्ट लेवल पर शुरूआत में ही 30 से 40 हजार रुपए महीना आसानी से मिल जाते हैं। अनुभव बढ़ने पर यह सैलरी 70 हजार से 1 लाख रुपए के आसपास भी पहुंच सकती है। फील्ड वर्क से जुड़े लोग भी शुरूआत में 10 से 15 हजार रुपए महीना कमा सकते हैं।




# ऑनलाइन एग्जाम से डरें नहीं, अपनाएं ये टिप्स



**बैंकों में नियुक्ति के लिए परीक्षाएं कराने वाली प्रमुख एजेंसियां, जैसे आईबीपीएस, एसबीआई और आरबीआई भी कम्प्यूटराइज्ड ऑनलाइन फॉर्मेट में परीक्षा लेना या तो शुरू कर चुकी हैं या ऐसा करने की तैयारी में हैं। ऑनलाइन फॉर्मेट अपनाने पर परीक्षार्थियों और अकादमिक विशेषज्ञों दोनों की ओर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं। इस बात में कोई शक नहीं कि कम्प्यूराइज्ड एग्जाम के कई फायदे हैं मगर कई लोगों ने इस आधार पर इसका विरोध भी किया है कि इससे कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी तक पहुंच और उसमें सिद्धहस्तता के आधार पर विभिन्न परीक्षार्थियों में भेद किया जाता है।**

जो युवा इस टेक्नोलॉजी से कम परिचित हैं, वे अन्य मामलों में योग्य होने हुए भी पिछड़ सकते हैं। कई ऐसे युवा भी हो सकते हैं, जो यूं तो कम्प्यूटर का प्रयोग खूब करते हैं लेकिन परीक्षा ऑनलाइन देने के नाम पर असहज हो जाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जो ऑनलाइन बैंकिंग एग्जाम को लेकर चिंतित हैं, तो हम आपके लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिनसे आपको निश्चित ही लाभ होगा। ऑनलाइन परीक्षा की तकनीक पर चर्चा करने से पहले यह जानना भी जरूरी है कि आखिर क्यों बैंकिंग परीक्षाओं को ऑनलाइन करने का फैसला किया गया।

### ऑनलाइन का है भविष्य

जो भी हो, ऑनलाइन परीक्षाओं के लाभ इसकी हानियों से ज्यादा हैं और भविष्य तो कम्प्यूटराइज्ड परीक्षाओं का ही है। आगे चलकर तमाम परीक्षाएं इसी फॉर्मेट में होने वाली हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। अभी तक पेपर–पेन वाली परीक्षाएं देते आए परीक्षार्थियों को शुरू–शुरू में ऑनलाइन परीक्षा थोड़ी असहज लग सकती है लेकिन यह कोई हिमालय लांघने जैसा काम भी नहीं है। वैसे भी, सभी बैंकिंग प्रोफेशनल्स से यह अपेक्षा तो की ही जाती है कि उन्हें कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान हो। तो फिर परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ही देने में हिचक कैसी?

### परीक्षा के माहौल से परिचित हों

कम्प्यूटराइज्ड बैंक परीक्षाओं की आलोचना का एक आधार यह रहा है कि परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर देने में सहज नहीं हो पाते और समय पर पेपर पूरा नहीं कर पाते। इस समस्या का समाधान खुद परीक्षार्थी के पास ही है। जो युवा बैंकिंग एग्जाम देने का इरादा रखते हैं, वे परीक्षा के इस नए माहौल से खुद को अभ्यस्त करना शुरू कर दें। इससे आप एग्जाम फॉर्मेट, स्टाइल और प्रश्नों की शैली से परिचित हो जाएंगे।

### टेक्नोलॉजी का लाभ उठाएं

टेक्नोलॉजी हमेशा से भविष्य का रास्ता बताती आई है। ऑनलाइन बैंक पीओ एग्जाम भी इससे अलग नहीं है। टेक्नोलॉजी से समय और मेहनत की बचत होती है, यह तो सब जानते हैं। सो आप भी इस बात पर फोकस करें कि आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कैसे कर सकते हैं और कैसे कम समय व कम मेहनत के साथ पेपर हल कर सकते हैं।

### अपनी ताकत और कमजोरी पहचानें

एक बार आप ऑनलाइन परीक्षा की टेक्नोलॉजी और फॉर्मेट से परिचित हो जाएं, तो आप अपनी ताकत और कमजोरी को पहचान सकते हैं। फिर आप अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मसलन, हो सकता है कि आप कम्प्यूटर पर मैथ्स के प्रश्न तो आसानी से हल कर लें लेकिन स्क्रीन पर इंग्लिश लैंग्वेज के प्रश्न पढ़ने और उनके उत्तर देने में आपको दिक्कत हो रही हो। ऐसे में आप मैथ्स के मुकाबले इंग्लिश की तैयारी पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

### ऑनलाइन मॉक टेस्ट

कम्प्यूटराइज्ड आरबीआई बैंक एग्जाम्स के आने के बाद से कई कोचिंग सेंटर्स तथा टेस्ट प्रेप वेबसाइट्स ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराती हैं। ये मॉक टेस्ट बैंकिंग एग्जाम के सिलेबस, फॉर्मेट तथा प्रश्नों की शैली को अच्छी तरह समझने के बाद तैयार की जाती हैं। इसलिए इन्हें हल करने पर आप वास्तविक परीक्षा के अनुभव से अवगत हो सकते हैं। इससे नियत समय में पूरा पेपर हल करने में भी आपको मदद मिलेगी।

### शॉर्टकट और ट्रिक्स

बैंकिंग एग्जाम में बैठने वाले परीक्षार्थी मैथ्स और क्वॉन्टिटेटिव एबिलिटी के प्रश्न हल करने के लिए कई तरह के शॉर्टकट तथा ट्रिक्स का इस्तेमाल करते आए हैं। ऑनलाइन कम्प्यूटराइज्ड टेस्ट में भी आप ऐसा कर सकते हैं। सच तो यह है कि ऑनलाइन टेस्ट दे चुके कई परीक्षार्थियों का कहना है कि उन्हें इस फॉर्मेट में पहले से कहीं ज्यादा शॉर्टकट और ट्रिक्स हाथ लगी हैं! आप भी इन शॉर्टकट्स और ट्रिक्स को जानें और इन्हें आजमाएं।